डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
12.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 04
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-58 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

यदि हम अपनी ताकत को किसी दूसरे की भलाई के लिए प्रयोग नहीं कर सकते तो एक दिन हमारी यह ताकत हमारे लिये एक बड़ा पहाड़ बन सकती है।

## झारखंड के सरकारी स्कूलों का आज से होगा निरीक्षण, जिलावार दल गठित

**इस बिंदुओं पर होगी समीक्षा**

- आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास की स्थिति
- चयनित विद्यालयों में वोकेशनल लैब और पाठ्यचर्या की स्थिति
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के संचालन की स्थिति
- कक्षा 1 से 8 के पोशाक वितरण की स्थिति
- विद्यालय विकास अनुदान के व्यय की स्थिति
- मध्याह्न भोजन योजना की स्थिति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण 12 दिसंबर से होगा। इसके लिए जिलावार दलों का गठन कर दिया गया है। उन्हें समीक्षा के बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने आदेश जारी कर दिया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों एवं मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किया जा रहा है। ये दोनों योजनाएं केंद्र प्रयोजित है। जिनकी सतत निरीक्षण व पर्यवेक्षण किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए पदाधिकारी व कर्मियों का दल गठित किया गया है। दल के सामने अंकित जिला का भ्रमण दिसंबर, 22 में किये जाने के लिए आवंटित किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि संबंधित पदाधिकारी व कर्मी जिला भ्रमण के क्रम में आवंटित जिला के यथासंभव विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण, अनुश्रवण व समीक्षा करेंगे। निरीक्षण, अनुश्रवण व समीक्षा कार्य 12 दिसंबर से 20 दिसंबर, 2022 के बीच किया जाना है। भ्रमण की समीक्षा 22 दिसंबर, 2022 को की जायेगी।

किसी भी जिले में कम से कम दो दिनों का भ्रमण किया जायेगा। भ्रमण के लिए शुक्रवार एवं शनिवार को प्राथमिकता दी जा सकती है। प्रत्येक दल द्वारा प्रतिमाह दो जिलों का भ्रमण किया जाना है। भ्रमण के बाद दल द्वारा विस्तृत अनुश्रवण व निरीक्षण प्रतिवेदन फाईल के माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् के निदेशक के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

## विश्व कप हॉकी ट्रॉफी का मुख्यमंत्री ने रांची में किया अनावरण, दीं शुभकामनाएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भुवनेश्वर-राउरकेला (ओड़िशा) में 13 जनवरी 2023 से शुरू हो रहे पुरुष विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता की ट्रॉफी का रविवार को रांची में अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने भारत में पुरुष विश्वकप हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस ट्रॉफी को देश के कई राज्यों के कई शहरों में ले जाया जा रहा है। जहां खेल प्रेमी और आम जनता इसका अवलोकन कर रहे हैं। हॉकी इंडिया की इस पहल से विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के प्रति एक माहौल तैयार होगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक वैद्यनाथ राम, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी चयन समिति की सदस्य अंसुता लकड़ा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, महिला हॉकी खिलाड़ी अश्रिता लकड़ा, हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह और रणधीर कुमार, उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह और रांची के जिला खेल पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सचिंद्र मुंडा उर्फ मरांडी और अरशद अंसारी शामिल है। दोनों अपराधी धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो के रहनेवाले हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 12 बोर की देसी बंदूक बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो ढेला बगीचा इलाके में बाइक सवार दो अपराधी हथियार लेकर लूटपाट के मकसद से घूम रहे हैं। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बीते शनिवार को ढेला बगीचा में छापेमारी की, लेकिन अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे। दल में शामिल जवानों ने घेराबंदी कर दोनों अपराधियों को धर-दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियार बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने हथियार सप्लायरों की भी पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से हथियारों की तस्वीर भी मिली है। पुलिस उन हथियारों की जानकारी हासिल कर रही है।

### राजधानी की जगह चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

– आरएनएम

**वाराणसी।** देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में केवल चेयर कार वाले कोच हैं, इसलिए अभी बैठ कर यात्रा होती है। लेकिन एक वर्ष बाद इसमें स्लीपर वाले कोच भी लगेंगे और यह लंबी दूरी तक रात-दिन चलेगी। जिसमें लोग सोते हुए भी सफर कर सकेंगे। सभी राजधानी ट्रेन की जगह इसे चलाने की योजना है। राजधानी ट्रेन का नाम इतिहास हो सकता है। फिलहाल अभी वंदे भारत ट्रेन जिन स्टेशनों से चलती हैं, रात में उन्हीं स्टेशनों में वापस आ जाती है। जिसमें लोग सोते हुए भी सफर कर सकेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 400 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रेलवे प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। रेल मंत्री ने यह भी कहा कि काशी से तमिलनाडु के बीच काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना चलेगी। इसका संचालन जल्द ही होगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी में काशी-तमिल संगमम का आयोजन अद्भुत है। सांस्कृतिक विरासतें आपस में जुड़ रही हैं। काशी-तमिल की पुरानी परंपराएं सुदृढ़ रूप से उभर रही हैं।

### नारकोटिक्स के लिए हर जिले में खुलेगा अलग मालखाना

**रांची।** झारखंड के प्रत्येक जिले में नारकोटिक्स से जुड़े केस की जब्ती के सामान को रखने के लिए अलग से मालखाना बनेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनसीबी के अधिकारियों के साथ राज्य पुलिस के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई थी। इसके बाद राज्य पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि नशे से जुड़े कारोबार व उन मामलों में जब्त सामानों को रखने के लिए अलग से मालखाना बनाया जाये। इसके बाद राज्य सीआईडी ने इस संबंध में सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया है कि वह नारकोटिक्स से जुड़े कांडों के प्रदर्शनों को रखने के लिए एक मालखाना बनायें। जिल में जिस किसी भी थाने में नशे का सामान जब्त हो, उसे इसी मालखाने में रखा जाये।

### गुजरात शपथ ग्रहण में शामिल होंगे भाजपा के सभी पूर्व मुख्यमंत्री

**रांची।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के शपथ ग्रहण में झारखंड भाजपा से जुड़े रहे सभी पूर्व मुख्यमंत्री शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जहां पहले ही केंद्रीय पर्यवेक्षक बन कर अहमदाबाद गये थे, वहीं शपथ ग्रहण में भी वह शामिल होंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भी अहमदाबाद में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

## पलामू में अनियंत्रित कार पोल से टकरायी, मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रांची रोड दीनानाथ तिवारी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे बिजली के खंभे को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान कार में दो लोग सवार थे और लातेहार जिले के महुआडांड से सगालीम लौट रहे थे। मृतक की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के सगालीम के रहने वाले अशोक राम उर्फ गोलू 35 वर्षीय के रूप में हुई है। जबकि कार निवासी अजय कुमार गंभीर रूप से जख्मी है। अजय का इलाज एमआरएमसीएच में चल रहा है। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। कार की गति काफी तेज थी। जैसे ही कार पेट्रोल पंप के पास पहुंची की अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से खंभे पर लगा ट्रांसफार्मर सहित अन्य संयंत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। साथ ही कार के परखच्चे उड़ गये। सूचना मिलने के बाद पीओपी 2 के प्रभारी रूद्रानंद सरस मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों युवकों को बाहर निकाला। दोनों खून से लथपथ थे। जांच करने पर अशोक राम को मृत पाया गया। जबकि अजय कि सांस चलने के कारण उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया।

## देश को 'शॉर्टकट' नहीं, स्थायी विकास की जरूरत : पीएम मोदी

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में 75 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति करनेवाले विपक्षी दलों और नेताओं पर नाम लिए बिना निशाना साधा। पीएम ने उन्हें देश की अर्थव्यवस्था तबाह करनेवाला बताया। पीएम ने कहा कि

### झूठे वादे करनेवालों से रहें सावधान

मैं महाराष्ट्र और देश के लोगों को भारत की राजनीति में आ रही एक विकृति से सावधान भी करना चाहता हूं। ये विकृति शॉर्टकट की राजनीति है। ये विकृति राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश का पैसा लुटा देने की है। ये विकृति है करदाताओं की कमाई को लुटा देने की। शॉर्टकट अपनाने वाले ये राजनीतिक दल, ये राजनीतिक नेता देश के हर करदाता के सबसे बड़े दुश्मन हैं। जिनका मकसद सिर्फ सत्ता में आना होता है। जिनका लक्ष्य झूठे वादे कर सिर्फ सरकार हड़पना होता है वो कभी देश नहीं बना सकते। आज एक ऐसे समय में जब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्यों पर काम कर रहा है, तो कुछ राजनीतिक दल अपने निजी स्वार्थ में भारत की अर्थव्यवस्था का तबाह कर देना चाहते हैं।



**स्थायी विकास के मूल में इन्फ्रास्ट्रक्चर :** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सबको याद होगा जब पहली औद्योगिक क्रांति आयी हिन्दुस्तान उसका लाभ नहीं उठा पाया। दूसरी और तीसरी औद्योगिक क्रांति में भी हम पीछे रहे। आज जब चौथी औद्योगिक क्रांति का समय है तो भारत इसे गंवा नहीं सकता। मैं फिर कहूंगा। ऐसा अवसर किसी देश के पास बार-बार नहीं आता। शॉर्टकट से कोई देश चल नहीं सकता। देश की प्रगति के लिए स्थायी विकास, स्थायी समाधान के लिए काम करना, एक लॉन्ग टर्म विजन बहुत ही जरूरी है। स्थायी विकास के मूल में इन्फ्रास्ट्रक्चर होता है। एक समय दक्षिण कोरिया भी गरीब देश था, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से उस देश ने अपना भाग्य बदल दिया। आज खाड़ी के देश इतना आगे इसलिए हैं, क्योंकि उन्होंने भी बीते तीन-चार दशकों में अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और आधुनिक किया है। पीएम ने कहा कि आज हिन्दुस्तान के लोगों को सिंगापुर जाने का मन करता है। कुछ दशक पहले तक सिंगापुर भी एक सामान्य द्वीप देश था। मछली उद्योग से कुछ लोग रोजी-रोटी कमा लेते थे। सिंगापुर ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निवेश किया, सही आर्थिक नीतियों पर काम किया, आज वो दुनिया की अर्थव्यवस्था का इतना बड़ा केंद्र बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर इन देशों में भी शॉर्टकट की राजनीति हुई होती, टैक्सपेयर का पैसा लुटाया गया होता तो ये देश कभी उस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपया, देश को भीतर से खोखला कर देगी यह कुनीति

पीएम ने कहा कि मैं भारत के हर युवा से आग्रह करूंगा, हर टैक्सपेयर से आग्रह करूंगा, ऐसे स्वार्थी राजनीतिक दलों और नेताओं को एक्सपोज करें। आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपया, ये वाली कुनीति लेकर जो राजनीतिक दल चल रहे हैं वे इस देश को भीतर से खोखला कर देंगे। दुनिया के कई देशों में हमने आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपया ऐसी कुनीति की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जंगली जानवर के हमले में 10 वर्षीया बच्ची की मौत

### बाघ या तेंदुआ इसे लेकर भ्रम की स्थिति, ग्रामीणों में आक्रोश

**मेदिनीनगर।** लातेहार थाना क्षेत्र के छिपादोहर निवासी विष्णु सिंह की पुत्री किरण कुमारी पर शनिवार की शाम बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के मृतक बच्ची के परिजन विष्ण सिंह ने बताया कि शाम किरण कुमारी गांव में पास के दुकान में पढ़ाई करने के लिए कॉपी पेन्सिल खरीदने गई थी। उधर से लौटने के क्रम में बाघ ने बच्ची पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह बाघ को जंगल में खदेड़ा और बच्ची को इलाज के लिए गांव के ही एक डॉक्टर के पास ले कर गए। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां



चिकित्सकों द्वारा देर रात इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गयी। विष्णु सिंह ने बताया कि वन विभाग के अधिकारी भी उसके पास फोन किए थे। सदर अस्पताल पहुंचने की बात की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पीटीआर प्रबंधन ने बाघ की खोजबीन शुरू की

घटना के बाद पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने इलाके में बाघ की खोजबीन शुरू कर दी है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन इलाके में बाघ के पगमार्क और उसकी स्कैट की तलाश कर रहा है। पीटीआर निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पीड़ित परिवार को फिलहाल अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पीड़ित परिवार को चार लाख का मुआवजा भी दिया जाएगा। ग्रामीण कभी- कभी तेंदुआ को भी बाघ समझ लेते हैं। पीटीआर मामले की जांच कर रही है ग्रामीणों का अंदेशा है कि बाघ ने हमला किया है। प्रबंधन इलाके में पेट्रोलिंग कर रही है और सैंपल ले रही है।

## 18 साल से कम उम्र में सेक्स पर सीजेआई ने परिवार और विधायिका को लपेटा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बच्चों का यौन शोषण एक छिपी हुई समस्या है, क्योंकि यहां चुप्पी की संस्कृति है, इसलिए सरकार द्वारा परिवारों को दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, भले ही अपराधी परिवार का सदस्य ही क्यों न हो। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस तरह से कार्य करती है, जिससे कभी-कभी पीड़ितों का आघात बढ़ जाता है, इसलिए कार्यपालिका को ऐसा होने से रोकने के लिए न्यायपालिका से हाथ मिलाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि बाल यौन शोषण के लंबित मामलों के मद्देनजर राज्य और अन्य हितधारकों के लिए बाल यौन शोषण की रोकथाम और इसकी समय पर पहचान तथा कानून में उपलब्ध उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करना अनिवार्य बनाते हैं। बच्चों को सेफ टच और अनसेफ टच के बीच का अंतर सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले इसे गुड टच और बैड टच माना जाता था। बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने माता-पिता से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित और असुरक्षित शब्द का उपयोग करें, क्योंकि अच्छे और बुरे शब्द का नैतिक प्रभाव पड़ता है और वे दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने से रोक सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इन सबसे ऊपर, यह सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है कि परिवार के तथाकथित सम्मान को बच्चे के सर्वोत्तम हित से ऊपर प्राथमिकता न दी जाये। उन्होंने कहा कि सरकार को परिवारों को दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, भले ही अपराधी परिवार का सदस्य ही क्यों न हो। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि जिस तरह से आपराधिक न्याय प्रणाली काम करती है, वह कभी-कभी पीड़ितों के आघात को बढ़ा देती है। इसलिए कार्यपालिका को न्यायपालिका से हाथ मिलाना चाहिए ताकि ऐसा होने से रोका जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने विधायिका से पॉक्सो कानून के तहत सेक्स के लिए सहमति की उम्र को लेकर बढ़ती चिंता पर भी विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि पॉक्सो कानून 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के बीच सभी यौन कृत्यों को आपराधिक बनाता है, भले ही नाबालिगों के बीच सहमति का तथ्य मौजूद हो, क्योंकि कानून की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुखविंदर सुक्खू बने हिमाचल के नये मुख्यमंत्री

### मुकेश अग्निहोत्री डिप्टी सीएम बने



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल के नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। उन्होंने रविवार को दोपहर पौने दो बजे शिमला के ऐतिहासिक रिज में शपथ ग्रहण की। उनके बाद मुकेश अग्निहोत्री ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। रविवार को किसी अन्य मंत्री को शपथ नहीं दिलायी गयी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल, प्रियंका गांधी, भूपेश बघेल, सचिन पायलट, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, राजीव शुक्ला, मुकुल वासनिक, प्रतिभा सिंह और अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहे। समारोह में सोनिया गांधी के भी आने की सूचना थी, मगर आखिरी समय में उनका प्रोग्राम कैंसल हो गया। केंद्रीय पर्यवेक्षकों-छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार शाम को विधायक दल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के लिए क्रमशः पार्टी की चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख रहे सुक्खू (58) और विपक्ष के नेता रहे अग्निहोत्री (60) के नामों की घोषणा की थी। बाद में नामित मुख्यमंत्री सुक्खू ने राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर हिमाचल प्रदेश में नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

## गाजर व चुकंदर की कांजी वजन घटाने में लाभदायक



– आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** कुछ लोग खाने-पीने के ज्यादा ही शौकीन होते हैं, लेकिन सेहत के प्रति उतने ही लापरवाह होते हैं। नतीजा यह होता है कि उनका वजन बढ़ता जाता है। इस बारे में उनकी मदद करने के लिए कई वैद्य कहते हैं कि ऐसे लोग चाहें तो गाजर का जूस आजमा कर देखें। यदि इसे पीने से ऐसे लोगों को कोई एलर्जी या परेशानी नहीं हो, तो इसका सेवन थोड़ा-थोड़ा शुरू करना चाहिए। क्योंकि वजन कम करने के लिए गाजर का रस बहुत ही लाभदायक है। इसके नियमित सेवन से आंख की रोशनी भी बढ़ती है। इसमें मौजूद फाइबर में भूख को नियंत्रित करने की क्षमता होती है। पाचन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### वजन घटानेवाला जूस कैसे बनायें

गाजर को बीच से काट कर उसका पीला भाग निकाल दें और बाकी गाजर को बारीक टुकड़ों में काट लें। एक चुकंदर को धोकर उसका छिलका उतारकर उसके लंबे और पतले टुकड़े काट लें। एक बड़े कांच के जार में तीन लीटर पानी लेकर उसमें गाजर के टुकड़े, चुकंदर, एक छोटी चम्मच नमक, एक छोटी चम्मच काला नमक, एक छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर और दो छोटी चम्मच बारीक पिसी हुई राई डालकर अच्छी तरह मिला लें। इस जार को पतले कपड़े से ढक दें और बारीक छेद वाला ढक्कन लगा दें। इस जूस को रोज चार से पांच दिन तक दिन में एक बार चम्मच से हिलायें। इस जार को आप दो से तीन दिन के लिए धूप में रख सकते हैं, जिससे कि यह अच्छे से मिक्स हो जाये। इस तरह सेहतमंद गाजर व चुकंदर का जूस तैयार हो गया।

## न्यूज गैलरी

### अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर लुटे 1,24,660 रुपये व मोबाइल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला-अलीनगर बड़हियाडीह मुख्य पथ के समीप हथियार बंद दो अपराधियों ने एक बाइक से पीछा कर कलेक्शन कर लौट रहे एक युवक से 1,24,660 रुपये व मोबाइल और बाइक की चाभी छींन कर फरार हो गये। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लकुराई दिंदरी निवासी कुलेश्वर कुमार रवि ने हुसैनाबाद थाना अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौआ चट्टान, गारे गोरेया, उर्द्ववार, जमुआ गांव से एकत्रित कि गई राशि लेकर अपने सहकर्मी पाटन थाना क्षेत्र के सखुई गांव निवासी रोहित कुमार सिंह के साथ लौट रहे थे। इसी क्रम में एक टीवीएस बाइक पर सवार दो लोगों ने पीछे से आकर बाइक को रोकवाया और मेरे सहयोगी के गर्दन पर पिस्टल सटाकर रुपये से भरा बैग, हमदोनों का मोबाइल व कंपनी के जरूरत कागजात और बाइक की चाभी छीन कर फरार हो गये। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### महिलाओं के आत्मनिर्भता के लिए कौशल विकास जरूरी : नगर अध्यक्ष

हुसैनाबाद। शहर के रुद्रा होटल परिसर में रविवार को वजीर एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे दिन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर वजीर एडवाइजर के केंद्र प्रबंधक बीरेंद्र कुमार ने बताया कि कौशल विकास योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवार के 18 से 30 वर्ष के युवतियों को तीन महीने की औद्योगिक सिलाई मशीन संचालक का ट्रेनिंग देकर उनको रोजगार से जोड़ना है। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि कौशल विकास योजना से जुड़कर क्षेत्र की महिलाये आत्मनिर्भर बनेगी। साथ ही उन्होंने महिलाओं को ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यसुद्दीन सिद्दीकी ने महिलाओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम के लिए संस्था के लोगों का सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने अपने क्षेत्र में इस योजना का बड़े स्तर पर कार्यक्रम करने का सलाह भी दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़कर इस योजना का लाभ उठा सके। मौके पर वार्ड पार्षद नजीर अहमद, राजेन्द्र पाल, प्रदीप पटेल, पंकज मेहता, आदिला रहमान समेत काफी संख्या में महिलाये उपस्थित थीं।

### विहिप व बजरंग दल का धर्मसभा आयोजित

मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने रविवार को मेदिनीगनर के धर्म सभा का आयोजन किया। साथ ही शौर्य पथ संचलन निकालकर मेदिनीगनर कोर सिटी के विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर हिन्दुत्व की रक्षा संबंधी संदेश दिया गया। मेदिनीनगर के संस्कृत महाविद्यालय परिसर में आयोजित धर्म सभा में बतौर मुख्य अतिथि विहिप के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, अरविंद पांडेय, पलामू विभागाध्यक्ष शिव प्रकाश गुप्ता ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। धर्म सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदुत्व के रक्षा के लिए सभी लोगों को संगठित होना आवश्यक हो गया है। हिंदूओ को तोड़ने के लिए तरह-तरह की साजिश रची जा रही है। पूर्व में भी विदेशी ताकतों ने धर्म एवं संस्कृति पर हमला करते हुए देश के विभिन्न मंदिर को तोड़ दिया था। आज हमारी एकजुटता का ही परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हो रहा है। बदलते समय के हिसाब से सभी सनातनी लोगों को भी एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। मौके मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शौर्य पथ संचलन संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर शहीद भगत सिंह चौक, सत्तार सेठ चौक, कन्नी राम चौक, आढ़त रोड, जय भवानी संघ मोड़, पंच मुहान, बंसी लोहा दुकान मोड़ होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंची एवं थाना रोड से शहीद भगत सिंह चौक होते हुए संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में पहुंचकर विसर्जित हुई। मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, नगर निगम पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, दुर्गा जोहरी, परशुराम सेना के नवीन तिवारी, व्यवसायी राम नरेश सोनी सहित काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए उपस्थित थे। सुरक्षा व्यवस्था में जुलूस के साथ एवं सभी चौक-चौराहे पर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहा।

### अमेरिकन एसोसिएशन ने खजुरी में लगाया मेडिकल कैंप

**छतरपुर।** पलामू जिले के खजूरी गांव के पंचायत सचिवालय में शनिवार को मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों का पैथोलॉजी जांच की गई। रांची से पहुंची टीम ने ग्रामीणों का ब्लड सैंपल लेकर रांची लौटी। खजूरी गांव के अमेरिकन चिकित्सक डॉ सत्येन्द्र सिंह ने अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडियन ओरजिन के बैनर तले खजुरी और लेवाड़ गांव को गोद लिया है। इस एसोसिएशन के गठन के लिए भी डॉक्टर सत्येंद्र सिंह ने पहल की है। पैथॉलोजिकल जांच के बाद अगले सप्ताह कैंप लगाकर संबंधित मरीजों का इलाज किया जाएगा। एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टर सतीश कतुला, एमडी डॉ रवि कोल्ली एवं एमडी डॉ अनुपमा गोटीमुकुल ने खजुरी पहुंचकर इलाज करेंगे। शनिवार को आयोजित कैंप में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, गुर्दे की समस्याएं, एनीमिया, मोटापा, ऑक्सीजन की कमी आदि से संबंधित पैथोलॉजिकल जांच की गई। मेडिकल कैंप में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने डॉक्टर सत्येन्द्र को इस कार्य के लिए आभार जताया और कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के पांचवें रिपोर्ट के अनुसार पलामू जिले में 6 से 59 माह के बच्चे लगभग 68 प्रतिशत कुपोषित है। महिलाओं के 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 61 प्रतिशत एनीमिया से ग्रसित है। अब सवाल यह उठता है कि इस क्षेत्र में 191 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। सभी प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में फल, हरी सब्जी, अंडा सहित दोपहर में भोजन देने का प्रावधान है। इसके बावजूद कुपोषण के इस दर से स्पष्ट है कि योजनाओं को इमानदारी पूर्वक संचालन नहीं होता है। छतरपुर 2 .58 लाख आबादी वाला क्षेत्र है जहां महज 17 स्वास्थ्य उपकेंद्र है। उपकेंद्रों में कर्मियो की बड़ी कमी है। पूर्व विधायक ने कहा कि भारतीय मूल के चिकित्सक जो अमेरिका में कार्यरत है उन्होंने गांव खजुरी को गोद लिया है। संबंधित गांव में लगाए गए मेडिकल कैंप में उपस्थित चिकित्सक के साथ-साथ संघ के भी प्रति भी वे आभारी है। युवा नेता प्रशांत किशोर ने भी मेडिकल टीम का आभार जताया। नौडीहा पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह ने भी चिकित्सकों के प्रति आभार जताया। अशोक कुमार सोनी, सुधीर सिन्हा, दिलीप सिंह, मिट्ठू सिंह आदि मौके पर उपस्थित थे।

## पलामू के एक स्कूल के नवनिर्मित भवन में पांच वर्षो से लटका है ताला

# बच्चों का शैक्षणिक कार्य हो रहा प्रभावित, प्रशासन को नहीं है पता

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड स्थित बसना स्त्रोनत उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन में पांच वर्षों से ताला लटका है। जिसके कारण विद्यालय भवन में शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय के बच्चे मध्य विद्यालय कि पुराने भवनों में पढ़ने को विवश है। जहां शिक्षक व बच्चों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार विभागीय अधिकारियों से मांग किये जाने के बावजूद नवनिर्मित भवन में विद्यालय संचालन का निर्देश नहीं दिया जा रहा है। जबकि एनएच 39 चौड़ीकरण फोरलेन के निर्माण कार्य में विद्यालय भवन आधे से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर सड़क के किनारे जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बसना मध्य विद्यालय का उत्क्रमण उच्च विद्यालय के रुप में किया गया। साथ



स्कूल में लटकता ताला

हीं विद्यालय के लिए लगभग 65 लाख रुपए खर्च कर 5 वर्ष पूर्व यानी 2017 में ही विशाल भवन का निर्माण कार्य कराया क्या है। जहां सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। केवल सड़क से कुछ दूरी का हवाला देकर वहां शैक्षणिक कार्य कराने से शिक्षक भाग रहे हैं। जबकि विद्यालय तक जाने के लिए तत्कालीन मुखिया सुरेश मेहता के द्वारा रास्ते का भी निर्माण कार्य करा दिया गया है। वर्तमान समय विद्यालय का संचालन पुराने मध्य विद्यालय के भवन में ही हो रहा है। जहां शैक्षणिक कार्य में छात्र छात्राओं को परेशानी भी हो रही है। लेकिन इसका ख्याल किसी के द्वारा नहीं किया जा रहा। आश्चर्य तो इस बात का है कि एनएच 39 के चौड़ीकरण व फोरलेन निर्माण के क्रम में विद्यालय परिसर की आधी से अधिक भवन अधिग्रहित क्षेत्र में आ रहे हैं। जो समय के साथ भवन तोड़ दिये जायेंगे। जिसकी जानकारी विद्यालय के शिक्षकों सहित विभागीय अधिकारियों को भी है। लेकिन समय रहते विद्यालय को स्थानांतरित करने पर विचार नहीं किया जा रहा। जबकि भवन भी अपना बनकर तैयार है। तत्कालीन मुखिया सुरेश मेहता ने बताया कि विद्यालय के उच्च विद्यालय में उत्क्रमण के बाद भवन निर्माण के लिए भूखंड आसपास काफी खोजबीन की गई। लेकिन किसी ने इसमें रुचि नहीं लिया। नतीजतन उनके द्वारा थोड़ी दूर पर भूखंड उपलब्ध कराई गई। जहां सुव्यवस्थित भवन बनकर तैयार है। विद्यालय भवन तक जाने के लिए रास्ते भी बनाये गये हैं। नये भवन में शैक्षणिक कार्य शुरू करने को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को भी लिखा गया लेकिन भवन बनने की 5 साल बाद भी शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं की गई।

## राजद की हरिहरगंज प्रखंड व नगर कमेटी का विस्तार




अपने पार्टी का विस्तार करते कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** राजद कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव व संचालन जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान ने की। इस दौरान प्रखंड एवं नगर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें कमलेश यादव को युवा प्रखंड अध्यक्ष, मथुरा रजक को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष, शंकर पासवान को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष, भोला यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष, सत्येंद्र भुईयां को प्रखंड उपाध्यक्ष, दीपक कुमार यादव को छात्र प्रखंड अध्यक्ष, राम विश्वास पासवान को प्रखंड सचिव बनाया गया। जबकि नगर पंचायत कमेटी में ओमप्रकाश चंद्रवंशी को अध्यक्ष, अशोक जायसवाल को नगर पंचायत उपाध्यक्ष, राम प्रसाद यादव को नगर पंचायत सचिव बनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही कहा कि राजद दबे कुचले गरीबों की पार्टी है। इसके पहले विस्तारित कमेटी के नये पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर छात्र राजद जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, सुरेंद्र राम,यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ,सूरज यादव, उमा यादव, अवधेश यादव, सुरेन्द्र यादव, मंटू यादव, हरेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, सन्तोष यादव, शंभु यादव, भरत यादव, छोटू यादव आदि उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच मे लातेहार की टीम एक गोल से विजयी



विजेता को पुरस्कृत करते विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** विधायक आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड स्तरीय का फाइनल मुकाबला लातेहार बनाम मनिका के बीच किशनपुर मिडिल स्कूल के फील्ड मे खेला गया। मैंच में लातेहार की टीम ने मनिका की टीम पर रोमांचक मुकाबले में एक गोल से विजय प्राप्त किया। इस फाइनल आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप विधायक पुष्पा देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी मुकेश सिंह के द्वारा किया गया। पूर्व सांसद ने कहा कि युवाओ को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल से भी लगाव रखने की आवश्यकता है। खेल कमिटि अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र का लोकप्रिय खेल फुटबॉल ही रहा है।इस तरह के आयोजन के लिए उमेश सिंह ने विधायक पुष्पा देवी का आभार प्रकट किया।मौके पर विजयी टीम को विधायक के हाथो 51 हजार रूपए नगद के साथ ट्रॉफी दिया गया तो वहीं उप विजेता टीम को पूर्व सांसद के हाथो 31 हजार रूपए नगद के साथ ट्रॉफी प्रदान किया गया। फुटबॉल मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे. मौके पर किशनपुर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी,पूर्व मुखिया राकेश दुबे, चंद्रदेव सिंह, विशेष पासवान,संतोष पाण्डेय, विवेक सिंह, रंजीत सिंह, मनरोंजन गिरी, राजू मालाकार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अतिसुद्रवर्ती इलाका अभी भी हैं नेटवर्क की सुविधा से वंचित

# आजादी के 75 वर्ष में हमलोग नेटवर्क सुविधा की लड़ाई लड़ रहे है : मीना देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रखंड क्षेत्र अतिसुद्रवर्ती व आदिवासी इलाका महुडंड पंचायत में आज भी मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं हैं। जिससे पंचयात के लोगों ने मुखिया के साथ बैठक कर इस लड़ाई को लड़ने पर विचार विमर्श किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महूदण्ड उच्च विद्यालय के प्रांगण में मुखिया मीना देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने एक बैठक की। जिसमें इस जंगल की तराइयों में बसे इस पंचायत में आज नेटवर्किंग की सुविधा नहीं रहने पर चिंतन किया। मौके पर मुखिया पति शिवशंकर यादव ने कहा कि यह पंचायत सरकार के एक्शन प्लान में हैं और अभी तक नेटवर्क नहीं रहने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र ,और स्कूल में ऑन लाईन पठन-पाठन करने वाले बच्चों समेत सभी को परेशानी होती हैं। इस विज्ञान युग में भी यहाँ का भविष्य अंधेरा में जी रहा हैं। मौके पर उप मुखिया बली यादव, ओमप्रकाश रवि, गुड्डू पाल, रामस्वरूप यादव, प्रवेश गूरुजी, रामाधार गुरु ,पनमेश्वर यादव शिक्षक, अर्जुन यादव, किसान मित्र उमेश यादव, स्वयंसेवक जितेन्द्र यादव, उपेंद्र यादव समाजिक कार्यकर्ता लालू कुमार यादव, संजय यादव, बिरवल वैगा, भरत रवि प्रविन रवि, राकेश रवि, कृष्ण रवि, कृष्ण पासवान, वार्ड सदस्य विष्णु साह, अमर विश्वकर्मा, नागेन्द्र भारती, दिनेश यादव, मोती साह, गंगा प्रसाद, मदन साह, विजय कुमार रवि, मुराली परहिया, विश्व नाथ साह ज्वला सिंह सुरेंद्र यादव, जितेन्द्र यादव, रामाशीष यादव डिलर,झरीराम, धनंजय गुप्ता, आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।



बैठक करते ग्रामिण

## नावा जयपुर के बगैया मे घर में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर हो गए राख



ग्रामिण का जला क्षतिग्रस्त घर

नवीन मेल संवाददाता

पाटन । प्रखण्ड के नावाजयपुर थाना अंतर्गत ग्राम बगैया में प्रेम मिस्त्री पिता- नन्दलाल मिस्त्री के घर मे अचानक आग लगा गया। जिसमें घर का पूरा समान जलकर राख हो गया, जान माल की कोई नुकसान नही बातया जा रहा है। घर में रखे खाद्य सामग्री, जमीन कागजात, मोटरसाइकिल 5 लाख के संपत्ति जलकर राख हो गया। घटनाएं करीब शनिवार रात्रि 10 बजे की है वही जानकारी मिलते ही नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक घटना स्थाल पर अपने दल बल के साथ वहां पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश किया। ग्रामीण व प्रशासन के सहयोग से आग पर काबू किया गया। लेकिन आग कैसे लगा ये घर मे किसी को पता नही लग पाया। खबर सुनकर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी व पाटन प्रमुख शोभा देवी ने प्रेम मिस्त्री और उनके परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया

# कर्नल फुटबॉल कप टूर्नामेंट मैच में आनंद उठा रहे हैं दर्शक

## झरहा, कचरा व खड़गाड़ा ने मैच जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल में जाने के लिए सभी टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है। रविवार को खेले गये पहले मैच में झरहा ने बिलासपुर को 1-0 से हरा कर टूर्नामेंट में दूसरा जीत हासिल किया। वहीं दूसरे मुकाबले में पतरा कलां और खड़गाडा के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला। दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया और इस मैच को 4-0 के बड़े अंतर से जीतने में कामयाब हुई। तीसरा मैच कचरा और जपला के बीच खेला गयाा। जिसमें कचरा ने दमदार खेल दिखाते हुए जपला को चारों खाने चित करते हुए 5-0 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल की। मैच के दौरान महुअरी के विमलेश पासवान मुख्य अतिथि के रूप में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। मौके पर उपस्थित कर्नल ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर पॉइंट अर्जित करने की अपील की। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जो टीम ज्यादा स्कोर करेगी, वह क्वॉटर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। इसलिए आप सब ज्यादा इसको करने की कोशिश करें। मैच के दौरान क्लब के अध्यक्ष मानिकचंद सिंह, सचिव पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सुधीर कुमार सिंह, पूर्व फुटबॉलर विजय कुमार सिंह, लालकेश्वर पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप पासवान, विनोद पासवान, तक्कि रिजवी, शेखर कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। 12 दिसंबर का मैच देवरी कलां बनाम जपला पतरा खुर्द बनाम कुकही तथा रानी देवा बनाम लंगरकोट के बीच खेला जायेगा।



## एनएच 98 के विस्थापित रैयतों का 7वें दिन भी धरना जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच 98 फोरलेन के विस्थापित रैयतों के धरना सातवे दिन भी जारी है। धरना में शामिल रैयतों ने कहा कि पिछले कई दिनों से ठंड के इस मौसम में भी अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं। बावजूद इसके अभी तक न तो कोई पदाधिकारी व न ही प्रतिनिधि इसकी सुधि लेने पहुंचे हैं। विदित हो कि जमीन और भवन का उचित मुआवजा के लिए पुनर्मूल्यांकन कर राशि बढ़ाने तथा जिनका ऑनलाइन खतियान 3 डी में नाम छूट गया है, उसमें नाम चढ़ाकर वास्तविक रैयतों को मुआवजा देने तथा ढाब, सेमरबार तथा कौवाखोह में अंडरपास का निर्माण करने सहित कई मांगे शामिल है।

# दोनों नाबालिग पीड़िता हैं छात्रा पिस्टल सटाकर किया गया था दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने की घटना शर्मसार करने वाली है। दुष्कर्म की दोनों नाबालिग पीड़िता बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद में इंटर की छात्रा है, दोनों अलग-अलग गांव की रहने वाली है और दोनों अपने माता-पिता के साथ हुसैनाबाद के अलग-अलग मोहल्लों में किराए के मकान में रहती हैं। एक सहेली दूसरे सहेली के घर पहुंचाने के लिए जा रही थी। इसी बीच दूसरी सहेली ने कहा कि वह अपनी नानी के घर बिशुनपुर जाएगी, तुम भी साथ चलो, बिशुनपुर जाने के क्रम में अनुमंडल मैदान के पास विभूति नारायण सिंह उर्फ गोल्डन सिंह ने उससे पूछा तुम लोग कहां जा रही हो, इस बीच पिस्टल दिखाकर उसे एक कटीले खेत में ले गया। वहां एक के साथ जबरदस्ती की और बाद में अनुमंडल मैदान के पीछे स्थित अपने मकान में ले जाकर बारी बारी से दोनों के साथ बलात्कार किया। घर पहुंचने के बाद खेत में लड़की के साथ दुष्कर्म किया था, उसे कमरे में बंद कर दूसरी के साथ हाथा पाई की, और कपड़े फाड़ दिया। और जबरदस्ती की। मामले में पुलिस ने दोनों युवतियों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी विभूति नारायण सिंह उर्फ गोल्डन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# समाजसेवी ने कंबल का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा में गरीब-असहाय, जरुरतमंद व वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण विश्रामपुर प्रखंड तोलरा गांव निवासी महिला समाजसेवी नूतन देवी व महिला के पति पुलिस विभाग में पदस्थापित एएसआई विनय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर महिला नूतन ने कहा कि गरीबो की सेवा से मन को शांति मिलती है। गरीबो की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है। जिसे लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। बताया कि इस वर्ष 500 से अधिक जरूरतमंदों के बीच अच्छी क्वालिटी की कंबल का वितरण किया गया है। साथ ही उनकी जरूरतों के अनुरूप और भी कई तरह की सहयोग किये जा रहे हैं, जिसमें खाद्य सामग्री, वस्त्र, वैवाहिक कार्यक्रम में सहयोग राशि आदि भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो वितरण के समय नहीं पहुंच पाये, वह उनके घर तक पहुंच कर हर संभव सहयोग उनसे प्राप्त कर सकते हैं। महिला नूतन के पति विनय तिवारी ने कहा कि क्षेत्र का भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उन्हें हर संभव सहयोग किया जा रहा है। जो आगे भी किये जाते रहेंगे। यह कार्यक्रम निस्वार्थ भाव से चलाया जा रहा है।

# पलामू के कलाकारों ने चंडीगढ़ में किया नाट्य मंचन, लोग मंत्रमुग्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कला और संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में अपनी नाट्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के अरविंदो सोसाइटी के द्वारा महर्षि अरविंदो के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमीस्ट्रेशन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर पलामू के कलाकारों द्वारा मंचित नाटक की सभी ने तारीफ की। नाटक की रचना महर्षि अरबिंदो ने जेल में की थी। मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में महर्षि अरविंदो द्वारा रचित नाटक हरिमोहन का सपना का मंचन किया। यह नाटक महर्षि के द्वारा श्रीकृष्ण के कथित वातार्लाप पर आधारित है। इसकी रचना महर्षि ने तब की थी जब उन्हें अंग्रेजों द्वारा कारावास की सजा सुनाई गयी थी और वे जेल में बंद थे। नाटक के माध्यम से ईश्वर और मनुष्य के बीच के प्रेम और अंतर्द्वंद्व को दर्शाया गया। यह बताया गया की इस दुनिया में हर रिश्ता, बंधन, कार्य, चाह सभी मोह माया है। इससे मुक्ति का एकमात्र मार्ग परमात्मा की साधना ही है। श्रीकृष्ण रूपी उज्जवल और हरिमोहन रूपी कामरूप ने किया। शानदार अभिनय नाटक ने श्रीकृष्ण बने उज्जवल सिन्हा व हरिमोहन बने कामरूप सिन्हा के जीवंत अभिनय से दर्शकों की आंख से आंसू छलक गए। दोनों ने कई बार अपने अभिनय के बूते दर्शकों को रुलाया। हरिमोहन की माँ की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती और हारान चाचा की भूमिका में अमर कुमार भांजा ने भी शानदार अभिनय किया। सूदखोर जमींदार तीनकोड़ी शील की भूमिका में सैकत चटर्जी ने अपने अभिनय में कुटिल और शैतानी भाव से चरित्र को उभारा। भजहरी की भूमिका में राज प्रतिक पाल, पुरोहित की भूमिका में गुलशन मिश्रा, प्रहरी की भूमिका में आदर्श पांडेय, राहुल चंद्रवंशी, ग्रामीण व राक्षस की भूमिका में गिरीन्द्र यादव व आनंद कुमार गुप्ता। परान की माँ की भूमिका में कनकलता तिर्की थी। मंच संचालन विनोद पांडेय, संगीत सुजीत सिंह, मेकअप कामरूप सिन्हा एवं निर्देशन सैकत चटर्जी का था।



नाट्य मंचन में भाग लेते कलाकार

## अब देश के कई बड़े शहरों में होगी मासूम की नाट्य प्रस्तुति

मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया की चंडीगढ़ में नाट्य प्रस्तुति से प्रभावित होकर कोलकाता में भी इसी नाटक की प्रस्तुति को लेकर आमंत्रण मिला है। आने वाले दिनों में कोलकाता सहित देश के कई बड़े शहरों में मासूम के द्वारा हरिमोहन का सपना नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री पांडेय ने बताया की रांची के अरविंदो सोसाइटी के हेहल शाखा के अलोक तुलस्यान के माध्यम से संस्था को चंडीगढ़ में नाट्य प्रस्तुति का अवसर मिला था। इससे पहले श्री तुलस्यान के माध्यम से रांची में भी इस नाटक का प्रदर्शन हो चुका है।

# मुखिया संघ की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गये कई निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिस का संचालन सुबह पंचायत के मुखिया दुलारी देवी ने किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड के रजवाड़ी पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने की। वहीं बैठक में अन्य मुखिया भी शामिल थे। बैठक में सभी मुखिया के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक की उपस्थिति हर पंचायत में सुनिश्चित हो। अगले माह जनवरी से इनके उपस्थिति के लिए एक उपस्थिति पंजी संधारित किया जाये। जिसकी सूचना प्रखण्ड व जिला पदाधिकारी को भी दिया जाएगा। इसके अलावा पंचायत में संचालित योजनाओं का मापी पुस्त भी पंचायत से निर्गत किए जाने पर विचार विमर्श किया जाये। इस संदर्भ में सरकार द्वारा पूर्व के पत्र को विलोपित व निरस्त करने हेतु जिला प्रशासन से मांग की जाएगी। सभी पंचायत अंतर्गत इंटरनेट की व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सभी मुखिया को डिजिटल हस्ताक्षर इस्तेमाल करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण के लिए अधिकारी से मिलकर बात करने की जरूरत है। पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी कागजात बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचला अधिकारी से पंचायत के सभी मुखिया मिलेंगे। मौके पर अनुज कुमार त्रिपाठी, सत्यम सिह, नरेंद्र कुमार मेहता, संजय यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समृद्धि की रोटी ने भोजन वितरण किया

**मेदिनीनगर।** समृद्धि मिशन का भोजन वितरण करने का अभियान लगातार जारी है। जो एक मिसाल है। शहर के स्थानीय अम्बेडकर पार्क और शनि मंदिर के सामने दोना पत्तल, दातून बेचने वालों के बीच रविवार को रोटी सब्जी का वितरण किया गया। ये लोग जरूरतमंद होते हैं। लेकिन नम्रता और ईमानदारी भी उनमें उतना ही व्याप्त है। संस्था के द्वारा कभी -कभी समायाभाव या सदस्यों की कमी होने पर भी इन तक भोजन पहुंच ही जाता है। इस अभियान में स्थानीय नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी सहभागिता और टीम की निः स्वार्थ सेवा इस कार्य को रुकने नहीं देता। इस कार्य मे बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता देवी, शैलेन्द्र कुमार, डॉ देव प्रकाश धर्मेन्द्र पाण्डेय ,ऋषि कुमार का सहयोग रहा।

# जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के कंपकंपाती ठंड में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर है। हर साल की तरह इस साल भी हर रविवार को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में गर्म कपड़े, चादरें, कंबल वगैरह के वितरण का कार्य जारी है। ताकि ठंड में जरूरतमंद लोगों को परेशानी न हो। इसी क्रम में रविवार को ट्रस्ट की टीम पोंची (सतबरवा) के फुलवरिया गांव में पहुंची जहां मूलरूप से परहिया जनजाति के लोग निवास करते हैं। जिनके तन पर इस हाड़ कंपाती ठंड में भी पूरे कपड़े नहीं होते। बच्चों ने नीचे कुछ पहना था तो ऊपर खाली बदन थे। ऐसे बच्चों को नये स्वेटर दिए गए। बुजुर्गों, विधवा महिलाओं और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि यह अभियान वैसे तो सालों भर जारी रहता है पर ठंड को देखते हुए अक्टूबर से हमसब मुस्तैद होकर इस कार्य में लग जाते हैं। जो कि पूरे ठंड तक जारी रहता है। उन्होंने लोगों से भी मदद की अपील की है। अगर दो चार कंबल साटकर या गर्म रजाई में सो रहे हैं तो कम से कम इनलोगों की स्थिति के बारे में भी जरा सोचिए जो खुले आसमान के नीचे, कम कपड़ों में रात बिताने को विवश हैं। टीम की सदस्य राखी सोनी और रविन्द्र सोनी के विवाह की 21 वीं वर्षगांठ पर सबसे पहले प्रसाद और मिठाइयां बाट्टी गयी। इस कार्य में विवेक वर्मा, मन्नत सिंह बग्गा, राखी सोनी, बेबी विश्वकर्मा ,अर्पणा, और नारायण सेवा समिति के निर्दोष, बिहारी प्रसाद गुप्ता, शिक्षक अर्पण गुप्ता ने सराहनीय योगदान दिया।



कंबल वितरण करते समाजसेवी

# बच्चे अमूल्य संपति हैं, इन्हें सदैव संवारने की आवश्यकता : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय टाउन हॉल में संत मरियम स्कूल के वर्ग नर्सरी से चार तक के बच्चों के लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन, प्राचार्य महोदय, शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर आज के इस कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। स्वागत अभिभाषण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने उपस्थित अभिभावकों छात्रों शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इन्हें ज्ञान रूपी श्रृंगार से हम और निखार सकते हैं। इस प्रकार के संगोष्ठी से विद्यालय परिवार और अभिभावक छात्रों के समुचित विकास की समीक्षा कर पाते हैं। हम सभी को यह प्रयास करना है कि हम लगातार ऐसे समीक्षा बैठक करके विद्यार्थियों के उत्कृष्ट विकास की संभावनाओं को बल दे सके क्योंकि किसी भी राष्ट्र का विकास छात्रों के विकास से ही संभव है। मौके पर अपने संबोधन में स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। हम इन नौनिहालों को बेहतर ज्ञान के सागर में सराबोर करते हुए उन्हें सफल व्यक्तित्व के निर्माण की पहली कड़ी को मजबूत बनाते हैं। नित्य प्रति संत मरियम परिवार विद्यार्थियों के विकास के मामले में अनेक कीर्तिमान स्थापित करते आ रहा है। वर्तमान सत्र समाप्ति की ओर है हम सभी अपने बेहतरीन शिक्षकों के टीम के साथ आगामी सत्र हेतु नए छात्रों के स्वागत हेतु तत्पर हैं। बच्चों के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। उपरोक्त संगोष्ठी कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के उत्कृष्टता की प्रशंसा की।




शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम में बच्चे व चेयरमैन

# क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चल रहे हैं, नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन रविवार को समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। स्थानीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को बड़े स्तर पर भी खेलने का मौका मिलता है। इस दौरान मिश्रा कॉलोनी हरिहरगंज व बंजारी क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे मिश्रा कॉलोनी की टीम विजय हासिल किया। मौके पर कप्तान गौरव राज, निक्कू राज ,धोनी के अलावे मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, टुनटुन कुमार ,शंभू यादव, अरविंद कुमार, विजय प्रजापति सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।



# पुस्तक का लोकार्पण किया गया




पुस्तक लोकार्पण में शामिल उपमहापौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गीता भवन मेदिनीनगर में समीक्षा के नये आयाम (निबंध संग्रह) डॉक्टर जगदीश्वर प्रसाद, डी. लिट्. के समीक्षात्मक निबंधों का संकलन प्रस्तुति दीपशिखा सिन्हा द्वारा प्रस्तुत पुस्तक का लोकार्पण किया गया। जिसमे सभी शिक्षाविदों के साथ उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) सहित कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमहापौर ने कहा कि आप सभी हमेशा मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और रहेंगे। इस पुस्तक का लोकार्पण से आने वाली पीढ़ियों में अपने पूर्वजो के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। समीक्षा के नये आयाम (निबंध संग्रह) डॉक्टर जगदीश्वर प्रसाद, डी. लिट्. के समीक्षात्मक निबंधों का संकलन है व प्रस्तुति दीपशिखा सिन्हा द्वारा किया गया है। जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक कार्य को दर्शाता है।

# भाकपा ने जनसमस्याओं पर बैठक की, 26 को सौंपेंगे ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा के बेलवाटिका शाखा कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य ललन सिन्हा ने किया। जिसमें जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने नगर निगम में व्याप्त जन समस्या और बालू के अवैध तस्करी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खतीयानी जोहार यात्रा तो अच्छी बात है लेकिन जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने रघुवर दास के समय कट रहे गैरमजरूआ भूमि का रसीद जो बंद किया। जिसे चालू करने के लिए वर्तमान सरकार ने कहा था परंतु अभी तक वह चालू नहीं करवाया गया। ऑनलाइन और ऑफलाइन के नाम पर आम जनता को दौड़ाया जा रहा है। पलामू जिला में बालू हाईवा से उठाया जा रहा है लेकिन ट्रैक्टर से उठाने पर रोक लगा हुआ है इस पर भी कुछ नहीं बोले मुख्यमंत्री। आखिर आम जनता के लिए घर बनाने के लिए बालू कब फ्री होगा। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा के बड़े नेता दीनदयाल के नाम से तालाब के पास रोड बना हुआ था वह रोड भी आम जनता के लिए बंद कर दिया गया। अभी तक शहरवासियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है पेयजल मंत्री एक शब्द भी नहीं बोले। वही निगम में चौधराना बाजार टैक्स मामले में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सिर्फ राजनीति किया जा रहा है और भाजपा के द्वारा कोरोनावायरस के समय बंद पड़े दुकानों से भी निगम का भाड़ा एवं टैक्स वसूला जा रहा है। नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि खास महल जमीन को फ्री होल्ड करने पर भी एक शब्द नहीं बोले। ऐसी स्थिति में इन सब सवालों को लेकर 26 दिसंबर को भाकपा पलामू उपायुक्त का घेराव करेगी और मांग पत्र सौंपेगी। मौके पर सोनू अहमद, बबन राम, एवं नसीम राइन आदि लोग उपस्थित थे।

# युवा जागृति केन्द्र जन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत में आज युवा जागृति केन्द्र की सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेमरा पंचायत के स्थानीय युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सेमरा पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें विक्की राजा को अध्यक्ष, राजकुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, शंकर कुमार को सचिव, विकास भुइयां को उप सचिव, बजरंगी गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुरेश भुइयां को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा पलामू में अच्छे स्वास्थ्य सुविधा एवं उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था का घनघोर अभाव है और जनप्रतिनिधि जनता के हाल से बेखबर हैं। युवा बेरोजगारी के कारण महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। लेकिन ना तो सरकार के पास और ना ही जनप्रतिनिधियों के पास इस विषय पर सोचने का समय है। युवा जागृति केंद्र जन समस्याओं के लिए हर संघर्ष करेगा। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा युवा जागृति केन्द्र समस्याओं के समाधान हेतु सदैव संघर्षरत है तथा संगठन सभी मूलभूत विषयों पर आंदोलनरत होगा। जिला सचिव अमित रंजन ने कहा संगठन का तीव्र प्रसार इस बात का द्योतक है की युवा जागृति केन्द्र एक विकल्प के रूप में उभरा है। इधर बड़ी संख्या में युवा बुजुर्ग महिलाएं संगठन से जुड़ रहे हैं। प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह ने कहा चैनपुर प्रखंड के प्रत्येक गांव में युवा जागृति केन्द्र के समिति का निर्माण कर युवाओं को संगठित किया जाएगा। संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रखंड सचिव हरिशंकर यादव ने कहा केन्द्र के सिद्धांतों से प्रभावित होकर केवल युवा ही नहीं बुजुर्ग भी संगठन से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार पासवान, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार यादव, संतोष कुमार पांडे, बजरंगी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रामू भुइयां,प्रदीप यादव, दशरथ राम ऋषि, आकाश ऋषि, शंकर ऋषि, दयानंद ऋषि, धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष, सुरेश भुइयां,राहुल कुमार, रंजन कुमार, विकास यादव, रामप्रवेश कुमार, धर्मा भुइयां, बाबूलाल, रोहन कुमार पासवान, राजन राम, राकेश कुमार, शिव कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मिथिलेश कुमार विष्णु देव मांझी बसंत कुमार राम, रमेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल होते सदस्य

# बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में नियुक्ति पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कचहरी परिषद में हुई ।बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। मौके पर सफल अभ्यर्थियों के चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। पलामू जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही है। जबकि शिक्षा विभाग में 323 स्वास्थ्य विभाग में 115 बंदोबस्त कार्यालय में 57 पद कुल मिलाकर 495 पद रिक्त हैं। इसके अलावा उपायुक्त के अधीन 18 विभाग आते हैं। सभी विभागों में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों का पद रिक्त है। 495 पद रिक्त रहने के बाद भी नियुक्ति नहीं हो रही है। जिसे बेरोजगारों में आक्रोश व्याप्त हैं। जबकि बेरोजगारों की निर्धारित उम्र सीमा समाप्त हो रही है। और कितने का समाप्ति की कगार पर है। उपायुक्त पलामू बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक बेरोजगारों की आंदोलन जारी रहेगा। बेरोजगार चुपचाप नहीं रहेंगे। मौके पर जलील अंसारी, उमेश कुमार पासवान, कृष्णा राम, मिथिलेश कुमार पासवान, संजय चौरसिया, उमेश कुमार पांडे, सहित कई लोग उपस्थित थे।



बैठक करते सदस्य

## न्यूज गैलरी

### अभाविप ने मनाया महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती



**मेदिनीनगर।** तमिल साहित्यकार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर अभाविप के द्वारा 'भारतीय भाषा दिवस' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर में स्थित धीरज क्लासेस में छात्रों के बीच मातृ भाषा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह मंत्री नितीश दुबे ने किया। उक्त अवसर पर उपस्थित नगर उपाध्यक्ष धीरज उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हूए कहा कि महान दार्शनिक एवं महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जयंती पर लोगों को अधिक भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को विविधता में एकता का अनुभव कराने के लिए भारतीय भाषा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवसर पर उपस्थित नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी आज इस अवसर पर हम सभी अपने मातृ भाषा के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषा को सीखने का संकल्प लें। जिला स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के संयोजक गोविंद मेहता ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुब्रमण्यम भारती जी एक तमिल कवि थे। उनको महाकवि भारतियार के नाम से भी जाना जाता है। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे। उनके द्वारा गद्य और पद्य की लगभग 400 रचनाओं का सृजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक अभय वर्मा जिला, सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप,विनीत पांडे, रोहित गुप्ता राहुल कुमार चेरो,पल्लवी कुमारी जया कुमारी, शशि भूषण यादव,प्रकाश पांडे रोहित पांडे, गणेश लाल लाल महाविद्यालय के कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### बेरोजगारी व महंगाई खत्म करने के लिए निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा



**मेदिनीनगर।** रविवार को मोहम्मद गंज प्रखंड के कादल पंचायत एवं विभिन्न दोनों में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक की अगुवाई में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में सैकड़ों कांग्रेसियों ने हाथों में तिरंगा एवं पार्टी का झंडा लेकर नफरत छोड़ो भारत छोड़ो नारा लगाते हुए लगभग 4 किलोमीटर की यात्रा पर प्रखंड मुख्यालय मोहम्मदगंज पहुंचे। लोगों को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि नफरत बेरोजगारी महंगाई को समाप्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है। पलामू जिला के सभी पंचायत प्रखंड एवं गांव टोला मोहल्ला बूथ तक कांग्रेस जन पहुंचने का काम कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रखंड एवं पंचायत में राहुल गांधी के समर्थन में पदयात्रा लगातार कर रहे आगे उन्होंने कहा कि जाति धर्म की राजनीति की जा रही है। देश में एक समुदाय को दूसरे समुदाय से लड़ा कर नफरत फैलाई जा रही है। पदयात्रा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान एवं संचालन पंचायत अध्यक्ष विनय मेहता ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से प्रखंड के प्रभारी कामेश्वर तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, संतोष चौबे, प्रदेश सचिव धनजय तिवारी, शमीम अहमद राइन, अजय यादव, बाबा गुप्तेश्वर पांडे, कमल कौशल पासवान, लल्लू सिंह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह, पृथ्वी पांडे कामेश्वर प्रसाद मेहता, उमेश सिंह, टैग राम, बीरेंद्र मेहता, हीरा साव, बलराम मेहता, प्रेम मेहता, बिरजू मेहता मौजूद रहे।

### 10 साल से किशुनपुर स्कूल में बंद हैं एमडीएम



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत लहलहे पंचायत के प्राथमिक विद्यालय कसिया और किशुनपुर का निरीक्षण पलामू के जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने शनिवार को किया। डीएसई ने किशुनपुर स्कूल के छात्रों को तत्काल बगल के कसिया प्रावि में एमडीएम खिलाने का आदेश दिया। बीडीसी प्रतिनिधि सुभाष तिवारी ने बताया कि प्रावि किशुनपुर में बीते 10 साल से एमडीएम बंद है। इसके कारण छात्रों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय विकास तथा छात्रों के शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना हमलोगों का कर्तव्य बनता है। स्कूल के एचएम अनिल कुमार को निर्देशित किया की एक सप्ताह के अंदर एसएमसी समिति गठन कर लेंगे तथा तत्काल यही पर किशुनपुर के छात्रों को एमडीएम खिलाएंगे। विद्यालय में छात्रों की संख्या 17 है। कसिया विद्यालय में बन रहे एमडीएम की जांच की तथा नाराजगी जाहिर करते हुए डीएसई ने एमडीएम मीनू के अनुसार बनाने का निर्देश दिया। बच्चों के खाता में पोशाक की राशि भेजी गई है। वर्ग एक और दो के छात्र अपना खाता जांच करा लेंगे। बिना पोशाक के स्कूल पहुंचे छात्रों को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। मौके पर रविंद्र तिवारी उर्फ गांधीजी, स्कूल के शिक्षक-छात्र और एसएमसी सदस्य मौजूद थे।

### गुजरात की जनता ने विकास कार्य पर लगाई है मुहर : अशोक

**हुसैनाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इतिहास रचा है उक्त बातें त्रिपुरा राज्य के प्रभारी व झारखंड प्रदेश कार्यसमिती सदस्य अशोक सिंह ने कही। उन्होंने कहा की गुजरात की जनता ने नरेंद्र मोदी के काम पर 27 वर्षो के बाद भी मुहर लग रही है। वहीं गुजरात की जनता ने झूठ फरेब कर सत्ता में काबिज होने वाले लोगों को नकार दी है। अशोक सिंह ने कहा की भारत की जनता को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरी आस्था है, 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनना तय है।

## न्यूज गैलरी

### घर की दीवार को किया तोड़-फोड़

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के खाता 10 प्लॉट 1088 में बनाए जा रहे निजी घर की दीवार को विक्रेताओं के द्वारा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया ।घटना रविवार दोपहर तीन बजे की है । दीवार तोड़ने आए लोगों के द्वारा भूस्वामी विगनी देवी पुतोहु पुष्पांजलि देवी व उनके अन्य परिजनों की भी उनकी ओर से जमकर पिटाई कर दी गई । बताया जाता है कि दीवार को क्षतिग्रस्त करने वही लोग कार्यस्थल पर पहुंचे थे जिन लोगों के द्वारा निबंधन कार्यालय गढ़वा में अपनी अपनी भूमी को विगनी देवी के नाम हस्तांतरित कर दिया गया था। जानकारी देते हुए विगनी के पति जगदीश सोनी ने बताया कि उक्त खाता व प्लॉट की 12 .5 डिसमिल जमीन उक्त लोगों से खरीदारी कर मैं अपनी पत्नी विगनी देवी के नाम निबंधित कराया था । उसके बाद अन्य चार लोगो को भी हिस्से के अनुसार राशि देकर जमीन की खरीदारी किया था । बावजूद आज उक्त लोगों के द्वारा ऐसी हरकत कर दी गई ।उन्होंने कहा कि जमीन बिक्री कर देने के बाद भी आज उक्त लोगों के द्वारा बनाए जा रहे मेरे घर की दीवार को तोड़कर छतिग्रस्त कर दिया गया। थाना के एसआई संतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से अभी लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद नियमानुसार करवाई किया जाएगा ।

### ट्रैक्टर से ईंट उतारने में मजदूर घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के छपरबार खुर्द गांव निवासी युगेश राम पिता नंदलाल राम रविवार को ट्रैक्टर से ईंट उतारने के दौरान गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार युगेश राम ओखरगाड़ा के किसी व्यक्ति के ट्रैक्टर पर बतौर मजदूर कार्य करता है। रविवार को वह ट्रैक्टर से ईंट उतारने के लिए ट्राली का कील जैसे ही हटाया, उसके उपर ही भरभरा कर ईंट गिर गया। इस घटना में युगेश राम के पेट व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

### बालक के पेट में घुसा लोहे का रड

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के करूई गांव निवासी राजेश साह के छह वर्षीय पुत्र नीरज कुमार के पेट में लोहे का रड घुस गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नीरज कुमार की मां अपने मकान के छत पर घरेलू कामकाज में लगी थी। इस दौरान नीरज कुमार भी छत पर जाकर खेलने लगा। खेलने के क्रम में ही वह छत पर पिलर के रड पर गिर गया। इससे उसके पेट में लोहे का रड घुसकर आर पार हो गया। इस घटना के बाद उसके स्वजन आनन फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### सदर अस्पताल में इलाजरत अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में विगत दो दिन से इलाजरत एक अज्ञात अधेड़ की रविवार को अलसुबह मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 55 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उसे भंडरिया में बेहोशी की हालत में पाया गया था। तब आसपास के लोगों ने 108 आपातकालीन सेवा में मोबाइल फोन के जरिये संपर्क कर इसकी जानकरी दिया। इसके बाद उक्त अधेड़ को 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी हालत में मामूली सुधार हुआ। वह होश में भी आया। लेकिन ठीक से बोल नहीं पा रहा था। बताया गया कि रविवार को अल सुबह स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे मृत पाया। इसके बाद इसकी सूचना गढ़वा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया है। बताया गया कि वह पैंट व आसमानी कलर का शर्ट पहने हुए था। पुलिस उक्त अधेड़ के पहचान कराने के प्रयास में जुट गई है।

### प्रमुख ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर प्रखण्ड के समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निष्पादन की मांग की है। प्रमुख ने कहा है कि अंचल सह प्रखण्ड कर्मियों के द्वारा किसी भी जनप्रतिनिधियों एवं जनता की बात को माना नही जाता है। वहीं अंचल एवं प्रखण्ड के तमाम कर्मी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। प्रखण्ड के सभी पंचायतो में भूमि मोटेसन के नाम पर अंचल पदाधिकारी एवं कर्मचारी दोनों मिल कर मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं। जिसके करण भूमि मोटेसन का कार्य अधूरा है। वहीं कहा है कि जब से अंचलाधिकारी योगदान दिए हैं एक भी भूमि का कार्य निष्पादन नही किए है इस लिए अंचलाधिकारी को तत्काल हटाने का भी मांग किया है। प्रखण्ड प्रमुख ने सी.सी.टी.वी. लगाने की मांग की है जिस से दलालों की भीड़ नही लगे एवं जनता के काम आसानी से हो सके। प्रधानमंत्री आवास में बड़ी पैमाने पर गड़बड़ी किया गया है जांच कराने की मांग की है, क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण फसल नही होने से पशु मरने के स्थिति में हो गई है पशु चारा उपलब्ध कराने की मांग की है। भवनाथपुर कपूरी चौक से मेन बाजार तक सड़क के समीप मांस- मछली के दुकान एवं सब्जी बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। प्रखण्ड एवं अंचल कर्मी सहित सभी कर्मी को ब्लॉक परिसर में रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### निर्विरोध चुने गये पदाधिकारी, बोले अध्यक्ष चंदन सिंह

# पुलिस पदाधिकारी को किसी भी तरह का कोई परेशानी होगा तो तुंरत समाधान किया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस एसोसिएशन शाखा गढ़वा का चुनाव रविवार को पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। पुलिस एसोसिएशन का चुनाव पांच पद के लिए किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। सभी पांचों पद पर एक- एक प्रत्याशी खड़ा हुए थे। उक्त सभी पांचों प्रत्याशी निविरोध चुने गये। अध्यक्ष पद के लिए पुलिस निरीक्षक भवनाथपुर के चंदन कुमार सिंह चुनाव में खड़ा हुए थे। इनके अलावे कोई भी प्रत्याशी अध्यक्ष पद पर खड़ा नहीं हुआ था। इसी कारण निविरोध चुने गये। जबकि उपाध्यक्ष पद पर असनि रेनसन बाखला, सचिव



पद पर सअनि महेंद्र कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष पद पर सअनि बिरंची प्रसाद महतो व संयुक्त सचिव पद पर सअनि गणेश्वर सोरेन निविरोध चुने गये। उक्त सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव पर्यवेक्षक अनिश मोमित कुजूर ने पद एवं गोपनीयता का शपथ भी दिलाया। इस मौके पर पर्यवेक्षक अनिश मोमित कुजूर ने कहा कि पुलिस एसोसिएशन शाखा गढ़वा का चुनाव बहुत ही शांति तरीके से संपन्न हआ है। उक्त सभी पांच पद पर एक-एक प्रत्याशी खड़ा हुए थे। उक्त सभी पांचों पद पर निविरोध चुने गये। उन्होंने कहा कि गढ़वा में जिस तरह से चुनाव हुआ है ऐसा चुनाव कही भी नहीं होता है। यहां के पुलिस पदाधिकारी आपस में ताल मेल बनाकर चुनाव कराएं है। यह बहुत की खुशी की बात है कि निविरोध सभी पदाधिकारी चुने गये है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिए हमेशा तैयार रहेगें। । उन्होंने कहा कि सभी लोगों का प्यार व स्नेह मिला कि निविरोध अध्यक्ष चुने गये है। इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा पलामू के उपाध्यक्ष मनतुष्ट महतो, मंत्री जय प्रकाश सिंह, संयुक्त सचिव अशोक दूबे, कोषाध्यक्ष अब्दुल मनान, इंस्पेक्टर सह गढ़वा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, राजीव कुमार, मेजर ओमप्रकाश दास, भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार, केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार, सअनि उपेंद्रनाथ सिंह, क्षेत्रिय मंत्री उपेंद्र कुमार सिंह, सनमुख राम, अशोक कुमार सहित विभिन्न थाना के थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर व जमेदार उपस्थित थे।

# शहर में वाहन चोरी की रोकथाम को लेकर चला छापामारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर शहर में हो रहे वाहन चोरी की रोकथाम एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी किया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गढ़वा पुलिस ने रेलवे स्टेशन स्थित आम बगान के पास से गड्डन अंसारी उर्फ इस्ताक अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा गोली जिसके पेंदी पर आठ एमएम और केएफ लिखा हुआ बरामद किया है। उक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह गढ़वा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि गुप्ता सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पास एक अपराधी किसी घटना को अंजाम देने का फिराक में है। सूचना मिलने के बाद छापेमारी किया गया तो गढ़वा थाना क्षेत्र के मदरसा रोड निवासी जसमुद्दीन अंसारी के पुत्र गड्डन अंसारी उर्फ इस्ताक



अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर चोरी का एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। गड्डन अंसारी पूर्व में भी हथियार रखने के आरोप में जेल जा चुका है और वह बाइक चोरी में सक्रियता छापेमारी टीम में पुअनि रोशन कुमार, हवलदार दिनेश पासवान, पुलिस जवान श्रीकांत पासवान, मनोज कुमार प्रधान, राहुल कुमार आदि लोग शामिल थे।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में 51 गरीब कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा 14 दिसंबर को पलामू प्रमंडल के मेदनीनगर के शिवाजी मैदान के प्रांगण में 51 असहाय गरीब परिवार के कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रखंडों के कन्याओं शामिल होंगे। जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गढ़वा थाना के सामने स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दिया। विकास कुमार माली ने कहा की इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल करने के लिए गढ़वा जिला से अयूब खान लातेहार जिला से इम्तियाज खान पलामू से अमन सागर, ललन साव, दीनानाथ साव, अंचल कुमार, अवधेश पासवान, अर्जुन माली तथा समस्त पलामू प्रमंडल के कार्यकर्ता को



जिम्मेदारी दी है। तथा संस्था के द्वारा आयोजित होने वाली 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन होने वाली है। जो कि बिहार एवं झारखंड राज्य के पलामू प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों से गरीब असहाय परिवार के कन्याओं का चयन किया गया है। जिन्हें संस्था द्वारा पलामू के शिवाजी मैदान से थाना, प्रशासन सुरक्षा बल के साथ बारात को निकालकर कर जागरूकता फेरी करते हुए भ्रमण कर वापस शिवाजी मैदान मे प्रस्थान करेगी। फिर सभी वर वधू का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा समाजसेवी के समक्ष जयमाला कर विवाह कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लिए भोजन की व्यवस्था तथा रात्रि में भोजपुरी कलाकार कुमकुम बिहारी एवं उनके टीम के द्वारा भक्ति जागरण तथा झांकी कि प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। तथा दहेज रहित विवाह करा कर उन्हें झारखंड राज्य के पेयजल मंत्री माननीय मिथिलेश ठाकुर तथा स्थानीय महापौर, उप महापौर, वार्ड पार्षद समाजसेवी, के समक्ष उन्हें घरेलू उपयोग गृहस्थ विदाई सामग्री वर वधू वस्त्र एवं श्रृंगार का सामग्री देकर ससम्मान के साथ विदाई कि जायेगी।

# प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने के मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अरसली उतरी के खडार टोला में शनिवार को देर शाम प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने मांस को जप्त करते हुए फोरेंसिक जांच में भेज दिया है। जबकि इस घटना को लेकर अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। जबकि गांव में किसी प्रकार की तनाव की स्थिति से निबटने के लिए पुलिस बल लगातार पेट्रोलिंग कर रही है।बताते चलें कि अरसली गांव में यह गौकशी की घटना पहली बार घटित हुई है।

इस घटना से मुस्लिम समाज व हिन्दू समाज के लोंगो में काफी चिंतनीय माहौल बना हुआ है। बीते दिनों खरौंधी में गोकशी की घटना के बाद मुस्लिम समाज के लोंगो ने भवनाथपुर में प्रेस वार्ता कर मुस्लिम समाज के लोंगो से खरौंधी की घटना को निन्दा करते हुए यह अपील किया था कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नही होनी चाहिए। परन्तु प्रेस वार्ता के एक सप्ताह बीतते ही दुबारा घटना होने से एक समाज के लोंगो में शर्मिंदगी महशुस कर रहे है तो दूसरी ओर हिन्दू समाज के लोंगो में काफी आक्रोश है। हिंदू समाज से पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता, प्रेम चौबे, जयराम पासवान, डोमन चंद्रवंशी, मिथिलेश गुप्ता सहित कई ग्रामीणों ने रविवार को थाना प्रभारी से मिलकर जल्द से जल्द दोषी व्यक्ति कि गिरफ्तारी करने की मांग रखी। अब देखना होगा पुलिस इस घटना का उदभेदन कितने जल्द करने में कामयाब होती है ।

### कोयल नदी के पूल के समीप ऑटो के धक्के से वृद्ध घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के रेहला में कोयल नदी पुल के समीप अज्ञात आटो के धक्के से गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा निवासी अंतु चौधरी गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना शनिवार की देर शाम की है। घायल अंतु चौधरी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार अंतु चौधरी रेहला बाजार में सब्जी बेचकर पैदल ही घर लौट रहे थे। इस दौरान रेहला में कोयल नदी पुल के समीप आटो ने उन्हें चपेट में ले लिया। इस घटना में अंतु चौधरी के सिर व पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद आटो चालक गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया। जबकि घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से घायल अंतु चौधरी को सदर अस्पताल में भेजवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# चिनियां में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के हेताड कला पंचायत सचिवालय परिसर में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की केंद्रीय कमेटी की 2 दिनों से चल रही बैठक रविवार को संपन्न हो गई है ।इसकी जानकारी देते हुए भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय महासचिव सुनील किसफोटा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि द्वितीय केंद्रीय महासम्मेलन 14 व 15 अप्रैल को मेदनीनगर के शिवाजी मैदान में संपन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन को बुलाने का निर्णय लिया गया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्याण विभाग के मंत्री माननीय चंपई सोरेन एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव तथा स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री माननीय मिथिलेश कुमार ठाकुर जी को इस महासम्मेलन में बतौर अतिथि के रुप में बुलाया जाएगा । वहीं इनके अलावा मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह एवं बलरामपुर छत्तीसगढ़ के विधायक बृहस्पत सिंह को भी इस महासम्मेलन में बुलाने का निर्णय लिया गया वही इस महासम्मेलन में 25000 आदिवासी पलामू प्रमंडल से मेदनीनगर आएंगे । महासम्मेलन के पहले दिन प्रतिनिधि सत्र होगा जिसमें कार्यों का अभिआत्मक रिपोर्ट एवं संगठन के संविधान के चर्चा के पश्चात इसे पारित कराया जाएगा । जहां नई केंद्रीय कमेटी का चुनाव किया जाएगा । वही महासम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप में सफल बनाने के लिए चिनिया प्रखंड के हेताड कला पंचायत सचिवालय परिसर में दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी जो रविवार को संपन्न हो गई है। मौके पर आदिवासी महासभा के केंद्रीय महासचिव सुनील किसफोटा, जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार, प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, सत्यनारायण सिंह, मुद्रिका माझी सहित अन्य लोग उपस्थित थे

### सांसद ने चिनिया में 20 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास, बोले-

# अथक प्रयास से योजनाओं को लाने का प्रयास किया हूं



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रखंड में लगभग 20 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। बरवाडीह तक प्रधानमंत्री सडक योजना कालीकरण, बरवाडीह से कठौतिया होते हुए जमुनियाटाड तक राज्य संपोषित सडक योजना का कालीकरण, तथा जोगीचिडीया मोड से बेता होते हुए रनपुरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना कालिकरण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के बाद बिलैतीखैर बाजार के प्रांगण में एक सभा का आयोजन हुआ। जहां झामुमो के पदाधिकारी एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने एक ही मंच पर साझा मंच के साथ कार्यक्रम को सभा को संबोधित किया । मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी भाजपा के अलख नाथ पांडे प्रमोद चौबे, झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव मनोज ठाकुर जिप सदस्य बनारसी सिंह के द्वारा भी संबोधन किया गया वही सभा का संचालन सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह, राजेश प्रसाद, शिवलाल सिंह ने की मौके पर सैकड़ों भाजपा एवं झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आमजनमानस के लिए कार्य कर रही सरकार

मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा के कोई भी राजनीतिक पार्टी को जनता के प्रति उत्तरदाई होती है, भाजपा के जनप्रतिनिधि अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत करती हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना यह भारत सरकार की योजना है। इसमें सांसद के हस्तक्षेप के बाद ही योजनाओं का स्वीकृति मिलती है। अथक प्रयास से क्षेत्र में योजनाओं का लाने का प्रयास किया है। तथा आम जनमानस के लिए भारत सरकार काम कर रही है कोई भी प्रतिनिधि हो चाहे किसी राजनीतिक दल से हो सभी का उद्देश्य होता है जनता का विकास करना सभी प्रतिनिधि मिलजुलकर जनता का विकास करें। चुनाव के आने के समय अपने अपने सिद्धांत पर चुनाव लडे जो राजनीति पार्टी जनता की सेवा में सक्षम होगा वह जनता के दिलों पर राज करेगा । इसमें सभी प्रतिनिधियों का का दायित्व बंटा हुआ है निश्चित रूप से चिनिया पिछड़ा हुआ प्रखंड है यहां उग्रवादियों का बोलबाला था, इसके लिए किसी प्रतिनिधि को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा उग्रवादियों के कारण यहां विकास बाधित रहा हमें मिलजुल कर यहां विकास की बात करना चाहिए ।

### जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल के सभागार में शिक्षक-अभिभावक बैठक में बोले निदेशक

# आपसी सहयोग से ही बच्चों का विकास सम्भव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल के सभागार में शिक्षक अभिभावक बैठक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवंदना से की गई जिसे संस्कृत शिक्षक विनय दुबे ने प्रस्तुत किया।अभिभावकों के सम्मान में स्वागत भाषण उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने दिया।उन्होंने ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच निरन्तर तारतम्य बना रहे तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव है क्योंकि दोनों के आपसी तालमेल से ही बच्चा प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। बच्चों में जो कमियां हैं, शिक्षक के साथ साथ अभिभावक भी पहचाने और दोनों मिलकर उसे दूर करने का प्रयास



करें।सभागार में उपस्थित समस्त अभिभावकों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि वर्तमान समय और परिवेश में हो रहे बदलाव के मद्देनजर रखते हुए अभिभावक और शिक्षकों का यह परम कर्तव्य है कि अपने बच्चों की क्रिया कलापों पर निरन्तर ध्यान दें।

यथासम्भव बच्चों को मोबाइल से दूर रखें तथा टयूशन के बजाए स्वाध्याय के लिए निरंतर प्रेरित करते रहें। बच्चों को समय पर स्कूल पूर्ण गणवेश, रूटिन वाइज बुक्स कॉपी और हेल्थी लंचबॉक्स के साथ भेजें। सम्भव हो तो अपने साथ स्कूल गेट तक पहुंचाने और ले जाने का प्रबंध करें इससे आपके बच्चों में आत्मविश्वास आएगा और अनुशासन भी बना रहेगा। स्कूल द्वारा समय समय पर कराई जाने वाली सभी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहें। होम वर्क डायरी का नियमित अवलोकन करते हुए हस्ताक्षर अवश्य करें हो सके तो अपना मन्तव्य सुझाव दें, यदि स्कूल के विरुद्ध शिकायत हो तो अवश्य दर्ज करें, ऐसे कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन स्वागत करता है। सीबीएसई के नियमों का अनुपालन स्कूल एवं अभिभावकों के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा पद्धति के अनुसार बच्चों को तैयार करने के लिए अभिभावक गण अपना बहुमूल्य समय अवश्य दें। बैठक में अभिभवक आदित्य कुमार, अल्माज आलम, दिव्य प्रकाश, तबरेज आलम, सूर्यदेव राम, राजीव रंजन तिवारी, मनोज कुमार, धर्मेंद्र चौरसिया, अजीत कुमार, आलोक धर दुबे, राकेश कुमार दुबे, रविरंजन कुमार, देवकांत धर दुबे रौनक कुमार,सुरेंद्र कश्यप, विनय गुप्ता, सरिता तिवारी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति के साथ साथ शिक्षक वर्ग में उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, नरेंद्र सिन्हा, मुकेश भारती, संजीव कुमार, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, नीलम केशरी, सन्तोष प्रसाद, सुषमा तिवारी सहित समस्त अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर उपस्थित रहें।

### युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी बृजदेव मेहता के पुत्र शिवम मेहता ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज को लेकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम को शिवम मेहता को उसके स्वजनों ने घरेलू कामकाज को लेकर डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर शिवम मेहता ने रात में घर में रखे पौधे पर छिड़कने वाले कीटनाशक को खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। इसके पश्चात उसे रविवार को अलसुबह में अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध निकाली गयी जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस कार्यालय पुरैनी से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल समूह की महिलाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं तथा कुरीतियों से लड़ रही हैं। रैली में शामिल महिलाएं-हम भारत की नारी हैं- फूल नहीं चिंगारी है, चल बहन हम मिलकर जाएं- भेदभाव को दूर हटाए सहित अन्य नारों के साथ हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम किया। यह अभियान आगामी 23 दिसंबर तक चलाया जायेगा। रैली पुरैनी कार्यालय से निकलकर बस स्टैंड होते हुए पूर्व मंत्री स्व0 गिरिवर पांडेय चौक के पास पहुंचकर सम्पन्न हुआ। रैली में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक धनंजय कुमार, एफटीएस अनुज सिंह, सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, भरत कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह, संजय राम, निधि भारती, जेंडर सीआरपी वाजदा,अस्तरुन खातून, मायावती, प्रीति देवी, मंती देवी, पिंकी देवी, सीआरपी इपी प्रतिमा,दुर्गावती, कौशल्या देवी, पूजा, परी, इंद्रावती,बीआरपी एल एच, कृतिका राय, गायन्ति, दीपशिखा सहित महिला स्वयं सहायता समूह की अन्य महिलाएं शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता का खरवार भोक्ता समाज ने किया सामाजिक बहिष्कार



**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक रविवार को चंदवा के चटुआग गांव के देवीमंडप में प्रखंड अध्यक्ष रामबचन देव गंझू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। मंत्री ने अपने बेटे की शादी दूसरे जाति में करने से भोगता समाज नाराज दिखा। सबों ने एक स्वर में फैसला लेते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों ने कहा कि भोगता समाज की पहचान नीलांबर-पीताम्बर से है ना कि मंत्री सत्यानंद भोगता से है। इसके अलावा आगामी 15 दिसंबर को स्व० रामदेव गंझू के 7वां पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 24 दिसंबर को आयोजित भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली रांची में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन सचिव प्रकाश गंझू के द्वारा किया गया। मौके पर सुरेश गंझू,महेश गंझू,रामधन गंझू,सत्यनारायण गंझू,प्रयाग गंझू,पच्चू गंझू,जगेश्वर गंझू,रविंद्र नाथ गंझू, सुखारी भगत, द्वारिका गंझू समेत बड़ी संख्या में गंझू समाज के लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने गिद्धौर में चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस द्वारा गिद्धौर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल व पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता कर रहे थे। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के जपुआ, केंदुआ, सलीमपुर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन चला रहे यात्रियों को हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में तत्पर है। आपकी सुरक्षा के लिए ही समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाई जाती है। ताकि चालकों में जागरूकता आ सके और बाइक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस दौरान आवश्यक कागजातों की भी जांच की गई।

### आराध्या महिला समूह ने वाहन चालकों के बीच किया कंबल का वितरण

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को बढ़ते ठंढ को देखते हुए आराध्या महिला समिति ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल की आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोना क्षेत्र में चलने वाले प्राइवेट वाहन चालकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बचरा स्थित मंगलम भवन में एक समारोह आयोजित कर किया गया, जहां 50 से अधिक मौजूद निजी वाहन चालकों को कंबल दिए गए। सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि आराध्या महिला समिति (सीसीएल) द्वारा आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में प्रत्येक माह एक सामाजिक कार्यक्रम अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा विमला प्रसाद के मार्गदर्शन में किया जाता है। मौके पर महिला मंडल की शारदा प्रसाद, रेखा मेहता, नुजहत अख़्तर, रीना सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### सिमरिया बीडीओ ने किया वोटर सत्यापन कार्य का निरीक्षण



**सिमरिया (चतरा)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत नए वोटर को जोड़ने के लिए फॉर्म सिक्स, नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा शुद्धिकरण के लिए फार्म 8 भरवाया जा रहा है। इसी क्रम में वोटर सत्यापन से संबंधित कार्यों का रविवार को स्थल पर पहुंचकर बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारी नीतू सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। बीडीओ के द्वारा निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर आवेदन में दिए गए तथ्यों की जांच कर सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीडीओ जबड़ा, सबानो, बन्हे तथा बाना साड़ी पंचायत भ्रमण कर आवेदन सत्यापन कार्य का जायजा लेते हुए बीडीओ ने संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# प्रकृति के बीच कल-कल कर ऊंचाई से गिरती कांती झरना का पानी सैलानियों को कर रही है आकर्षित



**मुबारक आलम**

**चंदवा।** प्रकृति ने चंदवा प्रखंड को भी अपने अनुपम छटा से सजाया है। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई मनमोहक स्थान है जो निरंतर लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती है।

चंदवा प्रखंड के लाधुप स्थित कांती झरना उन्हीं मनोरम स्थानों से एक है। यह झरना घने जंगल के बीच अवस्थित है, यहां का दृश्य बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। पत्थरीलि चट्टानों से हो कर नदी की निर्मल जल कल कल करती अपने पथ पर निरंतर गिरते पड़ते अपने मंजिल को बढ़ती है कांती झरना बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

#### कैसे पहुंचा जा सकता है

झारखंड की राजधानी रांची से कांती झरना की दूरी लगभग 65 किमी है तथा लातेहार जिले के चंदवा से 17 कि मी की दूरी पर रांची चंदवा मुख्य सड़क पर लाधुप के पास से वहां पहुंचा जा सकता है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए सैलानियो को अपने निजी वाहन से पहुंचना होगा तथा अपने साथ नास्ता व भोजन का व्यवस्था ले कर पहुंचना होगा आबादी से दूर होने के कारण खाने पीने के सामान उपलब्ध नहीं होते हैं।

#### सावधानी

यहां पहुंचने वाले सैलानी सावधानी का विशेष ख्याल रखें। झरना की चट्टानें बेहद चिकनी तथा फिसलन भरी है। किनारे पर न जाएं और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

#### नव वर्ष पर सैलानियों की होती है भरमार

यह झरना राज्य स्तर पर प्रचलित नहीं होने के बावजूद भी नजदीक के क्षेत्र के सैलानियो के बीच काफी प्रसिद्ध है। कमोबेश यहां सालभर सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। नव वर्ष पर सैलानियों की यहां भरमार रहती है। 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां मेला का भी आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग अगर कांती झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित कर ध्यान दे तो यह राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में देश के मान चित्र पर दिखाई देगा।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू, बोले डीसी

# अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार श्री भोर सिंह यादव ने जिला खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ फुटबॉल को किक कर किया। मौके पर उपायुक्त लातेहार ने प्रखंड स्तर पर विजयी होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आयी सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामना दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा पुरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय हासिल करें एवं जिले का नाम रौशन करें।

परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री विन्देश्वरी ततमा ने कहा लातेहार जिले के युवाओं में काफी प्रतिभा है। लातेहार जिले से फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों में कई अच्छे खिलाड़ी निकले हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी ने कहा इस फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीतामणि तिर्की ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।



#### मनिका ने हेरहंज की टीम को 4-3 से हराया

पहला मैच बालक वर्ग में मनिका एवं हेरहंज की टीम के बीच खेला गया( जिसमें पेनाल्टी शूट आउट में मनिका की टीम ने हेरहंज की टीम को 4-3 से हराया। बताते चलें कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजयी टीम भाग ले रही है( जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। इस मौके पर अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार श्री शेखर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार श्री मेघनाथ उरांव, जिला परिषद सदस्य श्री विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

## अवैध रूप से संचालित कोयला खदान में चला बुलडोजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुबेद गांव के समीप अवैध कोयला कोयरी को एसडीएम शेखर कुमार व डीएमओ आनंद कुमार की निगरानी में ध्वस्त कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उपायुक्त को सूचना मिली थी कि तुबेद गांव के समीप अवैध रूप से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर लातेहार एसडीएम शेखर कुमार व डीएमओ आनंद कुमार पोकलेन मशीन के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और अवैध उत्खनन वाले स्थान को ध्वस्त कर उसमें मिट्टी भरवा दिया गया। प्रशासन द्वारा अवैध खनन में शामिल कोयला माफियाओं की पहचान में जुट गई है। ज्ञात हो कि तुबेद में कोयला खदान खुलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी का फायदा उठाकर कोयला माफिया भी कोलियरी क्षेत्र के आसपास से अवैध कोयले का उत्खनन कर बड़े पैमाने पर उसकी तस्करी की जा रही है। ग्रामीणों की माने तो कोयले के अवैध उत्खनन कार्य में स्थानीय तस्कर के साथ साथ बाहरी तस्कर भी शामिल हैं। इधर प्रशासन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जिले में खनिज संपदा के अवैध रूप से उत्खनन,परिवहन एंव भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अवैध कोयला कोयरी को ध्वस्त किये जाने के बाद से कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### निदेशक ने कार्यो का किया निरीक्षण

**टंडवा (चतरा)।** 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन केंद्र नार्थ करनपुरा वृहद ताप परियोजना (एनटीपीसी) के एकदिवसीय दौरे पर निदेशक रमेश बाबू रविवार को पहुंचे। इस दौरान तमाम प्रबंधकों के साथ परियोजना क्षेत्र का भ्रमण कर बारीकी से कार्यों का अवलोकन करते हुए अबतक के कार्य प्रगति पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। ज्ञात हो कि प्रबंधन पहली यूनिट से नए साल में उत्पादित विद्युत, वितरण के लिए तमाम मानकों का अबतक परीक्षण लगातार कर रहा है। निदेशक के साथ जीजीएम तजिंदर गुप्ता,दीप्तेंदु मंडल, लाडू किशोर बेहरा, धीरज गुप्ता समेत अन्य शामिल थे।

## स्कूल भवन के बाहर बैठकर पढ़ाई करते है बच्चे, भवन की स्थिति जर्जर

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के कई वादे होते है, लेकिन नेतरहाट अंतर्गत करमखाड़ की तस्वीरें कुछ और हकीकत बयान कर रही है। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय करमखाड़ के बच्चे स्कूल भवन के बाहर बैठकर पढ़ाई करते है, क्योंकि भवन की हालत काफी जर्जर है। शिक्षक बच्चों को मैदान में बैठा पढ़ाना मुनासिब समझते है, ये हालात गांव का सरकारी स्कूल की है। विद्यालय में 26 आदिवासी बच्चे नामांकित है, ये भवन पिछले पांच सालों से जर्जर अवस्था में है, छत में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी है, दो कमरो का भवन के छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, खिड़की दरवाजा नही है, शौचालय, रसोईघर जर्जर है, स्कूल के अंदर जान का खतरा होने के कारण खुले आसमान नीचे पढ़ाई संचालित होती है, बारिश के दिनों में पढ़ाई जर्जर भवन में होती है। शिक्षक सुचित कुजूर ने बताया आला अधिकारियों को सूचना दी गई है, फिर कोई पहल नहीं हो पाई है।

## उकामाड़ गांव में दुकान जा रही बच्ची पर तेंदुए ने किया हमला, इलाज के क्रम में मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के पलामू टाइगर रिजर्व के उकामाड़ ग्राम मे शनिवार शाम तेंदुए के हमले में एक 12 वर्षीय बच्ची घायल हो गईं। हमले में गंभीर रूप से घायल बच्ची ने इलाज के दौरान एमएमसीएच में दम तोड़ दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार देर शाम की है। 12वर्षीय बच्ची किरण कुमारी पिता विष्णु सिंह लातेहार औरैया की रहने वाली थी। वह उकामाड अपने फूफा के घर घूमने आई थी। घटना के वक्त वह कॉपी-कलम लेने गांव के अन्य तीन बच्च के साथ ही पास के दुकान में गयी थी। तेंदुए के हमले में बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। बच्ची की बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर उसे बचाया, तब तक तेंदुए जंगल की ओर भाग निकला। घायल बच्ची को परिवार के लोगों और वन विभाग की टीम के द्वारातत्काल एमएमसीएच मेदिनीनगर ले जाया गया।



जहां पर इलाज दौरान बच्ची ने देर रात एक बजे दम तोड़ दिया। घटना के बाद वन विभाग के वनपाल शशांक शेखर पांडे द्वारा सरकारी प्रावधानों के तहत 26000 की तत्काल सहायता राशि दी। वहीं सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली अन्य सुविधा भी जल्द उपलब्ध कराने की बात कही। इस घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के संबंध में वनपाल शशांक शेखर पांडेय ने बताया कि प्राथमिक जांच में घटना में तेंदुआ द्वारा हमला की बात सामने आ रही। मामले की विस्तृत जांच के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

### गौरक्षणी धाम फुलांग पहुंचे पुण्यसंत महाराज जी, बोले-

# भारत में देशी गायों का अस्तित्व खतरें में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** रविवार को मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत फुलांग पंचायत अंतर्गत गौरक्षणी धाम रविवार को गो रक्षा एवं गौसंवर्धन सेवा समिति हरिद्वार के पुण्यसंत महाराज जी पहुंचे। इनके साथ चतरा के भाजपा सांसद सुनिल कुमार सिंह एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव का भी आगमन हुआ। ज्ञात हो कि गौरक्षणी धाम का अपना 420 एकड जमीन है। जिसमें पहले से ही गो रक्षा कार्य पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह के द्वारा संतो के माध्यम से की जा रही थी। पूर्व विधायक श्री सिंह का त्याग व सांसद के प्रयास से गो रक्षा एवं गौसंवर्धन सेवा समिति हरिद्वार के दर्जनो संत देसी गाय संरक्षण को लेकर गौरक्षणी पहुंचे और भौतिक रुप से निरीक्षण किया। समिति के



पुण्य संत महराज जी ने कहा कि आज देश में देसी गाय का अस्तित्व खतरे में है। किसान की विवसता कहें आ लाचारी गो सेवा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में किसान अपने पशुओं को खुला छोड़ दे रहे हैं। आज देश में माता-पिता से बच्चों का और गाय से किसान का स्नेह खत्म हो रहा है, ऐसे में फिर से बच्चों एवं किसानों में विश्वास पैदा करना है। इस दौरान महाराज जी ने कहा कि जैसे हरिद्वार, उतर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में 18 हजार देसी गो सेवा समिति द्वारा की जा रही है। उसी तरह समिति गौरक्षणी में भी देसी गाय संरक्षण के लिए कार्य करेगी। मौके पर सांसद श्री सिंह ने गो रक्षा के लिए समिति को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद जी, स्त्रवानंद जी, अन्यानंद जी, पुष्करनंद जी एवं दर्जनो संत के अलावा पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह, हरिशचंद्र सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, पिंटु सिंह, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### पागल कुत्ते ने एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर किया घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के बारियातू एवं साल्वे गांव में एक पागल कुत्ते ने अपना आतंक मचाते हुए दर्जनाधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया। घायलों में बारियातू ग्राम निवासी मिथुन कुमार, प्रभु राम, प्रसाद राम अरविंद हलवाई जबकि साल्वे ग्राम निवासी धर्म उरांव का पुत्र राजदेव उरांव इटके ग्राम निवासी मोहम्मद साजिद का पुत्र आजाद अंसारी आदि शामिल है। जिनका उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा की गई। उपरोक्त घायल लोगों ने बताया कि वे आम राहगीर की तरह सड़क से गुजर रहे थे कि इसी दौरान पागल कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। पागल कुत्ते द्वारा बारियातू एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक मचाए जाने से लोगों में भय और दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी का विस्तार सुरेश मिश्रा बने बरवाडीह के अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने वरीय कांग्रेसियों की उपस्थिति प्रेस वार्ता कर अपने नई कमिटी विस्तार की जानकारी दी। कमिटी में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद गुप्ता, जबकि छिपादोहर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, बरवाडी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा को बनाया गया है। प्रखंड कांग्रेस कमेटी में हुलास कुमार सिंह, समसुल अंसारी, अरुण कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, राहुल प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार सिंह, सलीम अंसारी, भुवनेश्वर सिंह, शुभम दुबे, आलोक सिंह, पंकज पासवान, काजमी अनवर, विष्णु राम, शहाबुद्दीन खान, असलम अंसारी महासचिव, राजू परहीया, दुखन सिंह, नंदलाल प्रसाद, हेशामूल अंसारी, अंतू साव, अमन



गुप्ता, संजीव सिंह, हिमांशु गुप्ता ,संजीव श्रीवास्तव ,राणा प्रताप सिंह को सचिव , अमोद कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वही आमंत्रित सदस्य में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रविंदर राम , 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रेम कुमार सिंह पिंटू ,नौशाद आलम, अवधेश मेहरा, अरुण सिंह,अजीत कुमार आदि लोग शामिल है।

### तेतरिया पीओ का स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन, बोले विस्थापित नेता

# माइंस संचालित करने में जनता का होगा साथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित राजहरा एरिया के तेतरिया कोल माइंस परिसर में विस्थापित मजदूर नेता गिरधारी यादव के नेतृत्व में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान पीओ दिलीप कुमार एवं नए पिओ अनिल कुमार सिंह के अलावे विशिष्ट अतिथि प्रियंका कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, मुखिया विमला देवी, कांग्रेस प्रदेश नेता मो. जुबेर आदि का आयोजन कर्ताओं ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। वहीं विस्थापित मजदूर नेता गिरधारी यादव ने पुष्पगुच्छ देकर और शॉल उड़ाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर श्री यादव ने कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए कहा कि तेतरिया के विस्थापित मजदूर ट्रक ऑनर, डिओ होल्डर एवं यहां के जनप्रतिनिधि का रेगुलर माइंस को संचालित करने में अहम भूमिका रहा है और आगे भी रहेगा। निविर्तमान पीओ दिलीप कुमार के 2 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है ।

आगे कहा कि कहा माइंस से तबादला हुआ है हमारे दिलों से नहीं।

वही श्री यादव ने यह भी कहा कि जिस तरह पूर्व पीओ ने हम रैयत विस्तापित का एक दूसरे के ताल मेल से माइंस को संचालित किए हैं उसी प्रकार से नए पिओ अनिल सिंह से अपेक्षा करते हैं। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि माइंस को संचालित करने के लिए हम बसिया पंचायत के जनता सदैव साथ थे साथ रहेंगे। वही निविर्तमान पीओ दिलीप कुमार ने कहा कि अपने कार्यकाल में बसिया पंचायत की जनता का बहुत ही सहयोग रहा। जिसे हम भूल नहीं सकते हैं और आशा करते हैं कि नए पीओ को भी आप मेरे जैसे ही सहयोग प्रदान करें। का

मौके पर मंचासीन अतिथि कृष्णा यादव, मनोज यादव ,कुलदीप यादव, शिवनारायण साव आदि एवं प्रेस प्रतिनिधि अजीत कुमार सहित अन्य संवाददाता को कार्यक्रम संचालन कताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन गंगेश्वर यादव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बालूमाथ एवं संतोष यादव ने संयुक्त रूप से की। वही कृष्णा यादव के मंतव्यों के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे विकास यादव, रामेश्वर यादव, फुलदेव यादव,जगदीश यादव, प्रकाश यादव ,रोशन यादव, महादेव यादव, संजय यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर 12 बकायेदारों का काटा कनेक्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को विद्युत विभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के पहरा खलारी सहित अन्य गांव में 12 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। कहा गया कि बकाया बिजली बिल जब तक जमा नहीं हो जाता तब तक किसी भी स्थिति में बिजली जलाना गैर कानूनी है। विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात विद्युत जलाते हुए यदि पकड़े जाते हैं तो जुमार्ना के साथ-साथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। अभियान में पहरा के धनेश्वरी देवी, बसंती देवी, राधवा देवी, गोकुल साव, गोपाल पांडेय, शिव नारायण पांडेय, मंजू देवी खलारी के बसंती मुंडा, सुनीला, अनीता देवी का कनेक्यान काटा गया। छापेमारी अभियान में संतोष कुमार दांगी, विकास कुमार, महावीर दांगी, पंकज कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### विधायक नमन विक्सल ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी अपने विधानसभा क्षेत्र कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत के गढाटोली,जोन्हाटोली तथा ऐडेगा पंचायत के पोगलोया आदि गांवों का दौरा किया तथा वहां के लोगों से मिले।वहां की जनता के बुलावे पर विशेष रुप से उनके गांव गये तथा उनके समस्याओं को सुने, वहां के लोगों की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को सुना तथा जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिए, वहां के सड़कों,जल की समस्याएं,तथा अन्य समस्याओं को अपने मद तथा अन्य जिला मद से दूर करने की बात कही ।साथ ही जी इ एल प्राथमिक विद्यालय पोगलोया की भी जर्जर स्थिति देखते हुए लोगों ने अवगत कराया तथा उसे जनवरी से रिपेयरिंग करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, फुलकेरिया डांग सुरेश द्विवेदी अमित बागे, अमृत डुंगडुंग,राहुल केरकेट्टा आदि उपस्थित रहे।

### चट्टी साप्ताहिक बाजार से प्यागो ऑटो की चोरी

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी साप्ताहिक बाजार से शनिवार को प्यागो ऑटो की चोरी हो गया। इस सबंध में भंडरा निवासी स्व तारणी प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार ने भंडरा थाने में लिखित आवेदन दिया है। सोनू ने बताया की शनिवार को चट्टी साप्ताहिक बाजार ऑटो नम्बर जेएच 01 डीएफ 2766 लेकर गया था वह बाजार में श्रृंगार का दुकान लगाता है और आये दिन की तरह ऑटो को बाजार के निकट करंज पेड़ के पास खड़ा किया था और श्रृंगार दुकान लगाने चला गया उसने बताया की उसी उपरांत करीब 12:00 और 2:00 बजे के बीच गाड़ी करंज पेड़ के पास पार्क था। करीब चार बजे शाम में पता चला कि ऑटो गायब है काफी खोज खबर के बाद भी पता नही चल पाया। बता दे कि पूर्व में भी चोरों ने बाजार से कई बाइक को गायब कर चुके है।

### डाक बंगला बानो में सरना सनातन महा सम्मेलन को लेकर बैठक आज

**बानो।** बानो में होने वाले सरना सनातन महा सम्मेलन को सफल बनाने के लिये आज 10 बजे से डाक बंगला बानो कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई है। सरना सनातन महा सम्मेलन के सफल आयोजन करने के लिये पदधारियों का चयन तथा प्रखण्ड के विभिन्न गावो से कार्यक्रम में लोगो को इसकी जानकारी लोगो तक पहुचाने के लिये लोगो का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से महासम्मेलन में भाग लेने का सुनिश्चित किया जा सके। जानकारी हिन्दू जागरण मंच के प्रांत मंत्री शिवशरण सिंह ने दी।

### बानो में 18 दिसंबर को होगा क्रिसमस गैदरिंग, सिसई विधायक रहेंगे अतिथि



**बानो।** ऑल चर्चेस कमिटि बानो की बैठक अध्यक्ष जगदीश बागे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आगामी 18 दिसम्बर दिन रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सिसई विधायक जिग्गा सुसारन मुण्डा एवं मुख्य वक्ता के रुप में पादरी-अलेक्स डाँग राँची उपस्थित रहेंगे।समिति ने तमाम समिति के लोग एवं आम जनता से अनुरोध किया है कि अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करें और अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।और प्रभू यीशु का जन्मोत्सव का आशीष प्राप्त करें बैठक में उपाध्यक्ष अमुष कंडुलना, सचिव-सुलेमान बरला,उपसचिव-आनन्द मसीह तोपनो, कोषाध्यक्ष-बिरजो कंडुलना, कार्यकारी उपसचिव-सुधीर लुगुन, सलाहाकार सुधीर डांग, अनुप मिंज, कोमल कंडुलना,पास्टर-दुलार बा:,मेक्लिन लुगुन, सोसन बरला,विनोद डांग, जोनसन सुरीन ओमप्रकाश कंडुलना,प्यारा तोपनो एवं अन्य मसीही विश्वासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो की हुई मौत, चार गंभीर

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी के समीप रविवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार रविवार देर शाम हुए दो बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति की हुई मौत हो गई है वहीं चार की हालत गंभीर बनी हुई है। चट्टी- कैरो सड़क में बड़ाझाई मोड़ के समीप बाइक संख्या जेएच 01 ईडी 6690 एवं जेएच 01 ईडी 6742 बाइक जिसमें तीन तीन लोग सवार थे आपस मे टकरा गए। दोनों बाइकों में हुई जोरदार टक्कर से नारकोपि निवासी सफीक अंसारी के पुत्र राजू अंसारी एवं एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य चार बाइक सवारों की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य चार घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से रांची रिम्स भेज दिया गया है।

---

### गीता जयंती पर भव्य शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गयी

# जय श्री राम जय हनुमान के नारों से गुंजायमान रहा लोहरदगा शहर

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** गीता जयंती के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा रविवार को भव्य रूप से शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गई।

- शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत
- शौर्य पथ संचलन को लेकर अलर्ट मोड पर रही जिले की पुलिस प्रशासन
- विहिप ने कहा, भारतीय संस्कृति में गीता का एक उच्च स्थान, उसके महत्व को जाने






शौर्य पथ संचलन की शुरूआत स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से हुई। स्टेडियम में उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पुनः स्टेडियम पहुचकर सभा मे तब्दील हो गई। इस दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। विभिन्न मुहल्लों में पथ संचलन में शामिल लोगों पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। इसमें शामिल विहिप व बजरंग दल के कार्यकताओं ने अपने हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए थे। शौर्य पथ संचलन ललित नारायण स्टेडियम से प्रारंभ हो बरवाटोली, मिशन चौक, राणा चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, थाना चौक, बड़ा तालाब, अमलाटोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबामठ, कोर्ट रोड, न्यू रोड होते वापस ललित नारायण स्टेडियम पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गई। शौर्य पथ संचलन में जिले के सभी सात प्रखंडों से लोग शामिल हुए। वही शहरी क्षेत्र के सभी सनातनी से विहिप बजरंग दल के लोगो ने इस शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की थी जिसका असर देखने को मिला। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लोगो ने स्वतः अपनी दुकानें बंद रखी थी। शहर के सभी दुकान बंद थी। इधर आयोजित सभा मे उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शन किया गया। उन्हें गीता का उपदेश देकर समाज, धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। उनके अंदर बौद्धिक ज्ञान को संचार किया गया। सभा के समाप्ति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर विहिप के मुख्य संरक्षक राजेंद्र खत्री, अध्यक्ष अनिल गुप्ता, नगर अध्यक्ष चंदन गोयल, सतीश जायसवाल, सतीश पांडेय, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, सचिन सिंघानिया, देवेंद्र मंडल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर शौर्य पथ संचलन को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन रही। हर चौक-चौराहों समेत चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती की गई थी। एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का कमान संभाले हुए थे। पथ संचलन के आगे आगे इंस्पेक्टर मंटू कुमार, इंस्पेक्टर बी. प्रसाद, थाना प्रभारी पंकज शर्मा, किस्को थाना प्रभारी सन्नी कुमार, पेशरार थानाध्यक्ष अख्तर अली, जोबांग थाना प्रभारी, सेन्हा थाना प्रभारी आदि सुरक्षा के कमान संभाले हुए थे।

#### गीता के उपदेश को मानवता की भलाई के लिए उपयोग करें : सच्चिदानंद अग्रवाल

**मौके** पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यदि व्यक्ति इसमें लिखी बातों को अपने जीवन में उतारे तो उसका कल्याण निश्चित है। गीता के उपदेश को अपने जीवन में लाकर हमें मानवता की भलाई के लिए इसका उपयोग करना चाहिए।

#### हमें सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए : डॉ टी साहू

**मुख्य** संरक्षक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि हमें सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी रखे। गीता का ज्ञान होना हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। कहा कि गीता का ज्ञान हमे अंधेर में रैशनी दिखाती हैं। हमें चट्टानी एकता के साथ हमेशा तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का संदेश हमारे अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करता है। भारतीय संस्कृति में गीता का एक उच्च स्थान है। गीता के संदेश को हम अपनी दिनचर्या में शामिल करें तो समाज में फैली कुरीतियों का अपने आप अंत हो जाएगा।

#### श्रीमद्भागवत गीता एक बहुत ही प्राचीन पवित्र ग्रंथ है : देवी सिंह

**विहिप** के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक बहुत ही प्राचीन पवित्र ग्रंथ है। इस ग्रंथ में दुनिया को सद्मार्ग दिखाने की ताकत है। इसलिए हर व्यक्ति को न केवल गीता पढ़नी चाहिए, बल्कि इसके अंदर निहित ज्ञान को अपने जीवन में ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता एक पवित्र ग्रंथ ही नही, बल्कि यह जीने की एक पद्धति तथा जीने का आधार भी है।

---

### एक दिवसीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागियों को मिला सम्मान

## व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही लाभकारी चीज है साइक्लिंग : अशोक यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला साइकिलिंग संघ व डिफेंस एकेडमी के तत्वधान में एक दिवसीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ साइकिलिंग के जिला सचिव व ग्रैफलिंग कुश्ती के जिला सचिव दीपक हेंब्रम, डिफेंस एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव, तीरंदाजी के जिला सचिव श्रीकांत कुमार साहू और रूरल स्पोर्ट्स अकैडमी किस्को के संचालक तबारक अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह प्रतियोगिता बरहीडीपा से शुरूआत होकर बीएस कॉलेज मैदान में आकर समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि अशोक यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखेर भगत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व जिला 20 सूत्री सदस्य नेशार अहमद और नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारुख शामिल होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर मुख्य अतिथि अशोक यादव ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि एक व्यक्ति को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना रुचि रखना चाहिए। खास करके साइकिलिंग एक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही लाभकारी चीज है। एक के समय में लोग साइकिल से ही दूर-दूर तक सफर किया करते थे। अभी इस चीज से लोग दूर होते जा रहे हैं। लेकिन इस तरह प्रतियोगिता के माध्यम से इन चीजों से जुड़े रहने का अवसर प्रदान होता है। वही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखेर भगत ने डिफेंस एकेडमी लोहरदगा और जिला जिला साइकिलिंग संघ के पहल से इस तरह से युवाओं को आगे ले जाने और ऊपर उठने का एक प्लेटफार्म देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ी ईमानदारी से मेहनत कर आने वाला समय में अपने जिला,राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से कुछ दिन पहले अग्निवीर भर्ती में डिफेंस एकेडमी लोहरदगा से क्वालिफाइड विद्यार्थी सोहित लोहरा, दशेन्दर उरांव, अशोक महतो और एसएससी जीडी में चयनित प्रदीप उरांव व अयोध्या में राष्ट्रीय ग्रैफलिंग कुश्ती में शामिल सविता, कुमारी निकिता कुमारी और शिवम सिंह को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 और ओपन टू ऑल आयु वर्ग के बालक एवं बालिका प्रतिभागी भाग लिए और सभी ग्रुप में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के रूप में पूरे लोहरदगा भर से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये चयनित सभी खिलाड़ी 22 और 23 दिसंबर को होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर डिफेंस एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, राष्ट्रीय एथलीट संतोष राम, विनोद महली, उनिता लकड़ा, सुमन कुमारी, राष्ट्रीय साइकिलिंग खिलाड़ी नेहा टोप्पो, हिदेश्वर महतो, निरल बैक, ग्रैफिंग के जिला कोषाध्यक्ष शुभम सहदेव, सरना कोचिंग सेंटर के शिक्षक मनोज उरांव, डिफेंस एकेडमी से कुंदन साहू, प्रेम सिन्हा, अमित उरांव, सोनाराम यादव, महादेव महली, प्रबल महली, रिया कुजुर, सविता कुमारी, छोटन उरांव, मुन्ना उराव, मनोज उरांव, अरुण कुमार साहू, चंद्रशेखर उरांव, अशोक उरांव, महिंद्र उरांव, हर्ष कुमार, प्रतीक कुमार, कनक कुमारी, मोनिका कुमारी, काजल कुमारी आदि खिलाड़ी शामिल थे।




---

## मां शारदा धाम बानमारा में आयोजित नि:शुल्क कोचिंग का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बानमारा गांव स्थित मां शारदा धाम में चल रहे निःशुल्क कोचिंग क्लास का समापन किया गया। मौके पर आरएसएस के बिहार,झारखंड उतर-पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख अजय जी, विभाग प्राचरक सम्मी जी, स्वादेशी जागरण मंच के कलेश्वर जी आदि उपस्थित थे। समापन के मौके पर शारदा धाम केंद्र में कोचिंग प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों के उज्जवल भवष्यि की कामना की गई। अतिथियों ने सभी छात्रों को संस्कारवान बनने की बात कही। उन्होने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा ही व्यक्ति को महान बनाता है। मौके पर छात्रों के बीच पुस्तक एवं अन्य सामग्रियों का भी वितरण किया गया। बताया गया कि कोचिंग में 49 बच्चों को निःशुल्क कोचिंग एवं अन्य सुविधा दी गई है। पिछले चार वर्षो से लगातार शारदा धाम समिति के द्वारा निःशुल्क कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक त्रिलोचन प्रधान आदि का योगदान रहा।



#### ज्ञान और कला की भूमि है शारदा धाम: अजय जी

**शारदा** धाम में साक्षात मां शारदे का निवास है, और यह भूमि ज्ञान और कला की भूमि है। आरएसएस के बिहार,झारखंड उतर-पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख अजय जी ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को शुभकामना दी। उन्होने कहा कि मां शारदा धाम आश्रम के द्वारा जंगलों-पहाड़ों में निवास करने वाले बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने का सराहनीय पहल किया जा रहा है। आश्रम के इस पहल से जंगलों-पहाड़ों के बीच रहने वाले बच्चे भी शिक्षा के अधिकार से जुड़ रहे हैं। मौके पर छात्रों के बीच योग पुस्तक और हनुमान चालिसा का भी वितरण किया गया।

---

## दुकानदारों के लिए खतरा बना सूखे आम के पेड़ का नीलामी प्रक्रिया संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को मुख्य चौक पर लगने वाली साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों के लिए हर वक्त खतरा बना आम का सूखा पेड़ की नीलामी अंचलाधिकारी बुड़ायं सारू के द्वारा कराई गई। इधर सीओ बुड़ायं सारू के द्वारा लगाये गए नीलामी प्रक्रिया में कुल पांच लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें विवेक कुमार साहू 3 हजार रुपये से नीलामी की बोली की शुरूआत की। इसी तरह नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले हदीस अंसारी ने अधिकतम 5 हजार रुपये, साकिर हुसैन अंसारी के द्वारा अधिकतम 6 हजार रुपये और मोहसिन अंसारी अधिकतम 7 हजार रुपये की बोली लगाया। इधर नीलामी प्रक्रिया में सबसे अधिकतम 8 हजार 6 सौ रुपये की बोली लगाकर सरफराज अंसारी सूखे आम की पेड़ की खरीददारी की एवं नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर सरकारी राजस्व को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर दिखाया। मौके पर सीओ बुडाय़ं सारू के अलावा किस्को अंचल के प्रधान सहायक भरत कुमार पलाई,किस्को थाना के एएसआई गोविंद सिंह, राजस्व कर्मचारी रौशन लाल रवि, इम्तियाज अंसारी, शेख मनीर, हबीब अंसारी, कबीर अंसारी, गफ्फार अंसारी, ताहीर अंसारी, रेहान अंसारी, अजबुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- सरफराज अंसारी अधिकतम 8 हजार 6 सौ की बोली लगाकर लिया नीलामी



---

## विद्या विकास समिति का खेल महाकुंभ पुरस्कार वितरण

### अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का विशेष आयोजन किया गया। मंच पर मौके पर विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, संयोजक सहअध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध कारिणी के सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, शोभा देवी, जीत वाहन बढ़ाईक, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विवेक नयन पांडेय, सुरेश मंडल आदि गणमान्य महानुभाव उपस्थित हुए। खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा 100 मीटर दौड़ भैया-प्रथम-कमलेश उरांव लोहरदगा, द्वितीय-अंकित उरांव भरनो, तृतीय-सुभाष असुर रायडीह, 400 मीटर दौड़ बहन-प्रथम-हिमानी चाला उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-सुभाषिनी सोरेन, ललमटिया, तृतीय-सोनम धनवार, भरनो, गोला फेंक भैया-प्रथम-कैलाश उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-अमन कुमार, सिंदरी, तृतीय-सुभाष असुर, रायडीह, लंबी कूद बहन-प्रथम-लक्ष्मी हेंब्रम, चाईबासा, द्वितीय-दिव्या उरांव, लोहरदगा, तृतीय-शीतल कुमारी, रजरप्पा प्रोजेक्ट, लंबी कूद भैया-प्रथम-कैलाश उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-ज्ञान सिंह, भरनो, तृतीय-अमरदीप सोरेन, सीतिक बोना, कबड्डी भैया वर्ग में प्रथम-देवनगर एवं द्वितीय-भरनो ने प्राप्त किया। यह खेलकूद प्रतियोगिता आज तक चलेगी।



---

### पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

# योग के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना सम्भव नहीं : प्रवीण कु. भारती

**नवीन मेल संवाददाता**

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में की गई। बैठक के पूर्व जिला प्रभारी द्वारा योगाभ्यास एवं ध्यान कराया गया और कहा गया कि योग के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना सम्भव नहीं है। योगाभ्यास के बगैर कोई भी व्यक्ति स्वस्थ जीवन नहीं जी सकता। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 25 दिसम्बर से सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की जाएगी। जिला प्रभारी ने बताया कि योग प्रशिक्षण पन्द्रह दिवसीय होगा, जिसमें पतंजलि योगपीठ मुख्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त दक्ष एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती, शिवशंकर सिंह, अभय भारती, दिनेश प्रजापति, खुशी भारती ,अंकित अग्रवाल , शिवराज आदि के द्वारा दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण में योग, आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन शैली से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिसकी सहयोग राशि ग्यारह सौ रुपये की होगी। प्रमाणपत्र मिलने से सरकारी तौर पर योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड के लेवल वन, टू एवं लेवल थ्री के सर्टिफिकेशन में प्रशिक्षुओं को बहुत आसानी होगी। भारत सरकार द्वारा, योग को खेल का दर्जा दिए जाने से युवक युवतियां जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की प्रतियोगिताओ में भी भाग ले सकेंगे। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने बताया कि योग प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान योग के मूलभूत सिद्धान्त, अष्टाङ्ग योग, अष्टचक्र, सूक्ष्म व्यायाम, वैदिक दिनचर्या, योग के बाधक तत्व, उपनिषद बोध, योगदर्शन, सूर्यनमस्कार एवं असाध्य रोगों बीपी, शुगर, हृदय रोग, पेट के समस्त रोग, दमा, अस्थमा, किडनी, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, चरम रोग सहित तनावरहित जीवन जीने जैसे विषयों पर विशेष अभ्यास कराया जाएगा एवं इनसे बचने की जानकारी दी जाएगी। शिविर में भाग लेने हेतु समिति के पदाधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रामसुभग राय, अभय भारती, मनोज दास, राजेश प्रसाद, रघुनन्दन शर्मा, संजय अग्रवाल, कृष्ण राम, बंशी साहू, निर्भय भारती, दिनेश प्रजापति आदि कई लोग उपस्थित थे।

- आगामी 25 दिसंबर से पतंजलि द्वारा सहयोग प्रशिक्षण में योग, आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन शैली से अवगत कराया जाएगा



---

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में चलाया गया अभिभावक सम्पर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के द्वारा सिमडेगा सदर के तामड़ा गांव तथा पाकरटॉड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ गांव में अभिभावक संपर्क महाअभियान चलाया गया ।प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के नेतृत्व में विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या दोनों गांव में जाकर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्रों के घरों तक पहुंच कर उनके अभिभावकों से मिले तथा छात्रों के अभिभावकों से मिलकर उनके शैक्षणिक तथा बौद्धिक विकास पर चर्चा की । विद्यालय के आचार्य-आचार्या द्वारा अभिभावकों को तथा अभिभावकों द्वारा कक्षाचार्य को छात्रों के प्रगति पर जानकारी आदान प्रदान किया गया ।सभी कक्षाचार्यो ने लिखित रूप से प्रतिवेदन के रूप में जानकारी तैयार की तथा छात्रों को शैक्षणिक स्तर पर सुधार लाने के लिए विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

## न्यूज गैलरी

### एमउएम ने गुरुग्राम में वाणिज्यिक परियोजना के लिए 1.3 एकड़ जमीन खरीदी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एमउएम ने गुरुग्राम में करीब 200 करोड़ रुपये में 1.3 एकड़ जमीन का टुकड़ा खरीदा है। कंपनी इस जमीन पर लक्जरी वाणिज्यिक परियोजना, प्रमुख खुदरा स्थल का विकास करेगी। इफको चौक के पास स्थित यह जमीन हरियाणा सहकारी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा आयोजित नीलामी में खरीदी गई है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना के विकास की लागत 250 करोड़ रुपये बैठेगी। कंपनी को इस परियोजना से 1,000 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि इस जमीन पर खुदरा स्थल, मल्टीप्लेक्स और कार्यालयों का विकास किया जाएगा।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का बीते वित्त वर्ष का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत घटकर 1,175 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 23.17 प्रतिशत घटकर 1,174.7 करोड़ रुपये रह गया है। कारोबार आसूचना मंच टॉफलर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की कल आय 10 प्रतिशत बढ़कर 17,171.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2020-21 में 1,529 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वहीं इस दौरान उसकी कुल आय 15,621.1 करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2021-22 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का कर पूर्व लाभ 1,589.8 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी का कर पर खर्च 415.1 करोड़ रुपये था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। यह उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, एचवीएसी और आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में कार्यरत है।

### भारत की जी20 अध्यक्षता में पहली बैठक दिसंबर में बेंगलुरु में होगी

बेंगलुरु। भारत की जी20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में 13 से 15 दिसंबर तक होगी। जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत की इस पहली बैठक से ह्यफाइनेंस ट्रैक एजेंडा पर वार्ता की शुरूआत होगी। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक संयुक्त रूप से करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की अगुवाई वाले ह्यजी20 फाइनेंस ट्रैक में आर्थिक एवं वित्तीय मामलों पर ध्यान दिया जाएगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। इसमें बताया गया है कि वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में 23-25 फरवरी, 2023 को होगी। जी20 वित्तीय और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की आगामी बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा करेंगे। इस एक दिन बैठक से इतर एक पैनल चर्चा भी होगी जिसका विषय होगा ह्यह्य21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत बनाना। इसके अलावा हरित वित्तपोषण में केंद्रीय बैंकों की भूमिका पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा।

### पंजाब में किन्नू उत्पादन 25 फीसदी कम रहने का अनुमान

चंडीगढ़। पंजाब में किन्नू उत्पादन इस वर्ष 25 फीसदी कम रहने का अनुमान है, जबकि इस मौसम में किन्नू उत्पादकों को ऊंचे दाम मिल रहे हैं। किन्नू उत्पादकों का कहना है कि नहर के पानी की किल्लत और सामान्य से कहीं अधिक तापमान की वजह से इस वर्ष उत्पादन कम है। पंजाब देश में किन्नू का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां करीब 59,000 हेक्टेयर भूमि में किन्नू की फसल होती है और वार्षिक उत्पादन लगभग 12 लाख टन होता है। किन्नू फसल की कटाई दिसंबर में शुरू होकर फरवरी माह के अंत तक चलती है। अबोहर राज्य में किन्नू का सबसे बड़ा उत्पादक है और यहां 35,000 हेक्टेयर क्षेत्र में किन्नू उगाया जाता है। बागवानी विभाग में नोडल अधिकारी बलविंदर सिंह ने कहा, ह्यह्यइस वर्ष किन्नू के उत्पादन में करीब 25 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान है ह्लह्ल उन्होंने कहा कि औसत उत्पादन 12 लाख टन होता है जो इस बार नौ लाख टन रह सकता है।

# 2023 में आने वाली बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सरकार की तैयारियां तेज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय पावर सेक्रेटरी आलोक कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार अप्रैल 2023 में अनुमानित 230 गीगावॉट विद्युत मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। पावर सेक्रेट्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब बीते बुधवार को केंद्रीय पावर मिनिस्टर आरके सिंह ने मंत्रालय के अधिकारियों के साथ अप्रैल में आने वाली मांग की पूरा करने के लिए बैठक की थी। केंद्रीय पावर मंत्रालय की ओर से बुलाई गई इस बैठक में बड़े अधिकारी और सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (CEA) के चेयरपर्सन घनश्याम प्रसाद के साथ दूसरे मंत्रालय के बड़े अधिकारी शामिल हुए थे। मीटिंग के बाद केंद्रीय सचिव की ओर से समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया गया कि सरकार दो बिंदुओं पर कार्य कर रही है। पहला -हमारे पास मांग के मुताबिक बिजली उत्पादन करने की क्षमता हो। साथ ही कंपनियों को कहा गया है कि मेंटेनेंस कार्य को समय से खत्म कर लिया जाए, जिससे जरूरत के समय पर कोई समस्या ना हो। उन्होंने आगे कहा कि अगले साल अप्रैल में बिजली की मांग 230 गीगावॉट तक जा सकती है। आंकड़ों के अनुसार, 26 अप्रैल 2022 को 14:51 पर 201.06 गीगावॉट तक पहुंच गई थी। दूसरा बिजली प्रोडक्शन के लिए समय पर जितना अधिक कोयले का उत्पादन हो सकता है और पावर प्लांट तक पहुंच सकता है इस पर बातचीत की गई। इसके साथ ही कोयला मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय के साथ इस पर लगातार बैठकें की जा रही हैं। जब कोयला आयात के बारे में अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि इसका विकल्प खुला रखा गया है। अप्रैल में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए जो कुछ हो सकेगा सरकार करेगी।

# जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप प्रमुखों की बैठक कल से बेंगलुरु में



> जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के नेतृत्व में जी-20 वित्त ट्रैक, आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर केंद्रित है। यह वैश्विक आर्थिक संवाद और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक 13-15 दिसंबर के दौरान बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। यह बैठक, जो भारतीय जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत वित्त ट्रैक एजेंडे पर चर्चा की शुरूआत को रेखांकित करेगी, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के नेतृत्व में जी-20 वित्त ट्रैक, आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर केंद्रित है। यह वैश्विक आर्थिक संवाद और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक 23-25 फरवरी, 2023 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने बाली जी-20 शिखर सम्मेलन के अपने संबोधन में कहा था कि आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास के लाभ सार्वभौमिक और सर्व-समावेशी हों। वित्त मंत्रालय ने इस विचार को जी-20 वित्त ट्रैक एजेंडे में शामिल किया है। उन्होंने हमें एक विजन भी दिया है- भारत यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि जी-20, अगले एक साल में नए विचारों की परिकल्पना करने और सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एक वैश्विक 'सर्वाधिक प्रमुख शक्ति' के रूप में कार्य करे। जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की आगामी बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी. पात्रा द्वारा की जाएगी। इस बैठक में उनके जी-20 सदस्य देशों के समकक्ष और कई अन्य देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समकक्ष भाग लेंगे, जिन्हें भारत द्वारा आमंत्रित किया गया है। जी-20 वित्त ट्रैक के तहत वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रमुख प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिनमें वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना, अवसंरचना विकास और वित्तपोषण, सतत वित्त, वैश्विक स्वास्थ्य, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और वित्तीय समावेशन सहित वित्तीय क्षेत्र के विषय शामिल हैं।

## रूसी तेल पर जी7 के फैसले का भारत ने नहीं किया सपोर्ट, रूस कर रहा है जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।** रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उप प्रधानमंत्री ने रूसी तेल पर प्राइस कैप का सपोर्ट ना करने के भारत के फैसले का स्वागत किया, जो 5 दिसंबर को जी7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा लगाया गया था। रूस ने जी7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा घोषित रूसी तेल पर प्राइस कैप का समर्थन ना करने के भारत के फैसले का स्वागत किया है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने रूस में भारत के राजदूत पवन कपूर के साथ मुलाकात के दौरान बयान दिया। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उप प्रधानमंत्री ने रूसी तेल पर प्राइस कैप का सपोर्ट ना करने के भारत के फैसले का स्वागत किया, जो 5 दिसंबर को जी7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा लगाया गया था।

## 2 सरकारी सहित 3 कंपनियां बांटेंगी डिविडेंड



**नई दिल्ली।** स्टॉक मार्केट के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। इस सप्ताह कई कंपनियों की डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट है। इनमें से दो कंपनियां सरकार की हैं। योग्य निवेशकों की इन कंपनियों की तरफ से 16 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक डिविडेंड दिया जाएगा। आइए एक-एक करके जानते हैं उन कंपनियों के विषय में जो एक्स-डिविडेंड के रूप में इस सप्ताह ट्रेड करेंगी। कंपनी की तरफ से 10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयरों पर 5.8 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से डिविडेंड दिया जाएगा। यानी योग्य निवेशकों को कंपनी 58 प्रतिशत का डिविडेंड दे रही है। पीटीसी इंडिया की तरफ से इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 16 दिसंबर तय किया गया है। यानी कंपनी स्टॉक मार्केट में 15 दिसंबर को एक्स-डिविडेंड के रूप में ट्रेड करेगी। बता दें, शुक्रवार को बीएसई में पीटीसी इंडिया के शेयर 2.57 रुपये की तेजी के साथ 87.95 रुपये के लेवल पर बंद हुए। कंपनी का मार्केट कैप 2603 करोड़ रुपये का है। कंपनी की तरफ से प्रति शेयर 1.60 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। स्टॉक मार्केट में राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स की एक्स-डिविडेंड डेट 15 दिसंबर 2022 है। बता दें कि बीएसई में कंपनी के शेयर शुक्रवार को 3.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 130.70 रुपये पर बंद हुए। इस साल इस कंपनी के शेयरों में 69 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। वहीं, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स का मार्केट कैप 7210.56 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने पिछले सप्ताह रिकॉर्ड डेट 13 दिसंबर से बदलकर 15 दिसंबर कर दिया है। 5 दिसंबर को सुखजीत स्टार्च एंड केमिकल्स की बोर्ड मीटिंग में तय हुआ था।

## अब सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लगाने की तैयारी, संसद की स्थायी समिति ने सिफारिशें

**नई दिल्ली।** संसद की स्थायी समिति ने देश में तंबाकू उत्पादों और अल्कोहल के सेवन पर प्रभावी रोक की सिफारिशें की हैं। समिति ने सिंगल सिगरेट बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। समिति का मानना है कि इससे तंबाकू नियंत्रण अभियान प्रभावित होता है। सिंगल सिगरेट से खपत बढ़ती है। एयरपोर्ट के स्मोकिंग जोन को बंद किए जाने की सिफारिश भी की है। समिति के अनुसार जीएसटी लागू होने के बाद भी तंबाकू उत्पादों पर टैक्स में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। ऐसे में संभावना है कि आम बजट में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ोतरी होगी। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के हवाले से समिति ने कहा है कि अल्कोहल और तंबाकू का सेवन करने से कैंसर की आशंका बढ़ती है। गुटखा, सुगंधित तंबाकू और माउथ फ्रेशनर के नाम से बिकने वाले उत्पादों पर भी रोक लगे।

## मैं कभी नहीं बनूंगा भरत का सबसे अमीर शख्स जानें ट्विटर पर ऐसा क्यों बोले आनंद महिंद्रा



**नई दिल्ली।** भारत के जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा ट्विटर पर काफी एक्टिव रहते हैं। अपनी बातें लोगों से साझा करने के साथ-साथ उनके सवालों का जवाब भी देते हैं। कई बार देखा जाता है कि उनके जवाब वायरल हो जाते हैं। हाल ही में आनंद महिंद्रा के ट्विटर पर फॉलोवर्स की संख्या 10 मिलियन को पार कर गई थी। जिसके बाद उन्होंने लोगों का धन्यवाद करते हुए एक पोस्ट किया था। इसी पोस्ट पर यूजर्स के एक सवाल के जवाब के रिप्लाई में आनंद महिंद्रा ने कहा है कि वो कभी भारत के सबसे अमीर शख्स नहीं बनेंगे। 10 मिलियन फालोवर्स की संख्या को पार करने के बाद आनंद महिंद्रा ने एक जीआईएफ पोस्ट करते हुए लिखा, इस नंबर को देखने के बाद मेरा रिएक्शन कुछ ऐसा ही था। ये विश्वास करना काफी कठिन हो रहा है कि परिवार इतना बड़ा हो गया है।

## मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की चाल इस सप्ताह मुख्य रूप से व्यापक आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की। औद्योगिक उत्पादन और खुदरा महंगाई दर के आंकड़े सोमवार को जारी होंगे। इसके अलावा थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े बुधवार को आएंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यह सप्ताह वैश्विक संकेतों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इस दौरान अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों की समीक्षा के फैसले आएंगे। बाजार के लिहाज से ये सबसे महत्वपूर्ण घटनाएं होंगी।" उन्होंने कहा, घरेलू मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े 12 दिसंबर को आएंगे। थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े 14 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

## वोडाफोन आइडिया, एटीसी 1600 करोड़ रुपये के ऋण पत्र की तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाने पर सहमत

**नयी दिल्ली।** कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया और उसके वेंडर एटीसी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर ने 1,600 करोड़ रुपये के ऋण पत्र के अभिदान की अंतिम तारीख बढ़ाकर 28 फरवरी करने पर सहमति जताई है। बकाया ब्याज को इक्विटी में बदलने पर सरकार की ओर से किसी प्रतिक्रिया के अभाव में यह फैसला किया गया। सरकार की प्रतिक्रिया के अभाव में मोबाइल टावर वेंडर एटीसी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर को 1,600 करोड़ रुपये के ऋण पत्र जारी करने के लिए वोडाफोन आइडिया के प्रस्ताव की अवधि खत्म हो गई थी। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने एक बयान में कहा, "कंपनी और एटीसी ने पारस्परिक रूप से ओसीडी के अभिदान के लिए अंतिम तारीख 28 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी है। बयान में यह भी कहा गया कि पारस्परिक रूप से सहमति के आधार पर कोई अन्य तारीख भी तय की जा सकती है।

# आईआईटी दिल्ली ने उद्योग दिवस पर 80 से अधिक तकनीकों का किया प्रदर्शन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आईआईटी दिल्ली का प्रमुख उद्योग-अकादमिक साझेदारी कार्यक्रम उद्योग दिवस पर रविवार को 80 से अधिक नए तकनीकों को प्रदर्शित किया गया, जो हेल्थकेयर तकनीकों, इलेक्ट्रिक वाहन रिसर्च, संचार और सस्टैनबल स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार समाधानों पर केंद्रित किया गया था। आज प्रदर्शित तकनीकों में वे भी शामिल रहे, जिन्हें उद्योग भागीदारों के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली तेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट प्रौद्योगिकी सक्षम विनिर्माण, अपशिष्ट से धन, स्थायी बुनियादी ढाँचे, जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण, ऊर्जा और पर्यावरण, 5जी और आर्टीफिशल इंटेलीजेन्स जैसे अनुसंधान के विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से उद्योग के साथ जुड़ रहा है। टीसीएस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और सीटीओ अनंत कृष्णन ने इस मौके पर कहा कि कोई भी उद्योग अलगाव में जीवित नहीं रह सकता है और उद्योग को खोजपूर्ण कार्यों के लिए शिक्षाविदों के साथ काम करने की आवश्यकता है। आईआईटी दिल्ली में शोधकर्ताओं, बिजनेस लीडर्स और छात्रों की सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आईआईटी दिल्ली से और अधिक भविष्य के लिए तैयार समाधान बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही बताया कि कैसे उद्योग दिवस के चार विषय भारत के आत्मनिर्भरता के मिशन से जुड़े हुए हैं। आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने उद्योग-अकादमिक सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, आईआईटी दिल्ली जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ साझेदारी करने पर उद्योग कई तरह से लाभान्वित हो सकता है।

## सरकार ने व्यापार निकायों और बैंकों से अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार बढ़ाने को कहा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने व्यापार निकायों और बैंकों से अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार बढ़ाने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि रूस, मॉरीशस और श्रीलंका के साथ रुपये में व्यापार को सुगम बनाने के बाद अब नये देशों को इस पहल में जोड़ने की कवायद की जा रही है। भारतीय बैंकों ने पहले से ही इन तीन देशों के बैंकों के साथ विशेष वोस्ट्रो रुपया खाते (एसवीआरए) खोले हैं। इन खातों से रुपये में व्यापार व्यवस्था को संचालित किया जा रहा है। हाल ही में, एसबीआई मॉरीशस लिमिटेड और पीपल्स बैंक ऑफ श्रीलंका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक एसवीआरए खोला था। इसके अलावा बैंक ऑफ सीलोन ने चेन्नई में अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी में एक खाता खोला। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रूस के रॉस बैंक का विशेष रुपया खाता खोला है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने कोलंबो स्थित एनडीबी बैंक और सीलोन बैंक सहित तीन श्रीलंकाई बैंकों के ऐसे खाते खोले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मंजूरी के बाद रूस के दो और श्रीलंका के एक बैंक सहित 11 बैंकों ने ऐसे कुल 18 विशेष रुपया खाते खोले हैं। आरबीआई ने जुलाई में घरेलू मुद्रा में सीमापार व्यापार लेनदेन पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। सूत्रों ने कहा कि हाल ही में हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक में वित्त मंत्रालय ने रुपये में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने पर जोर दिया। इसके अलावा स्वदेशी भुगतान प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने की योजना के बारे में बताया।

# अमेरिका का इस्पात व एल्युमीनियम पर शुल्क का फैसला नियमों के अनुरूप नहीं: डब्लयूटीओ समिति



> अमेरिका द्वारा यह शुल्क लगाए जाने के जवाब में भारत ने कई अमेरिकी उत्पादों जैसे बादाम, अखरोट, लौह और इस्पात के उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ा दिया था।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक विवाद निपटान समिति ने निष्कर्ष दिया है कि अमेरिका द्वारा कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने का फैसला वैश्विक व्यापार मानदंडों या नियमों के अनुरूप नहीं है। यह फैसला इन शुल्कों के खिलाफ चीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और तुर्किये की अपील पर दिया गया है। डब्ल्यूटीओ का यह निर्णय भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2018 में उसने भी इन शुल्कों को लागू करने के अमेरिकी कदम के खिलाफ जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ से संपर्क किया था। सूत्रों के मुताबिक, इस फैसले से भारत के पक्ष को मजबूती मिलेगी। हालांकि, इसके साथ ही सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत अपने इस विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से और पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर हल करने का इच्छुक है। भारत ने पहले कहा था कि अमेरिका द्वारा उच्च आयात शुल्क लगाने से भारतीय कंपनियों के इन उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा है। भारत ने भी आरोप लगाया था कि अमेरिका का कदम वैश्विक व्यापार मानदंडों के अनुपालन में नहीं है। 2018 में अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था। अमेरिका द्वारा यह शुल्क लगाए जाने के जवाब में भारत ने कई अमेरिकी उत्पादों जैसे बादाम, अखरोट, लौह और इस्पात के उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ा दिया था। समिति ने फैसले में कहा है कि अमेरिका अपने डब्ल्यूटीओ नियमों से असंगत उपायों को शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (गैट), 1994 के तहत लाए। समिति ने कहा कि उसे इस बात के प्रमाण नहीं मिले कि ये उपाय उपाय युद्ध या अन्य किसी आपात स्थिति के समय किए गए हैं। अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि एडम हॉज ने हालांकि इस फैसले को खारिज करते हुए कहा कि इस निर्णय से एक बार फिर इस बात को बल मिला है कि डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान समिति में बुनियादी सुधार की जरूरत है।

## एफपीआई ने दिसंबर में अबतक शेयरों में 4,500 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 4,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पिछले महीने भी एफपीआई ने 36,200 करोड़ रुपए की लिवाली की थी। डॉलर सूचकांक में गिरावट के बीच एफपीआई का भारतीय बाजारों में निवेश जारी है। हालांकि, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय से पहले पिछले चार सत्रों में एफपीआई ने शेयरों से 3,300 करोड़ रुपए निकाले हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई सिर्फ कुछ अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में मामूली खरीद करेंगे। वहीं ऐसे क्षेत्रों में वे मुनाफा काटेंगे जहां वे लाभ में हैं। उन्होंने कहा कि चीन और दक्षिण कोरिया जैसे सस्ते बाजारों में एफपीआई अधिक पैसा लगा सकते हैं।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.67 लाख करोड़ रुपए घटा

> सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,602.73 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 686.83 अंक या 1.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, अडाणी एंटरप्राइजेज, एसबीआई और एचडीएफसी के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 76,821.01 करोड़ रुपए घटकर 17,65,173.47 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 53,641.69 करोड़ रुपए के नुकसान से 12,04,797.55 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 29,330.33 करोड़ रुपए घटकर 6,60,184.76 करोड़ रुपए रह गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 7,705.08 करोड़ रुपए टूटकर 4,64,529.84 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 104.62 करोड़ रुपए के नुकसान से 6,49,102.84 करोड़ रुपए रह गई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 24,882.17 करोड़ रुपए बढ़कर 6,39,370.77 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 13,493.73 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 9,09,600.11 करोड़ रुपए तथा अडानी एंटरप्राइजेज का 8,475.91 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,55,521.65 करोड़ रुपए रहा।

सम्पादक की कलम से...

## पीटीआर पर किसकी लगी नजर

**झारखंड** ही नहीं पूरे देश की शान पलामू टाइगर रिजर्व इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यहां हर समय हमले जारी हैं। नया साल 2023 की दस्तक यहां सुनायी पड़ने लगी है। लेकिन यहां की वादियों में कभी वनप्राणियों का शिकार तो कभी लकड़ी तस्करी का कार्य बदस्तूर जारी है। वन प्रक्षेत्र बारेसांढ़ के झुमरीटोला में पिछले दिनों वन विभाग की टीम ने बेशकीमती लकड़ी जब्त की थी। विभागीय कर्मियों ने एक घर से साल, बिया, गम्हार का चिरान व पटरा समेत फर्नीचर बनाने के औजार जब्त किये गये। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई है। कुछ दिन पूर्व हिरण का शिकार की भी खबर हैरान करने वाली है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर वन विभाग के कर्मी क्या कर रहे हैं? बहरहल हाल के दिनों में वन विभाग हरकत में दिख रहा है। काफी मशक्कत के बाद छापामारी अभियान चलाया गया। जिस कारण वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना भी पड़ा। यह दुखद पहलू है। आखिर ग्रामीणों को भी यह बात समझनी चाहिए कि वन हमारे साथी हैं। इनकी देखभाल की जवाबदेही उनकी भी है। ऐसे में किसी प्रकार की हरकत उन्हें शोभा भी नहीं देती है। अगर कोई गलत कार्य करता है तो उसका समर्थन कतई नहीं करना चाहिए। कार्रवाई के बाद से ही वन विभाग पर तरह- तरह के सवाल उठने लगे हैं। अब इस मामले ने तूल पकड़ा लिया है। वन विभाग जिस रामसेवक राम के ऊपर कार्रवाई करना चाह रही है। उसी रामसेवक राम ने वन विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। दरअसल रामसेवक राम ने 8 दिसम्बर यानी गुरुवार को इस मामले से संबंधित वनपाल को एक आवेदन सौंपा है। रामसेवक राम ने आवेदन में लिखा है कि वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जो पटरा और लकड़ी जब्त की है। दरअसल वह पटरा और लकड़ी वन विभाग में ही कार्यरत दैनिक मानदेय कर्मी धनेश्वर यादव ने काउंटर बनाने के लिए उपलब्ध करवाया था। उन्होंने लिखा है कि कुछ लकड़ियां एक माह पूर्व जबकि हाल में भी ट्रैक्टर के माध्यम से एक बोटा लकड़ी पहुचाया था। काउंटर बनाने के लिए मना करने पर धनेश्वर यादव के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने का हवाला देते हुए रामसेवक राम को मजदूरी के तौर पर 1800 रुपये नकद भी दिया था। सबसे खास बात यह है कि वनकर्मी धनेश्वर यादव ने तमाम लकड़ियां रात के अंधेरे में मुहैय्या करायी थी। इससे यह साफ है कि अवैध रूप से पीटीआर से ही ये लकड़ियां काटी गयी होंगी। रामसेवक ने बताया कि वह पेशेवर बढ़ई मिस्त्री का कार्य काफी लंबे समय से करते आ रहा है। उन्होंने कहा मैं पूरी तरह निर्दोष हूं। गरीब को साजिश के तहत इस मामले में फंसाया जा रहा है। रामसेवक राम का आरोप है कि वन विभाग एक तरफा कार्रवाई कर उन्हें फंसाना चाहती है। उन्होंने दावा किया है कि पहले भी कई वनकर्मी लकड़ी देकर उनसे पलंग बनवा चुके हैं। इसलिए इस मामले पर गहनता से जांच करते हुए वन कर्मियों के घर की भी तलाशी होनी चाहिए। उसके बाद यह मामला पूरी तरह स्पष्ट हो जायेगा। इधर सूत्रों की माने तो बारेसाढ़ वन प्रक्षेत्र से स्थानीय कई जनप्रतिनिधि और दलाल जंगलों से लकड़ी काटकर उसे महंगे दामों में बिक्री करते हैं। इसमे स्थानीय स्तर के वन कर्मियों की भी मिलीभगत होती है। जिसके लिए उन्हें भी कमीशन दिया जाता है। ऐसे में इस मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए।

## आज का इतिहास

**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1948 :** इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**11990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।

# बैंक कारोबार की कठिन राह

> केंद्रीय बैंक के इस रुख से कर्ज महंगे होंगे और बैंकों की पूंजी लागत बढ़ जायेगी, जिसके कारण उन्हें फिर से ऋण दर बढ़ानी होगी। महंगी ऋण दर की वजह से सूक्ष्म, लघु, मझोले और बड़े उद्योग ऋण लेने से परहेज कर रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ने लगी हैं। सितंबर की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.3 फीसद दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में यह 13.5 फीसद थी। कोरोना महामारी के बाद उधारी में तेज उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है, लेकिन पिछले बारह महीनों में बारह सरकारी बैंकों में से महज चार ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.35 फीसद की बढ़ोतरी की है, जिससे रेपो दर 5.90 से बढ़ कर 6.25 फीसद हो गई है। मई 2022 के बाद रेपो दर में 2.25 फीसद की बढ़ोतरी सिर्फ महंगाई को नियंत्रित करने के लिए की गई है। उपभोक्ता मूल्य पर आधारित खुदरा महंगाई दर (सीपीआइ) अक्तूबर महीने में घट कर 6.77 फीसद हो गई, जो सितंबर महीने में 7.41 फीसद थी। खुदरा महंगाई में लगातार दो महीने बढ़ोतरी होने के बाद गिरावट दर्ज की गई है। बावजूद इसके, खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा छह फीसद से ऊपर बनी हुई है। अक्तूबर महीने में खुदरा महंगाई में गिरावट दर्ज होने के बाद रिजर्व बैंक का विश्वास महंगाई को नियंत्रित करने की अपनी मौजूदा नीति पर बढ़ा है और इसी वजह से उसने रेपो दर में फिर से बढ़ोतरी की है। केंद्रीय बैंक के इस रुख से कर्ज महंगे होंगे और बैंकों की पूंजी लागत बढ़ जायेगी, जिसके कारण उन्हें फिर से ऋण दर बढ़ानी होगी। महंगी ऋण दर की वजह से सूक्ष्म, लघु, मझोले और बड़े उद्योग ऋण लेने से परहेज कर रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ने लगी हैं। सितंबर की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.3 फीसद दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में यह 13.5 फीसद थी। कोरोना महामारी के बाद उधारी में तेज उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है, लेकिन पिछले बारह महीनों में बारह सरकारी बैंकों में से महज चार ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक को छोड़ कर अन्य बैंकों की उधारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ऋण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। हालांकि, बैंक जमा पर ब्याज दर बढ़ा और बैंक बांड के जरिये भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में समग्र रूप से बाईस फीसद की तेजी आई है। सरकारी बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में बीस फीसद की वृद्धि हुई है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों के शुद्ध ब्याज आय में 24.5 फीसद की। बैंकों की शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी का कारण उधारी के उठाव में तेजी आना है, लेकिन बैंक जमा में उधारी के अनुपात में वृद्धि नहीं हो पा रही है। उधारी और जमा दर में भारी अंतर से बैंकों के समक्ष तरलता का संकट पैदा होने की संभावना बढ़ गई है। आगामी तिमाहियों में कंपनियों और बैंकों का मुनाफा प्रभावित होने की भी गुंजाइश है। इधर, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों के मुनाफे में उल्लेखनीय वृद्धि होने के बाद कहा जा रहा है कि बैंकिंग क्षेत्र की मुश्किलें कम हो गई हैं, लेकिन बैंकों की सेहत को सिर्फ मुनाफे के पैमाने पर नहीं मापा जा सकता। बैंकों के मुनाफे में बढ़ोतरी का एक महत्त्वपूर्ण कारण एनपीए और आकस्मिकता के मद में किये जा रहे प्रावधानों की राशि में उल्लेखनीय कटौती करना है। समग्र रूप से बैंकों ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में प्रावधान की जा रही राशि में तेरह फीसद की कटौती की है। निजी बैंकों ने पैंतालीस फीसद, जबकि सरकारी बैंकों ने अठारह फीसद की कटौती की है। इस अवधि में बैंकों के व्यय में बारह फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि शुल्क आधारित आय में दो फीसद की गिरावट दर्ज हुई है। समग्र रूप में देखें तो सरकारी बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ इंडिया को छोड़ कर अन्य सभी सरकारी बैंकों का मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 की सितंबर तिमाही में पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में अधिक रहा है। इस तरह, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बारह सरकारी बैंकों ने 25,685 करोड़ रुपए और चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 40,991 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया, जो पिछले साल के मुकाबले क्रमशः पचास फीसद और 31.6 फीसद अधिक है। इस अवधि में निजी बैंकों का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। अठारह निजी सूचीबद्ध बैंकों में से केवल दो के शुद्ध लाभ में इस अवधि में कमी देखी गई है। इनका शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले वार्षिक आधार पर चौंसठ फीसद बढ़ कर 32,150 करोड़ रुपए हो गया।

**■ सतीश सिंह**

## साख का सवाल

भारत विभिन्न जातियों और धर्मों वाला एक गुलदस्ता है, जिसकी खुशबू से पूरी दुनिया महकती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह से देश की संस्थानों की गरिमा पर आंच आई है और उनकी साख पर सवालिया निशान लगे हैं, वैसे में उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से एक कठिन सवाल का जवाब जानने की इच्छा जताई कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का संविधान में जिक्र तो है, लेकिन प्रक्रिया का अभाव है। पिछले बहत्तर वर्षों में भी यह बनाना संभव नहीं हुआ। भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है। यह विभिन्न जातियों और धर्मों वाला एक गुलदस्ता है, जिसकी खुशबू से पूरी दुनिया महकती है। यही भारत की ताकत भी है। ऐसी स्थिति को बनाये रखने में हमारी एजेंसियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती थी, क्योंकि तब इसमें सांविधानिक स्वीकार्यता होती थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने याद दिलाया है कि सन 2004 से किसी भी आयुक्त ने छह साल तक अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी स्वतंत्र एजंसी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी होती है। मगर अफसोस कि यहां की राजनीतिक व्यवस्था ने ऐसे जिम्मेदार पद को अपने स्वार्थ के लिए उपकृत करने का एक माध्यम बना दिया है। हाल ही में वीआरएस लेने के तुरंत बाद अरुण गोयल को केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त करके यह साबित कर दिया। न्यायालय ने यह भी कहा कि संविधान ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के नाजुक कंधों पर भारी शक्तियां रख दी गई हैं। अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में टीएन शेषन का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह से वे चुनाव व्यवस्था को साफ करने में कामयाब रहे। ऐसे भी अधिकारी देश में रहे हैं। सबसे पहले देश में ऐसी व्यवस्था खत्म करने की आवश्यकता है कि सेवानिवृत्त होने के बाद उनको सत्ताधारी राजनीतिक पार्टियां कहीं न कहीं पदासीन कर देती हैं। ऐसे कई उदाहरण देखने को मिले हैं। आज देश की एजंसियां जिस तरह की दिशा में काम कर रही हैं, उससे संस्था की छवि धूमिल हुई है। तभी उन्हें अलग-अलग नामों से संबोधित किया जाता है। देश में बीते कुछ समय से ऐसे आरोप लगातार सामने आए हैं कि सत्ताधारी पार्टी ने अपने राजनीतिक हित को साधने के लिए इन संस्थाओं को प्रयोग किया है। इसकी वजह से देश में इन संस्थाओं की साख गिरी है। अदालत ने हाल ही में यह भी कहा कि चुनाव आयोग में नियुक्ति में ऐसी पारदर्शिता होनी चाहिए कि अगर किसी वजह से पीएम भी दोषी हैं तो उन पर भी कार्रवाई करने में आयोग के कदम नहीं डगमगाने चाहिए। मगर यह तब संभव है जब पद पर मजबूत व्यक्ति बैठा हो। अब जब उच्चतम न्यायालय ने पहल की है तो इसे मजबूत बनाने की कोशिश होनी चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

**■ मोहम्मद आसिफ**

## धार्मिक गणतंत्र के विरोधाभास

गणतंत्र का अर्थ यह संदेश देता है कि सत्ता सार्वजनिक है तथा यह किसी की निजी सम्पत्ति नहीं है। लेकिन जब गणतंत्र में धार्मिक होने की अनिवार्यता बता दी जाएं तो यह सुनिश्चित हो जाता है कि शासक वर्ग धर्मगुरु ही होंगे। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद ईरान को धार्मिक गणतंत्र घोषित कर दिया गया था। यह शब्द संभवतः इसलिए गढ़ा गया क्योंकि इसके पहले ईरान की सर्वोच्च सत्ता पर तानाशाह आसीन होते थे और साम्यवादी सरकार खुलेपन को स्वीकार करती थी। क्रांति के बाद ईरान के सर्वोच्च पद पर धर्मगुरु की ताजपोशी की गई और देश को शरिया नियमों पर चलाने का ऐलान कर दिया गया। इस्लामिक कानूनों को लेकर दुनिया में यह आम राय है कि इसका संचालन धर्मग्रंथों को परिभाषित करने वाले मौलवियों और उलेमाओं की समझ पर निर्भर करता है। यही कारण है कि अफगानिस्तान में तालिबान, सऊदी अरब के सुल्तान और ईरान के धर्मगुरु सभी इस्लामिक कानूनों पर आधारित व्यवस्था की बात तो कहते है, लेकिन इन तीनों देशों में अलग अलग कानून और उनको संचालित करने के तौर तरीके है। यदि बात महिलाओं की करें तो इसमें गहरे विरोधाभास है। इस्लामिक दुनिया में सऊदी अरब का अलग रुतबा है लेकिन वहां महिलाएं अकेली यात्रा कर सकती हैं, कार चला सकती हैं। अब यहां सिनेमा हॉल भी खुल रहे है और चेहरा ढ़कने की सख्ती को भी शिथिल कर दिया गया है। महिला शिक्षा को लेकर सऊदी अरब में उदारता देखी जा रही है। वहीं ईरान में महिलाओं के हिजाब पहनने के तरीके के नाम पर ही नैतिक पुलिस के द्वारा महसा अमीनी को मार डाला गया। फुटबॉल के लिए जूनून से भरे इस देश में महिलाओं के स्टेडियम जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। ईरान में शादी से पहले कौमार्य कई लड़कियों और उनके परिवारों के लिए बेहद अहम है। ईरान में घरेलू हिंसा को पारिवारिक मामला समझा जाता है,लिहाजा अधिकांश महिलाएं घरेलू हिंसा को चुपचाप सहने को मजबूर है। ऑनर किलिंग को लेकर कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की जाती। यहां तक की ईरान में धार्मिक पुलिस को व्यापक अधिकार दे दिये गये है, इसी का नतीजा है ईरान में महिलाओं और युवाओं का हालिया प्रदर्शन। ईरान से लगे अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी ने महिलाओं का जीवन नारकीय बना दिया है। यहां महिलाओं का भविष्य गर्भ धारण से ही तय हो जाता है और गर्भ से यदि बेटी हुई तो उसका विवाह के लिए उसे किसी भी उम्र के आदमी को बेच दिया जाता है। मतलब इस देश में 10 से 12 साल की उम्र लड़कियों के यौन संबंध के लिए आदर्श मान ली गई है। अफगानिस्तान की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है,यहां गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ापन है। शिक्षा और रोजगार से दूर करने के साथ ही तालिबान ने महिलाओं को कड़े नियमों में बांध कर रख दिया है। इनमें घर की दहलीज लांघने से पहले खुद को हिजाब से ढंकना और पति या किसी महरम के साथ ही बाहर निकलना शामिल है। देश में सहशिक्षा यानी लड़के-लड़कियों को साथ पढ़ने की अनुमति नहीं है। धार्मिक गणतंत्र ईरान में मौलवियों और धर्मगुरुओं का अतिवाद पूरी तरह से हावी है। यहां धर्मगुरुओं की सनक की सुरक्षा के लिए रिवोल्यूशनरी गार्ड और रिवोल्यूशनरी कोर्ट स्थापित कर दी गई है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद मुल्क में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का गठन किया गया था। ये ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खुमैनी का फैसला था। रिवॉल्यूशनरी गार्ड का मकसद नई हुकूमत की हिफाजत और आर्मी के साथ सत्ता संतुलन बनाना था। ईरान में शाह के पतन के बाद हुकूमत में आई सरकार को ये लगा कि उन्हें एक ऐसी फौज की जरूरत है जो नये निजाम और क्रांति के मकसद की हिफाजत कर सके। रिवॉल्यूशनरी गार्ड की कमान ईरान के सुप्रीम लीडर के हाथ में है। सुप्रीम लीडर देश के सशस्त्र बलों के सुप्रीम कमांडर भी हैं। वे इसके अहम पदों पर अपने पुराने सियासी साथियों की नियुक्ति करते हैं ताकि रिवॉल्यूशनरी गार्ड पर उनकी कमान मजबूत बनी रहे। रिवॉल्यूशनरी गार्ड में अच्छी सैलरी पर धार्मिक नौजवानों की नियुक्ति की जाती है। अर्थात देश की आंतरिक सुरक्षा का सबसे बड़े पहरुआ ईरान के धार्मिक नेता के इशारों पर चलता है। वहीं 1979 में स्थापित रिवोल्यूशनरी कोर्ट में भी सर्वोच्च धार्मिक नेता के पसंद के ही जज होते है।

**■ ब्रह्मदीप अलूने**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

तत्पश्चात रात्रिमें सम्पर्कके लिये आयी हुई उस सुन्दरीको अपने पासमें बैठी देखकर मैं कुपित हो गया और रोषपूर्वक बोला- सुमध्यमे। मुझे देखकर यदि तुम अभिमानसे पीली पड़ गयी हो तो तुम्हारा पुत्र भी पीतवर्णका होगा ॥ 8-9 ॥

ऐसा कहकर मैं उस अम्बालिकाके साथ रातभर वहीं रहा और फिर मातासे आज्ञा लेकर अपने आश्रमके लिये प्रस्थित हो गया ॥ 10 ॥

तदनन्तर समय आनेपर उन दोनोंने अन्धे तथा पाण्डुवर्णके दो पुत्र उत्पन्न किये। वे दोनों धृतराष्ट्र तथा पाण्डु नामसे प्रसिद्ध हुए ॥ 11 ॥

उन दोनों राजकुमारोंको इस प्रकारका देखकर मेरी माता खिन्नमनस्क हो गयीं। तत्पश्चात एक वर्षके अनन्तर मुझे बुलाकर उन्होंने कहा- हे द्वैपायन! इस प्रकारके दोनों पुत्र राज्य करनेके योग्य नहीं हैं, अतएव तुम एक अन्य मनोहर पुत्र उत्पन्न करो, जो मुझे अत्यन्त प्रिय हो ॥ 12-13 ॥

'वैसा ही होगा'- मेरे इस प्रकार कहनेपर माता अत्यन्त प्रसन्न हो गयीं। इसके बाद ऋतुकाल आनेपर माताने पुत्रहेतु अम्बिकासे प्रार्थना की है पुत्रि ! हे सुमुखि ! व्यासके साथ समागम करके तुम कुरुवंश चलानेवाला तथा राज्य करनेयोग्य एक अद्वितीय पुत्र उत्पन्न करो ॥ 14-15 ॥

उस समय लज्जासे युक्त वधू अम्बिकाने कुछ भी नहीं कहा और मैं माताकी वह बात मानकर रातमें शयनागारमें चला गया ॥ 16 ॥

तत्पश्चात अम्बिकाने विचित्रवीर्यकी रूप-यौवनसम्पन्न दासीको सुन्दर आभूषण तथा वस्त्र पहनाकर मेरे पास भेज दिया ॥ 17 ॥

शरीरपर चन्दन लगाये, फूलकी मालाओंसे विभूषित तथा सुन्दर केशोंवाली वह सुन्दरी हंसकी भाँति मन्द मन्द चलती हुई बड़े हाव-भावसे मेरे पास आयी ॥ 18 ॥

मुझे पलंगपर बैठाकर वह भी प्रेमपूर्वक मेरे पास बैठ गयी। हे मुने! उसके इस प्रेमपूर्ण हाव-भावसे मैं अत्यन्त प्रसन्न हुआ ॥ 19 ॥

नारद। रात्रिमें मैंने उसके साथ प्रेमपूर्वक बिहार किया और पुनः प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया हे सुभगे। तुम्हें सभी शुभ लक्षणांस सम्पन्न, रूपवान, सभी धमोंर्का ज्ञाता, सत्यवादी तथा शान्त स्वभाववाला पुत्र उत्पन्न होगा ॥ 20-21 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### आधुनिकता का प्रभाव

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

**■ लखन प्रसाद , मेदिनीनगर।**

## खतौली में शर्मनाक हार जाट नेताओं की क्षमता पर बड़ा सवाल

उत्तर प्रदेश में दो विधानसभा व एक लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों से गठबंधनों का अंकगणित नहीं बदला, लेकिन इस चुनाव ने यह संकेत दे दिया है कि भाजपा के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2024 का चुनाव आसान नहीं होने वाला है। सपा-रालोद गठबंधन उसकी राह में कांटे बिछाने को पूरी तरह तैयार है। भाजपा रामपुर का गढ़ भेदकर खुश हो सकती है, लेकिन उसके लिये खतौली की हार ज्यादा बड़ी चुनौती है। यह भाजपा के जाट नेताओं की क्षमता पर भी बड़ा सवाल है, जिनके दम पर भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के समर में उतरने की तैयारी कर रही है। खतौली विधानसभा में भाजपा की हार भविष्य के लिये खतरे की घंटी है। इस विधानसभा में आने वाले कवाल गांव में 2013 में हुए तिहरे हत्याकांड और उसके बाद भड़के दंगे ने पश्चिमी यूपी में रालोद की सियासी जमीन खींचकर भाजपा की मजबूती की नींव तैयार की थी। कवाल कांड के बाद ही पश्चिमी यूपी में रालोद के मजबूत जाट-मुस्लिम समीकरण ध्वस्त हुआ, जिसकी जमीन पर भाजपा ने अपना सियासी महल खड़ा किया। अब जाटलैंड में भाजपा का सियासी महल दरक रहा है। वह भी तब, जब भाजपा ने अन्य जातियों को दरकिनार कर जाटों को जरूरत से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया। माना जा रहा है कि स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान से जनता की नाराजगी भाजपा की रणनीति पर भारी पड़ी है। खतौली में हार के बाद एक बड़ा सवाल भाजपा की चुनावी रणनीति पर भी उठ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनिवाल तथा सांसद डा. संजीव बालियान के जाट होने के बावजूद यह वर्ग जयंत चौधरी के साथ क्यों चला गया? क्या जाटों पर इन नेताओं की कोई पकड़ नहीं है? क्या भाजपा पश्चिमी यूपी केवल जाटों सहारे जीत जायेगी? ऐसे कई सवाल होंगे, जिनके जवाब भाजपा नेतृत्व को तलाशने होंगे। डॉ. संजीव बालियान अपनी कारगुजारियों का ठीकरा दूसरे नेताओं पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि उनके ही लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सीट पर जाट वोटर रालोद की तरफ क्यों चला गया? जाटों पर आंख मूंदकर भरोसा भाजपा को आने वाले समय में भारी पड़ता दिख रहा है। दलित बाहुल्य पश्चिमी यूपी में भाजपा ने जाट वोटरों को साधने के लिये अन्य तमाम जातियों के प्रतिनिधित्व को दरकिनार कर दिया तथा जाट समुदाय से आने वाले प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम मोहित बेनिवाल को खतौली जिताने जिम्मेदारी दी, लेकिन में दोनों इस परीक्षा में पूरी तरह फेल रहे। जाट वोटर पूरी तरह से सपा-रालोद गठबंधन के साथ चला गया। खतौली की हार सामान्य नहीं है बल्कि भाजपा के समीकरण एवं रणनीति पर सवाल है, जिसे साधकर वह पश्चिमी यूपी में 2024 में फतह हासिल करने का सपना पाल रही है। पश्चिमी यूपी की मात्र डेढ़ दर्जन विधानसभा सीटों पर निर्णायक प्रभाव रखने वाले जाट वोटरों को जोड़े रखने के लिये भाजपा ने अन्य जातियों के प्रतिनिधित्व छीनकर जाट नेताओं को आगे किया था। भाजपा की यह रणनीति खतौली में फेल हो गई है, उससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि विपक्षी सपा-रालोद गठबंधन को यह संजीवनी मिल गई है कि भाजपा को आसानी से हराया जा सकता है। चुनावी भविष्य को लेकर भी एक आशंका पैदा हो गई है कि भाजपा पश्चिमी यूपी में केवल जाटों पर भरोसा करके चुनावी समर में उतरेगी तो झटका लग सकता है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में भाजपा की जीत में दलित वर्ग के वोटरों का बड़ा योगदान था, लेकिन भाजपा ने इस वर्ग को अपने साथ जोड़ने की बजाय इससे किनारा कर लिया। कई सीटों पर प्रभावशाली दलित वर्ग को अपने साथ जोड़े रखने के लिये भाजपा ने मजबूत दलित नेतृत्व खड़ा करने का कोई प्रयास नहीं किया। भाजपा के पास पश्चिमी यूपी में दलित चेहरे के नाम पर राज्यसभा सांसद कांता कर्दम हैं, जिनकी इस वर्ग पर कोई पकड़ नहीं है।

**■ अनिल सिंह**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# चमत्कारी पौधा कोकिलाक्ष



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र**
**रेड़मा चौक, डालटनगंज, झारखंड**
**मो0- 7903216488, 9334716688**

**संस्कृत-** कोकिलाक्ष, इक्षुगधा, इक्षुरक, इक्षुबालिका, शुक्लपुरूष इत्यादि।
हिन्दी- तालमखाना, कुलियाकंटा।
गुजरात- एखरो, तालमखनूं।
मराठी- बिखरा, कोलमुन्दा, तालमखाना।
लेटिन- एस्टेरेकेंथा लांगिफोलिया

**स्वरूप :** एक छोटा कंटकयुक्त क्षुप जो नमी वाले स्थानों पर उगता है। कंटक पीले, प्रत्येक पर्व पर 6-6 की संख्या में, पत्ते 6-6 के चक्र में, पुष्प नीले बैगनी रंग के होते है। इसका फल गोल और कंटीला होता है। उसके बीजों को ताल-मखाना कहते है।

**स्वाद :** तिक्त।

**रासायनिक संगठन :** इसके बीज में पीतवर्णो स्थिर तेल, डायास्टेस, लायपेस एवं प्रोटियेस पाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त पोटेशियम के लवण तथा पिच्छिल द्रव्य पाये जाते हैं।

**गुण :** शीतल, मूत्रल, मधुर, शुक्रवर्धन, स्तन्य, जनन, बल्य।

**उपयोग :** जलोदर, मूत्रकृच्छ, वस्थिशोथ, कामला, वातरक्त, शोक, यकृतोदर, यकृत में अवरोध होने के कारण उत्पन्न शोथ में, अश्मरी में, नेत्र रोग में लाभकरी है। इसके बीजों को दूध के साथ सेवन करने से वस्थिशोथ में लाभ होता है। मूल के क्वाथ सेवनल से मूत्र में वृद्धि होती है। यकृत रोग में मूल का क्वाथ सेवन लाभकारी होता है। कास रोग में पत्तों का उपयोग लाभकारी होता है। संधिशूल में इसके पत्रों को पीसकर लेप करना लाभकारी। शोथ में इसके पंचांग राख का गोमूत्र या जल के साथ सेवन से लाभ होता है। बाजीकरण के लिए इसके बीज एवं कौंच के बीजों का चूर्ण में शर्करा मिलाकर जल या दूध के साथ सेवन से लाभ होता है। अतिशार में इसके पंचांग को दही में पीसकर सेवन कराना चाहिए। धातु पुष्टता के लिए इसके पंचांग के चूर्ण का सेवन मिश्री के साथ करें और ऊपर से उष्ण दूध पीने से लाभ होता है। या तालमखाना (बीज) मूसली एवं गोक्षर का चूर्ण गाय के दूध में मिश्री मिलाकर पीने से लाभ होता है। प्रमेह में ताल- मखाना को दूध में उबालकर पीने से लाभ होता है। योनि संकोचन के लिये इसके पंचांग के क्वाथ में तालमखाना (बीज) का चूर्ण मिलाकर योनि के अंदर इसका लेप करने से योनि संकोचन हो जाता है। इसकी जड़ का क्वाथ (काढ़ा) सुजाक और वस्ती शोथ रोज में चमत्कारीक प्रभाव दिखाता है। इसके पत्ते खांसी, प्रमेह, कटिवात (कमर दर्द) और जोंड़ो के दर्द में काफी उपयोगी होता है। इसके बीच स्वादहीन, चर्बीवर्धक, कामोद्दीपक और पौष्टिक होता है। ये खून को सुधारते है। सुजाक और अनैच्छिक वीर्यस्त्राव में भी ये लाभदायक है।



**तालमखाना और जलोदर :** अनुभवों से मालूम हुआ है कि इस औषधि में मूत्ररेचक गुण बहुत प्रभावशाली रूप में रहता है। इसलिये इसकी जड़का का काढ़ा बनाकर देने से जलोदर के रोग में आश्चर्यजनक लाभ होता है। जंगली-जड़ी बूटी के लेखक लिखते है कि एक रोगी को छः दिन तक प्रति दो-दो घंटे के अन्दर से इसका क्वाथ बनाकर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि पहले जहां हर चौबीस घंटे में उस रोगी को 40 से 80 तोले तक पेशाब उतरता था उसकी जगह उस औषधि को देने के पश्चात हर चौबीस घंटे में 450 तोला पेशाब उतरने लगा और इस प्रकार उसके पेट के अन्दर का संचित सब जल निकालकर रागी रोग मुक्त हो गया। उस क्वाथ को इस प्रकार बनाया जाता है- तालमखाना की जड़ की जड़ ढ़ाई तोला (25) लेकर कुटकर पच्चास तोले (500ग्राम) जल के साथ औटाना चाहिये। जब 36 तोला (360 एमएल) पानी बचा रह जाय तब उतार कर छान लेना चाहिये। फिर हर दो-दो घंटे में इस क्वाथ को 25 से 40 मि0 ली0 तक की मात्रा में पिलाना चाहिये।

कोमान के मतानुसार यह एक उत्तम पदार्थ है। इसकी जड़ का काढ़ा एक औंस की मात्रा में जलोदर और पुरानी ब्राइट्सडीसिज में मूत्रल वस्तु की बतौर दिया गया और इसका प्रभाव सन्तोषजनक रहा। मद्रास के डाक्टर फिट्स पैट्रिक और डाक्टर गिब्सन का कथन है कि अशक्त रक्त हीन और कष्टसाध्य जलोदर के रोगियों के ऊपर इस वनस्पति के क्वाथ का प्रयोग करके अत्तम सफलता प्राप्त की गई है। दूसरी मूत्रल औषधियों के साथ इसकी जड़ की को मिलाकर देने से एक सप्ताह के अन्दर ही पेशाब की मात्रा तीन-चार गुणी बढ़ जाती है जिससे जलोदर और चमड़ी की सूजन दूर होकर रोगी को आराम हो जाता है।

कर्नल चोपड़ा के मतानुसार औषधि प्रयोग में इसकी जड़े और पत्ते ज्यादा काम में आते है। इसकी जड़ का कदा यकृत सम्बन्धि विकरों में लाभकारी है। जननेन्द्रिय और मूत्राशय के विकारों में भी यह लाभकारी है।

वंगसेन (वड्गसेन) का मत है कि इसकी जड़ और शक्कर को समान भाग लेकर मुंह में चबाने से जो रस पैदा होता है उस रस को प्रसव कष्ट से पीड़ित हुई स्त्री के कान में डालने से उसको तत्काल प्रसव कष्ट से पीड़ित हुई स्त्री के कान में डालने से उसको तत्काल प्रसव हो जाता है।

महर्षि चरक का मत है कि गोखरू, तालमखाना और एरण्डी की जड़ को दूध में घिसकर पीने से मूत्रकृच्छ, मूत्राघात और एरण्डी की जड़ को दूध में घिसकर पीने से मूत्रकृच्छ, मत्राघात और पथरी रोग ठीक हो जाता है।

**अनुभूत प्रयोग :** उड़ीसा प्रांत के कुछ आदिवासी वैद्यों से प्राप्त योगों के द्वारा डा. अजय साहू (भोपाल मप्र.) वैद्य श्याम कुमार नाथे (अकोला महाराष्ट्र) डा. आशुतोष झा (मधुबनी बिहार) तथा मैं स्वंय वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे डालटनगंज झारखंड ने इस वनस्पति की पत्तियों के साथ गोल मिर्च (काली मिर्च) के संयोग से औषधि को तैयार कर थायराइड़ के अनेकानेक रोगियों को इस रोग से रोगमुक्त कर चुका हूं। इस वनस्पति में थायराइड रोग को ठीक करने का चमत्कारिक गुण है। कोई भी वैद्य या सामान्य जन इस योग को कैसे बनाय जाये सम्पर्क कर उपरोक्त वर्णित वैद्यों से जान सकते है। मात्र 21 दिन से 60 दिन तक सेवन मात्र से थायराइड रोग से हमेशा के लिए निजात पाया जा सकता हूं।

# आखिर बच्चे के लिए एक सही स्कूल या कोचिंग इंस्टीट्यूट

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पेरेंट्स हमेशा ही इस बात को लेकर तनाव में रहते हैं कि आखिर बच्चे के लिए एक सही स्कूल या कोचिंग इंस्टीट्यूट के रूप में किसे चुना जाए। वे सही भी हैं, क्योंकि कई बार कोचिंग संस्थाएँ वादें करती तो हैं, लेकिन निभा नहीं पातीं। कारण यह है कि इन नामचीन संस्थाओं में फैकल्टीज का स्तर वैसा नहीं होता, जैसा कि ऊपरी तौर पर विज्ञापनों आदि के माध्यम से दर्शाया जाता है। पेरेंट्स की इस परेशानी को हल करने वाला टॉप रैंक के साथ भारत में सर्वाधिक सिलेक्शन प्रतिशत देने के साथ मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी देवास में एक विद्यालय और कोचिंग इंस्टीट्यूट ऐसा है, जहाँ विगत 26 वर्षों से आईआईटी-जेईई में ऑल इंडिया 243वीं रैंक प्राप्त कर चुके मशहूर अध्यापक ललित सरदाना सर फिजिक्स, कैमेस्ट्री और मैथेमेटिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषय स्वयं ही पढ़ाते हैं। द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल का संचालन सरदाना सर और सरदाना मैडम द्वारा ही किया जाता है। खास बात यह है कि ढ़ाई दशक से भी अधिक समय से अध्यापक रहने के बावजूद आज भी वे किसी अन्य फैकल्टी पर निर्भर नहीं हैं। द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में IIT, NDA, CLAT, NEET, IIT, NEET, CLAT, NDA, CA, CS, UPSC और CUET में सैकड़ों सिलेक्शन्स होते हैं। ललित सरदाना, अध्यापक और संचालक, द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, कहते हैं, भारी भरकम फीस और संथाओं में बड़ी संख्या में बच्चों की भर्ती को लेकर चिंतित पेरेंट्स के मन में कई सवाल उठते हैं, जैसे- इस संख्या के बीच उनके बच्चे पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा या नहीं? कहीं अपनी मेहनत का पैसा गलत जगह पर तो नहीं लगा दिया है? उनका बच्चा अच्छा पढ़ने के बजाए और कमजोर तो नहीं हो जाएगा, आदि। कारण यह है कि अधिकांश फैकल्टीज केवल उन्हीं बच्चों को कॉन्सेप्ट्स समझा पाते हैं, जो पढ़ने में होशियार होते हैं। ऐसे में कमजोर बच्चे पिछड़ते जाते हैं, क्योंकि वे शिक्षकों के समझाने के तरीकों को समझ नहीं पाते हैं। परिणाम के रूप में वे प्रतियोगी परीक्षाएँ तो क्या, स्कूल की परीक्षाओं में भी धीरे-धीरे पिछड़ते चले जाते हैं और एक समय ऐसा आता है कि या तो उन्हें कोचिंग छोड़नी पड़ती है, या फिर स्कूल छोड़कर किसी डमी स्कूल का सहारा लेना पड़ता है। द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में हम बच्चों के भविष्य को सँवारने में विश्वास रखते हैं।



द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल की साख सिर्फ देवास और आसपास के क्षेत्रों में ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के अलग-अलग कोनों से विद्यार्थी सरदाना सर से पढ़ने आते हैं। सरदाना सर और सरदाना मैडम इस तरीके से सभी विषयों को पढ़ाते हैं कि आज इंटरनेट पर 81 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी इनके पढ़ाने को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। जब से स्कूल शुरू हुआ है, तब से यह आश्चर्यजनक गति से बढ़ रहा और अच्छे परिणाम के ग्राफ में लगातार बढ़त जारी है। कम समय में छात्रों ने इस स्कूल के अंतर्गत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के इतिहास में अद्वितीय परिणाम दिखाए हैं।

## काव्य कोना

### जिज्ञासु मन

**सुलझे अनसुलझे बुझे अनबुझे,**
**प्रश्नों का,**
**अब बस यूँ ही,**
**जाने अनजाने समझने की कोशिश,**
**कौन सा क्या उत्तर दूँ।**
**ध्वनि प्रतिध्वनि सुनाई देगी ,**
**प्रश्न कहाँ और उत्तर कैसा,**
**मानो सन्नाटा में गूँज,**
**तारों पर हो एक झंकार।**
**दसों में दिशाओं में घुम कर,**
**शोध के बिन्दु पर बैठा,**
**निस्तब्धता के बेबस क्षणों में,**
**जिज्ञासु मन बारम्बार झकझोरता,**
**तारतम्यता ढूँढ पहले,**
**हल दिखेगा सामने,**
**उलझन से दूर,**
**सुलझे अनसुलझे बुझे अनबुझे,**
**प्रश्नों का,**
**अब बस यूँ ही।**

❖ **नाग मणि**

# बच्चों की क्रिसमस पार्टी में सर्व करें ये चीजें



पार्टी में हर कोई मस्ती कर रहा होता है। ऐसे में बच्चों को बार-बार सर्व करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप मिनी केक को अपनी पार्टी का हिस्सा बनाएं। साइज में छोटे होने के कारण बच्चे एक-एक पीस आसानी से ले पाएंगे। क्रिसमस बस आने को ही है। क्रिसमस का मौका हो और बच्चों की पार्टी आगेर्नाइज ना की जाए। ऐसा तो हो ही नहीं सकता। आमतौर पर, क्रिसमस पर बच्चे बेहद ही उत्साहित होते हैं और सांता क्लॉज बनना काफी पसंद करते हैं। घर-घर में क्रिसमस पार्टी आगेर्नाइज की जाती है। लेकिन पार्टी में क्या सर्व किया जाए। इसे लेकर अक्सर मन में असमंजस रहता है। हो सकता है कि इस बार आप भी बच्चों की क्रिसमस पार्टीज में कुछ अलग सर्व करने का मन बना रहीं हों।

**पार्टी मेन्यू में शामिल करें मिनी केक :** पार्टी में हर कोई मस्ती कर रहा होता है। ऐसे में बच्चों को बार-बार सर्व करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप मिनी केक को अपनी पार्टी का हिस्सा बनाएं। साइज में छोटे होने के कारण बच्चे एक-एक पीस आसानी से ले पाएंगे। बच्चों की पार्टी में बिग साइज केक के स्थान पर मिनी केक को सर्व करना यकीनन काफी अच्छा विचार है। यह केक ना केवल देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इनका टेस्ट डिलिशियस होता है। यहां तक कि आप इसमें कई वैरायटीज भी रख सकती हैं।

**पार्टी मेन्यू में शामिल करें कपकेक :** कपकेक तो लगभग हर बच्चे को पसंद होता है। इसलिए बच्चों की क्रिसमस पार्टी में कपकेक सर्व करके आप उन्हें बेहद खुश है। यह एक मिनी ट्रीट है, जिसे आप क्रिसमस डे पार्टी के लिए रख सकते हैं। आप कपकेक में कई तरह के टेस्ट व फ्लेवर को शामिल कर सकते हैं। इस तरह अपने क्रिसमस पार्टी मेन्यू में अधिक वैरायटी ला सकते हैं।

**पार्टी मेन्यू में शामिल करें केक पॉप्स :** जब बच्चों की पार्टी हो और उसमें कुछ यूनिक ना किया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। तो ऐसे में एक यूनिक फूड आइटम को पार्टी का हिस्सा बनाने के लिए आप केक पॉप्स को सर्व करें। केक पॉप्स वास्तव में केक पीस ही होते हैं, जिन्हें लॉलीपॉप के रूप में सर्व किया जाता है। यकीन मानिए, केक पॉप्स आपकी क्रिसमस पार्टी मेन्यू को और भी खास बनाने में मदद करेंगे। साथ ही साथ आपका यह आइडिया बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को बेहद ही पसंद आएगा।

❖ **मिताली जैन**

# प्यार व तकरार से भरा होगा इन राशि वालों के लिए ये हफ्ता



ज्योतिष विज्ञान के माध्यम से आपको बताने जा रहे हैं वीकेंड आपके रिलेशनशिप के लिए कैसा होगा। किस राशि के लोगों को अपने रिश्तों में सुधार करने की जरूरत हैं और किस राशि की जिंदगी में प्यार की एंट्री होने वाली हैं। इस तमाम बातों के बारें में हम आपको आज के इस खास आर्टिकल में बताने वाले हैं। ज्योतिष विज्ञान के माध्यम से आपको बताने जा रहे हैं कि वीकेंड आपके रिलेशनशिप के लिए कैसा होगा। किस राशि के लोगों को अपने रिश्तों में सुधार करने की जरूरत हैं और किस राशि की जिंदगी में प्यार की एंट्री होने वाली हैं। इस तमाम बातों के बारें में हम आपको आज के इस खास आर्टिकल में बताने वाले हैं। आप इस सप्ताह क्या करने वाले हैं और आपके साथी के साथ आपका रिश्ता कैसा रहने वाला हैं।

**मेष :** इस सप्ताह यह संभव है कि नौकरी की प्रतिबद्धता आपको अपने साथी के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने से रोक सकती है। हो सकता है कि आप उनके साथ घूमने के बजाय कार्यस्थल पर देर तक काम कर रहे हों। यह आपके पेशेवर और निजी जीवन दोनों में उथल-पुथल का कारण बन सकता है। इसलिए अपने साथी की अपेक्षाओं को प्रबंधित करना और किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए उनसे अक्सर बात करना महत्वपूर्ण है।

**मिथुन :** चिंता करना बंद करें और अपने जीवन को हर तरह से बेहतर बनाने के लिए बदलाव करना शुरू करें। काम और रिश्ते आपका सारा समय और प्रयास बर्बाद कर सकते हैं, जिससे आपके पास अपने लिए बहुत कम भंडार बचता है। कुछ समय व्यापार और बाकी अपनी साझेदारी के लिए समर्पित करने के साथ प्रयोग करें और जब भी संभव हो अपने जीवन में सबसे आगे विश्राम करें। पहले अपना ख्याल रखें तभी आप अन्य चीजों पर काम कर सकते हैं।

**कर्क :** अपने साथी के प्रति आपका शारीरिक आकर्षण भले ही सामान्य से कम हो। लेकिन आपके भावनात्मक जुड़ाव की गहराई और एक-दूसरे के प्रति समर्पण की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। इस क्षणभंगुर चरण के बारे में बहुत अधिक चिंता न करें। क्योंकि आप जो भावनात्मक निकटता का अनुभव करेंगे। वह आपके रिश्ते के अन्य क्षेत्रों में और भी गहरे जुड़ाव का कारण बनेगी।

**सिंह :** रोमांटिक प्रयासों के संबंध में आपके लिए यह सप्ताह आनंदमय रहेगा। आपके दोस्तों के समूह में आप चर्चा का विषय बनेंगे। आपके प्रेम संबंधों की स्थिति में नाटकीय रूप से सुधार आएगा। आप और आपका साथी एक साथ कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होंगे। यदि अविवाहित हैं। इस सप्ताह आप किसी से मिल सकते हैं। इस ताजा रोमांस में एक शानदार प्रेम कहानी के सभी गुण हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए यह हफ्ता काफी खास रहने वाला हैं। आप इस सप्ताह अपने ऊपर रोमांस और कामुकता की एक जबरदस्त भावना महसूस करेंगे। अपने उत्साह और जीवन के लिए अपनी प्रशंसा बनाए रखें। यदि आप किसी निश्चित व्यक्ति के साथ कुछ चिंगारी की उम्मीद कर रहे हैं, तो अब उन्हें लाने का समय है। एक अच्छा मौका है कि आप अभी रोमांटिक रूप से करीब आना चाहेंगे।

**तुला :** यह एक रोमांचक सप्ताह होगा। यह संभव है कि जिसे आप केवल एक मित्र समझते हैं। वह आपका जीवनसाथी बन जाए। जो लोग रिश्ते में हैं वे भी खुश होंगे। क्योंकि उनके साथी इस सप्ताह उन पर बहुत ध्यान देंगे। अपने साथी की बातों पर ध्यान न देकर अपनी सुनने की क्षमता के बारे में अपने साथी की धारणा के साथ समस्याओं का जोखिम न उठाएँ।

**वृश्चिक :** इस हफ्ते आपको किसी खास से मिलने का शानदार मौका मिल सकता है। संगत एकल से मिलने के अधिक अवसरों के साथ, स्थिर रोमांटिक साथी के बिना डेटिंग करना कभी आसान नहीं रहा। जो भागीदार वास्तव में एक दूसरे के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके बीच जानकारी के एक मजबूत और आसान प्रवाह से लाभ होगा। आप भावनात्मक रूप से काफी संवेदनशील रहेंगे। इसलिए अपने संबंधों को अधिक महत्व दें।

**धनु :** वीकेंड पर अपने प्रेमी को जरूरत से ज्यादा देना उल्टा पड़ सकता है। रिश्ते में देना और प्राप्त करना दोनों पक्षों के लिए अच्छा है। लेकिन पूर्व के साथ भटक जाना और पारस्परिकता न होने पर नाराजगी महसूस करना आसान है। ऐसे में आप कुछ अच्छा करने की सोच में अपने पार्टनर को नाराज भी कर सकते हैं। इस लिए पहले से ही पार्टनर को मनाने के तरीके ध्यान कर ले। अपने साथी की मदद करने से पहले उनकी जरूरतों और भावनाओं का ख्याल रखें।

**मकर :** आपके रोमांटिक कि स्म कभी भी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं। यह संभव है कि आप दोनों एक दूसरे को वास्तव में शांत, सुखदायक और देखभाल करने वाली ऊर्जा दें। इस खास दिन पर अपनी एकता बनाए रखें। बाहर निकलो और आज अपने प्यार का जश्न मनाओ। थोड़ी देर के लिए अपनी परवाह छोड़ दें और अपने साथी पर ध्यान दें। वे आज आपके अविभाजित ध्यान के पात्र हैं।

**कुम्भ :** हाल ही में मिले संभावित रोमांटिक हितों को लेकर टूटे हुए सपनों के कारण आप आज उदास महसूस कर सकते हैं। यदि आपने बहुत समय और प्रयास के बाद खोज नहीं की है, तो आपको अपने आप से नीचे नहीं उतरना चाहिए। यदि आप अपने सामाजिक दायरे का विस्तार करना जारी रखते हैं और दिलचस्प नए लोगों से मिलते हैं, तो आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप अपने जीवन के प्यार से कब मिल सकते हैं।

**मीन :** आज सच बोलने के लिए समय ठीक है। यदि आप हाल ही में प्यार की भावना से अभिभूत महसूस कर रहे हैं, तो अब इसे बाहर निकालने का समय है। दूसरे व्यक्ति के लिए, आप अपनी गहरी भावनाओं को उन तरीकों से व्यक्त करने में सक्षम होंगे जो वे वास्तव में समझेंगे। स्वच्छ आओ और जो आप इतने लंबे समय से सोच रहे थे उसे साझा करें। अपनी कुंठाओं को दूर करने से आप काफी बेहतर महसूस करेंगे।

❖ **रेनू तिवारी**

# त्वचा की तमाम समस्याओं में फायदेमंद है प्याज

प्याज का रस हमारे बालों और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स, विटामिन मौजूद होते हैं जो त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। प्याज के रस में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो चेहरे पर मुंहासे की समस्या को दूर करते हैं। आमतौर पर प्याज का इस्तेमाल खाने का जायका बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्याज का रस हमारे बालों और त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।



इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स, विटामिन मौजूद होते हैं जो त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। प्याज के रस में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो चेहरे पर मुंहासे की समस्या को दूर करते हैं।

अगर आप चेहरे पर पिंपल्स से परेशान हैं तो इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच प्याज के रस में एक चम्मच जैतून का तेल मिलाकर सीधे पिंपल्स पर लगाएं। प्याज में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जिससे मुंहासे दूर होते हैं और चेहरा साफ होता है।

**प्याज के रस से आप चेहरे पर मौजूद दाग :** धब्बों और कालेपन से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में प्याज का रस और दही मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं। हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और 10 मिनट के लिए इसे चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें।

अगर आपकी ग्लोइंग त्वचा पाना चाहते हैं तो प्याज के रस और बेसन का फेसपैक लगा सकते हैं। दरअसल, प्याज का रस एक नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है और चेहरे पर जमा गंदगी को साफ करने में मदद करता है। इसके लिए एक चम्मच बेसन में एक चम्मच प्याज का रस और आधा चम्मच दूध मिलाएं। इस मास्क को चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद फेस वॉश से चेहरा धो लें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपको ग्लोइंग स्किन मिलेगी।

**प्याज के रस का इस्तेमाल आप चेहरे पर एंटी :** एजिंग के निशान को मिटाने के लिए भी कर सकते हैं। प्याज के रस में फायटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। प्याज के रस को चेहरे पर लगाने से रिंकल्स और फाइन लाइन्स की समस्या दूर होती है और त्वचा जवां लगती है।

आजकल बढ़ते प्रदूषण और यूवी किरणों से त्वचा को नुकसान होता है। प्याज के रस में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स मौजूद होते हैं। ये सभी तत्व त्वचा के लिए एक कवच के तौर पर काम करते हैं और प्रदूषण और यूवी किरणों से त्वचा का बचाव करते हैं।

# आज का राशिफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मेष राशि :** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। | **वृष राशि :** भागदौड़ बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। | **मिथुन राशि :** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। | **कर्क राशि :** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में व्यर्थ के क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु बातचीत में संयत रहें। |
| **सिंह राशि :** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। | **कन्या राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। मन में सकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। | **तुला राशि :** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय वृद्धि होगी। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। आत्मसंयत रहें। | **वृश्चिक राशि :** बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। |
| **धनु राशि :** कला या संगीत में रुचि बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। क्रोध के अतिरेक से बचें। | **मकर राशि :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। | **कुंभ राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। मानसिक तनाव रहेगा। आत्मसंयत रहें। सन्तान को स्वास्थ्य विकार हो सकता है। | **मीन राशि :** संयत रहें। बातचित में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। |




## न्यूज गैलरी

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से कालीकट से दुबई पहुंचा सांप

**दुबई (एजेंसी)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के शनिवार को दुबई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसके कार्गो होल्ड (मालवाहक क्षेत्र) में एक सांप मिला और विमानन नियामक डीजीसीए इस घटना की जांच कर रहा है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस का बी737-800 विमान कालीकट, केरल से आया था और यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दुबई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर विमान के कार्गो होल्ड में एक सांप मिला, जिसके बाद हवाई अड्डे की अग्निशमन सेवाओं को भी इस बारे में सूचित किया गया। यह ग्राउंड हैंडलिंग चूक का मामला है। अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच की जायेगी और इस संबंध में उपयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई की जायेगी। इस घटना के संबंध में टिप्पणी के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता से संपर्क नहीं हो सका है। यात्रियों की संख्या के बारे में विवरण तत्काल पता नहीं चल सका है।

### दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** एमसीडी यानी दिल्ली नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हार का ठीकरा दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर फूटा है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता को लेकर जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक आदेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आदेश गुप्ता ने अपना इस्तीफा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपा है। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि जेपी नड्डा ने आदेश गुप्ता का इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों पर चुनाव हुए थे। इस चुनाव में भाजपा को 104 सीटें तथा आम आदमी पार्टी को 134 सीटें मिली थीं। भाजपा पिछले 15 सालों से एमसीडी पर काबिज थी, लेकिन इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भाजपा को एमसीडी की कुर्सी से बेदखल कर दिया है। अब एमसीडी में भी केजरीवाल सरकार बन गयी है। आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद अब वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीजेपी की तरफ से जारी किये पत्र में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश के अनुसार आदेश गुप्ता का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया गया इस्तीफा स्वीकार किया जाता है। आगामी सूचना तक वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

## जर्सी आईलैंड में धमाके में तीन की मौत, एक दर्जन से अधिक लापता

**जर्सी (एजेंसी)।** इंग्लैंड के जर्सी आईलैंड पर एक तीन मंजिला इमारत में शनिवार सुबह हुए धमाके में तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं, एक दर्जन से ज्यादा लोग अब तक लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। फायर फाइटर, रेस्क्यू टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचकर लगातार बचाव और तलाशी अभियान चला रहे हैं। जर्सी सरकार ने बचाव अभियान की एक वीडियो ट्वीट की है जिसमें धमाके के बाद की तबाही और मलबा नजर आ रहा है। धमाके में कई कारें भी बर्बाद हो गयीं। पुलिस ने बताया कि धमाके से तीन मंजिला इमारत पूरी तरह से तबाह हो गयी थी। ये बहुत बड़ा धमाका था। ऐसा लग रहा था जैसे पहले यहां कोई इमारत थी ही नहीं। घटना का मलबा साफ करने में कई दिन लगने की संभावना है। लोगों की सहायता करने के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। डिप्टी प्राइम मिनिस्टर डोमिनिक राब ने ट्वीट किया कि घटना से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने बचाव टीम की तारीफ करते हुए कहा कि हम किसी भी तरह से मदद करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

## पीएम मोदी ने नागपुर मेट्रो रेल को दिखायी हरी झंडी

**नागपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो ट्रेन की सवारी का लुत्फ भी उठाया। मोदी ने शहर में मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी। वहीं, प्रधानमंत्री ने नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का भी उद्घाटन किया। नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने जीरो माइल फ्रीडम पार्क और खापरी स्टेशन के बीच मेट्रो रेल की सवारी की। उन्होंने ट्रेन में सवार होने से पहले जीरो माइल स्टेशन पर परियोजना पर आधारित एक प्रदर्शनी भी देखी। परियोजना के पहले चरण के तहत 36



स्टेशन हैं। यह चरण 40 किलोमीटर की दूरी को कवर करता है। अधिकारियों ने बताया कि दूसरे चरण के तहत 32 स्टेशन होंगे और 43.8 किलोमीटर की दूरी कवर की जायेगी।

### नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण का किया उद्घाटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेस-वे के पहले चरण का उद्घाटन किया। 520 किलोमीटर लंबा पहला चरण नागपुर को अहमदनगर जिले के शिरडी से जोड़ता है। इसका आधिकारिक नाम हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग रखा गया है। परियोजना की कुल लंबाई 701 किलोमीटर होगी। समृद्धि एक्सप्रेस-वे का काम पूरा हो जाने के बाद नागपुर से मुंबई के बीच की सड़क यात्रा का समय घटकर सात घंटे रह जायेगा।

## कर्नाटक के मंदिरों में अब सलाम नहीं संध्या आरती

❍ टीपू सुल्तान का दिया 300 साल पुराना नाम बदला, हिंदू संगठनों की मांग पर लिया गया फैसला

**मंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के कुछ मंदिरों में होनेवाली सलाम आरती का नाम बदल दिया गया है। अब इसे संध्या आरती के नाम से जाना जायेगा। यह फैसला हिंदुत्व संगठनों की मांग पर लिया गया। इन संगठनों ने राज्य सरकार से टीपू सुल्तान के नाम पर होनेवाले अनुष्ठानों को खत्म करने की मांग की थी, जिसमें सलाम आरती भी शामिल थी। हिंदू मंदिरों की देख-रेख करनेवाले स्टेट अथॉरिटी मुजरई ने शनिवार को छह महीने पुराने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। माना जाता है कि 18वीं शताब्दी में मैसूर शासक टीपू ने इन मंदिरों में अपनी यात्रा के दौरान आरती का नामकरण किया था।

**क्या है पूरा मामला :** मेलकोट में ऐतिहासिक चालुवनारायण स्वामी मंदिर है। जहां हैदर अली और उसके बेटे टीपू सुल्तान के शासनकाल से हर दिन शाम सात बजे सलाम आरती (मशाल सलामी) होती आ रही है। स्कॉलर और कर्नाटक धर्मिका परिषद के सदस्य कशेकोडि सूर्यनारायण भट ने इसका नाम बदलने की मांग की थी। भट ने कहा था सलाम शब्द हमारा नहीं टीपू का दिया हुआ है।

**सभी मंदिरों पर लागू होगा आदेश :** हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) सीएम बसवराज बोम्मई से अंतिम मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम के बाद जल्द ही एक आधिकारिक आदेश जारी किया जायेगा, जिसके बाद न केवल मेलकोट में बल्कि कर्नाटक के सभी मंदिरों में आरती सेवाओं का नाम बदल दिया जायेगा। मुजरई मंत्री शशिकला जोले ने कहा कि इन फारसी नामों को बदलने और मंगला आरती नमस्कार या आरती नमस्कार जैसे पारंपरिक संस्कृत नामों को बनाये रखने के प्रस्ताव और मांगें थीं। इतिहास को देखें तो हम वही वापस लाये हैं जो पहले चलन में था।

### विश्व हिंदू परिषद भी कर चुका है मांग




**इससे** पहले विश्व हिंदू परिषद ने कोल्लूर मंदिर के अधिकारियों से सुधार के लिए जाने और अनुष्ठान को प्रदोष पूजा कहने का आग्रह किया था। हालांकि, मंदिर के कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया था कि मंदिर के रिकॉर्ड में कहीं भी शाम की आरती का नाम सलाम मंगलाआरथी नहीं था।

## रूस ने राख की ढेर में बदला बाखमुत शहर



■ 20 हवाई हमले और 60 रॉकेट दागे, खरसोन में गद्दारों को ढूंढ रहा यूक्रेन

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से में युद्ध खतरनाक पड़ाव पर पहुंच चुका है। रूस लगातार हवाई हमले कर यूक्रेन को पीछे धकेलने की कोई कसर नहीं छोड़ रहा। इसी बीच राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि रूस ने यूक्रेन के बाखमुत शहर को अपने हवाई हमलों से राख के खंडहर में बदल दिया है। इन हमलों में कई आम लोगों के मारे जाने की भी खबर है। यूक्रेन के डोनेटस्क, लुहांस्क प्रोविंस में हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। जेलेंस्की ने बताया कि बाखमुत, सोलेडार, मारयिंका और क्रेमिन्ना शहर में कोई ऐसी जगह नहीं बची है जो रूसी हमलों से अछूती हो।

**15 लाख लोगों के पास नहीं बिजली सप्लाई :** जेलेंस्की ने जानकारी देते हुए बताया कि रूस देर रात ईरान में बने कामिकाजे ड्रोन से यूक्रेन पर हमले कर रहा है। जिसके चलते ओडेसा में लगभग 15 लाख लोग बिना बिजली के अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ओडेसा के अलावा यूक्रेन के खार्कीव, सुमी, डनिप्रोपेट्रोवेस्क, जापोरिज्जिया और खरसोन में भी हवाई हमले तेज हुए हैं। यूक्रेन की मिलिट्री ने जानकारी दी है कि शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिन में रूस ने लगभग 20 हवाई हमले और 60 रॉकेट दागे हैं। इनमें दो आम लोग मारे गये और आठ लोग गंभीर घायल हैं। रूस पर आरोप लग रहे हैं कि वो अपने हवाई हमलों से अस्पताल, दुकानों और लोगों के घरों को निशाना बना रहा है। नवम्बर के महीने में यूक्रेन ने ऐलान किया था कि उन्होंने खरसोन शहर को रूस के कब्जे से छुड़ा लिया है। लेकिन, युद्ध के मैदान में अब हालात लगातार तेजी से बदल रहे हैं।

## गुजरात : राज्यपाल से मिले भूपेंद्र सरकार बनाने का पेश किया दावा

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के बाद भूपेंद्र पटेल ने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान भूपेंद्र पटेल और सीआर पाटिल दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर चर्चा हो सकती है। भूपेंद्र पटेल को बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में सीएम पद पर काबिज होने का समर्थन दिया गया। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों के तौर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। बता दें कि भूपेंद्र पटेल दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है। जिनका शपथ ग्रहण समारोह 12 दिसम्बर को दोपहर दो बजे होगा। इस समारोह में पीएम मोदी समेत गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य नेता शामिल हो सकते हैं। बता दें कि गुजरात में बीजेपी ने 182 विधानसभा सीटों में से 156 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर कार में महिला से छेड़छाड़

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से सटे पालघर में कुछ लोगों ने चलती कार में महिला से छेड़छाड़ की। खुद को बचाने महिला ने कार से छलांग लगा दी। मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर हुई इस घटना में उसकी 10 महीने की बच्ची की मौत हो गयी। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी बच्ची को चलती कार से बाहर फेंका था, जिससे उसकी मौत हो गयी। जबकि महिला खुद बुरी तरह घायल है। पालघर में मांडवी पुलिस स्टेशन में घटना की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने कार ड्राइवर विजय कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है पीड़ित महिला अपना बयान बार-बार बदल रही है। उसने तीन बार बयान बदला है, ऐसे में मामले की गहन जांच करने की आवश्यकता है।

## झूठा हलफनामा देने के केस में फंसे पूर्व पाक पीएम इमरान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले में पहले ही मुश्किलों में घिरे इमरान खान एक और बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व

■ चुनाव आयोग को बेटी के बारे में नहीं दी जानकारी
■ इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

प्रधानमंत्री पर आरोप है कि इलेक्शन कमीशन को दिये एफिडेविट में उन्होंने बेटी होने की बात छिपाई। इमरान ने जेमिमा गोल्डस्मिथ से दो बेटों के होनों की बात तो हलफनामे में मानी, लेकिन पूर्व प्रेमिका सीटा व्हाइट से हुई बेटी टैरिन व्हाइट की जानकारी नहीं दी। अमेरिकी और ब्रिटिश कोर्ट्स में यह साबित हो चुका है कि टैरिन के पिता



इमरान खान हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इमरान खान, केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को नोटिस करके इस बारे में जवाब मांगा है। पाकिस्तान के ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट मोहम्मद साजिद ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में इमरान के खिलाफ पिटीशन दायर की है। पिटीशन में साजिद ने कहा- इमरान ने इलेक्शन कमीशन को दिये एफिडेविट में दो बेटे होने की जानकारी दी, लेकिन बेटी होने की बात छिपा गये। अमेरिका और ब्रिटेन के कोर्ट्स ने साइंटिफिक एविडेंस के बाद यह माना है कि टैरिन व्हाइट के पिता वास्तव में इमरान खान ही हैं। टैरिन फिलहाल 28 साल की हो चुकी हैं और अमेरिका में रहती हैं। उनकी मां का नाम सीटा व्हाइट है। खान टैरिन के लिए लगातार पैसा भी भेजते हैं और इसके सबूत मौजूद हैं। साजिद की इस पिटीशन पर हाईकोर्ट ने इमरान, केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को नोटिस जारी कर पूछा है कि इस मामले की सच्चाई क्या है। अगर आरोप सही हैं तो क्यों न इमरान को चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया जाये। अगली सुनवाई 25 जनवरी को होगी। खान या उनकी पार्टी ने इस बारे में अब तक इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है।



## न्यूज गैलरी

### आंदोलनकारियों ने एन ई होरो की शहादत दिवस मनाई



रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आज झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा एन ई होरो की शहादत दिवस चुटिया स्थित झारखंड आंदोलनकारी भवन में मनाया गया. इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने एन ई होरो अमर रहे का नारा लगाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो, विश्वजीत प्रमाणिक,विदेशी महतो, मनबोध महतो, चितरंजन महतो, भरत महतो, गोपाल मह ली, शरत चन्द्र महतो, पूर्ण चंद्र महतो, माझों महतो, नेहा नवनीता, संतोष कुमार सिंह, ठाकुर राम सहित अन्य प्रमुख थे।

### विद्युत कार्य प्रमंडल व विद्युत निरीक्षणालय का पुनर्गठन के लिए कमेटी गठित

रांची। ऊर्जा विभाग के तहत विद्युत कार्य प्रमंडल व विद्युत निरीक्षणालय का पुनर्गठन करने के लिए कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी वर्तमान कार्य प्रमंडल की समीक्षा कर नए कार्य प्रमंडल व विद्युत निरीक्षणालय गठित करने की अनुशंसा करेगी। कमेटी की बैठक 12 दिसंबर को होगी। कमेटी के अध्यक्ष ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज जायसवाल बनाए गए हैं। सदस्यों में मुख्य अभियंता विजय कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार बलदेव प्रसाद, अधीक्षण अभियंता अगम प्रसाद, अवर सचिव अजय कुमार राय व कार्यपालक अभियंता कमल मुंडा रखे गये हैं।

### सचिवालय सेवा संघ के 20 पदों पर चुनाव के लिए 44 प्रत्याशी

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ का चुनाव 17 दिसंबर को निर्धारित है। चुनाव के लिए दो से पांच दिसंबर तक नामांकन प्राप्त किया गया। सात दिसंबर तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित थी। झारखंड सचिवालय सेवा संघ के कुल 20 पदों पर निर्वाचन के लिए 44 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है और किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापास नहीं लिया गया है। स्क्रूटिनी के बाद नामांकन दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशियों का नामांकन स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार 17 दिसंबर होने वाले झारखंड सचिवालय सेवा संघ के चुनाव के लिए विभिन्न पदवार प्रत्याशियों की अंतिम सूची शनिवार को जारी कर दी गई है।

### रांची रेलवे स्टेशन पर लगा नया एस्केलेटर, यात्रियों को नहीं चढ़नी होगी सीढ़ियां



रांची। रांची रेलवे स्टेशन रांची रेल मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन यहां होता है। यात्रियों को और बेहतर सुविधा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रेलवे ने रांची स्टेशन पर यात्रियों के लिए नया एस्केलेटर इंस्टॉल किया है। जिससे कि यात्रियों को अब सीढ़ियां नहीं छोड़नी होगी। 11 दिसंबर को रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ, सांसद रांची (राज्य सभा) आदित्य प्रसाद, सांसद रांची (राज्य सभा) महुआ माजी, विधायक रांची चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने मण्डल रेल प्रबन्धक प्रदीप गुप्ता की उपस्थिति में एस्केलेटर का लोकार्पण किया गया। रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म से सकुर्लेटिंग एरिया तक आने के लिए विस्तारित फुट ओवर ब्रिज के सकुर्लेटिंग एरिया वाले छोर पर नवनिर्मित स्वचालित सीढ़ी की स्थापना की गयी है। जिससे यात्रियों को फुट ओवर ब्रिज पर आवागमन में सहूलियत होगी। सांसदों और विधायक ने रांची रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध अन्य यात्री सुविधाओं को देखा एवं रांची रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयास की सराहना की। इस मौके पर मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सतीश कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) बमबम पांडे, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) कुलदीप कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डॉ देबराज बनर्जी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ओबीसी आरक्षण मामले में सांसद द्वारा अवमाननावाद याचिका दर्ज कराई गई थी

# 13 जनवरी को मुख्य सचिव एससी को देंगे जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई 13 जनवरी को होगी। इस दौरान झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को इस मामले में कोर्ट के नोटिस पर जवाब भी देना है। सर्वोच्च न्यायालय में यह सुनवाई गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा दाखिल अवमाननावाद के मामले में होगी। सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण नहीं देने को लेकर झारखंड सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका दायर की थी तब इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया गया था कि होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित की जाएगी बावजूद इसके नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दी गई है। इस पर पुनः सांसद चंद प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद याचिका दर्ज कराया। इसकी सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने गत 28 नवंबर को झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अवमाननावाद का नोटिस जारी किया है। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि सांसद



चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल

◆सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण नहीं देने को लेकर झारखंड सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका दायर की थी तब इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया गया था कि होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित की जाएगी।

टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपनी अवमाननावाद याचिका में कहा है कि एक तरफ झारखंड सरकार सर्वोच्च न्यायालय में यह कहती है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्णय का अनुपालन करेगी वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला लेती है। इससे यह प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार की मंशा ओबीसी को आरक्षण देने के प्रति नहीं है। यह एक तरफ से न्यायालय का अवमानना भी है।

## कॉमरेड नेता आरसी सिंह के निधन पर कम्युनिस्ट पार्टी में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के सचिव कॉम महेंद्र पाठक एवं राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि देश के कोयला मजदूरों के प्रियतम नेता, भारतीय संसद राज्यसभा के पूर्व सदस्य, कामरेड आरसी सिंह का दिल्ली के एम्स अस्पताल में देहांत हो गया। यह कम्युनिस्ट पार्टी के नेता, मऊ जिले की परदहा ब्लॉक के बगली पीड़ा गांव के निवासी थे। कोलकाता में जाकर आसनसोल और इलाके में कोयला मजदूरों के बीच में ट्रेड यूनियन गतिविधि चलाएं और मजदूरों के सर्वमान्य नेता बन गए। भारतीय संसद राज्यसभा के भी पश्चिम बंगाल से सदस्य रहे। 72 वर्षीय कॉमरेड आरसी सिंह ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक के



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी थे। संघर्षशील बहादुर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कॉम आरसी सिंह का झारखंड से पुराना नाता था उनके निधन से कोयला कामगारों एवं मजदूर वर्ग को अपूर्णीय क्षति हुई है। कोयला कामगारों का कहना है कि वह अपने कार्यकाल में हर समस्याओं को आसानी से हल करना जानते थे। उनके निधन हो से ऐसा महसूस हो रहा है कि हम सभी के परिवार से अभिभावक ही चले गये। झारखंड राज्य परिषद की और से श्रद्धांजलि एवं शत शत नमन लाल सलाम।

## डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपनी अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची के विद्यार्थियों (अनुराग लकड़ा, कक्षा क्क, शौभित दफ्तुअर, कक्षा क्क और यशस्वी जैन, कक्षा ) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित हेरिटेज इंडिया क्विज 2022 (पटना रीजन) को जीतकर अपनी योग्यता साबित की है । इस प्रतियोगिता का आयोजन लोयोला हाई स्कूल, पटना में किया गया था। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने पटना रीजन (झारखंड और बिहार) से इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई किया है जिसका आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इस उपलब्धि पर विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए पटना रीजन की 30 टीमों ने क्वालीफाई किया था एवं उसमे से 06 टीमों ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया और डीपीएस राँची के विद्यार्थियों ने इस क्विज प्रतियोगिता में जीत हासिल कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर डीपीएस राँची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता का परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित किया।




## खतियानी जोहार यात्रा का अगला पड़ाव गुमला-लोहरदगा में

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा का अगला पड़ाव गुमला और लोहरदगा है। वे 12 दिसंबर को गुमला में और 13 दिसंबर को लोहरदगा में होंगे। इस दौरान सीएम सरकार की उपलब्धियों को लोगों के बीच रखेंगे और उनका फीडबैक प्राप्त करेंगे। नेतरहाट फायरिंग रेंज की जमीन वापस पाने के लिए आंदोलन के हक में लिए गए फैसले पर उल्लेख सीएम की सभा में हो सकता है। अब यह जमीन यहां के मूल निवासियों की रहेगी। तय कार्यक्रम के अनुसार, गुमला और लोहरदगा में सीएम सोरेन मॉडल विद्यालय, जिला स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, छात्रावास, पेयजल आपूर्ति, सड़क, पुल व सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण या औचक निरीक्षण कर सकते हैं। जिला स्तरीय समीक्षा के दौरान जिलों के प्रभारी मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

### पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने दिव्यांग जनों के धरने का पुरजोर किया समर्थन

## ठिठुरते ठंड में भी दिव्यांगों के प्रति सरकार बेसुध : विजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ द्वारा रविवार को भवन के समक्ष अपने विभिन्न मांगों को लेकर चलाए जा रहे हैं अनिश्चितकालीन धरना के रविवार 15 वें दिन पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता ने धरना स्थल में कमेटी के सहयोगियों के साथ उपस्थित होकर इस आंदोलन का तन मन धन के साथ पुरजोर समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि 15 दिनों से धरना में बैठे इस ठिठुरते ठंड में दिव्यांग भाई-बहनों का अब तक झारखंड सरकार सुध तक नहीं ली है। जो की बहुत ही शर्म का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार सहित अन्य राज्यों में दिव्यांगों की सभी कल्याणकारी योजनाएं एवं



सुविधाएं मुहैया कराई है। किंतु झारखंड में दिव्यांग जनों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि अति शीघ्र इनकी मांगों को लागू किया जाए तथा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। धरना में निर्णय लिया गया कि आंदोलन को तेज किया जाएगा। इसके अंतर्गत एक शिष्टमंडल महामहिम राज्यपाल रमेश बैस से भी मुलाकात कर दिव्यांग जनों की मांगों को लेकर गुहार लगाई जाएगी। तथा विधानसभा सत्र के दौरान भी एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल में पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष विनोद भगत, नीरज भट्ट, आकाश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नरेश कुमार कंठ आदि ने भी संबोधित करते हुए सभी लोगों एवं सामाजिक संस्थाओं से दिव्यांग जनों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर करील कुमार, डॉ एस ए राई, अजीत कुमार, मुकेश कंचन जाहिद अंसारी तबरेज अंसारी गोवर्धन रजक, सुनीता कुमारी, संजू कुमारी सहित दर्जनों दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# महागठबंधन में राजद को भी मिलेगा सम्मान इसमें कोई कमी नहीं होगी : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने गंभीरता पूर्व बातों को सुना और आश्वस्त किया कि होने वाले महागठबंधन की बैठक में राजद की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव रहेंगे, उनके नहीं रहने पर प्रधान महासचिव बैठक में रहेंगे। राजद को भी सम्मान मिलेगा इसमें कोई कमी नहीं होगी। संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री मजबूती के साथ गठबंधन को लेकर चलेंगे हमारा गठबंधन



चुनाव के पूर्व से है। कहीं न कहीं समन्वय के कमी के कारण समन्वय नहीं हो पा रहा था, अब कोई दिकत नहीं होगी। गठबंधन के साथियों को साथ लेकर चलना और मजबूत रखना हम सब की जवाबदेही है। राजद के नेताओं कार्यकर्ताओं को भी सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया की महागठबंधन के सभी कार्यक्रम में तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने निर्देश दिया है कि सभी प्रदेश के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष तथा नेता कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उपस्थित रहेंगे।

## जेसीआई, रांची के अध्यक्ष बने अरविंद राजगढ़िया

**रांची।** जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जेसीआई), रांची के नए सत्र के लिए बनी कमेटी में पदधारियों का चुनाव रविवार को हुआ। पूर्व अध्यक्ष गौरव अग्रवाल कि अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद अरविंद राजगढ़िया को अध्यक्ष और तरुण अग्रवाल को सचिव चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, देवेश जैन, निखिल अग्रवाल, प्रतीक जैन, निशांत मोदी, पियूष केडिया और सह सचिव रवि आनंद और कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन चुने गए। कमेटी में 20 नए निदेशक भी चुने गए। निदेशक मंडल में अविकल मसकरा,अंकित मोदी, संकेत सरावगी, रौनक टेकरीवाल, सौरव जालान, शुभम बुधिया, मोहित बागला, कौशल मुरारका, चंद्रेश बजाज, राहुल टिबड़ेवाल, निखिल मोदी, अंकित जैन, मयंक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, ऋषभ सिंघानिया, नटवर बाजोरिया शामिल किए गए हैं। पदधारियों के चुनाव में अमित खोवाल और मनीष रामसिसरिया की भागीदारी रही।

## माताओं ने मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में 4 माताओं की टीम आपस में भिड़ीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिछले डेढ़ महीने से चल रही प्रतिज्ञा द्वारा संचालित माताओं के लिए मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में 4 माताओं की टीम रविवार को पोखरटोली मैदान (बिरसा मुंडा एयरपोर्ट) के पास आपस में भिड़ी। कुल तीन मैच खेले गए और काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस टूर्नामेंट में मैचों के दौरान न सिर्फ माताओं को फुटबॉल खेलना था बल्कि 4 स्तरों में कुछ सामाजिक कार्यों को भी करना था। पहले स्तर में जहां माताओं को अपने टीम के लिए कोई मुद्दा चुनना था, वहीं दूसरे स्तर में उस मुद्दे को लेकर अपनी समझ बनानी थी। तीसरे स्तर में इन माताओं ने अपने घर तथा आस पास में उस जानकारी को साझा करते हुए सेमि फाइनल मैच खेला। फाइनल में पहुंचने वाली 2 माताओं की टीम को इसके बाद चौथे स्तर के लिए अपने अपने ग्राम सभा और समुदाय में इस जानकारी को साझा करना है और लोगों को उस मुद्दे के प्रति जागरूक करना है। सेमि फाइनल के पहले मैच में नामकोम की माताओं ने पहानकोचा की माताओं को 5-0 से मात दी जिसमें अनूपा एक्का ने 2 गोल मारकर वीमेन ऑफ द मैच रही। दूसरे मैच में पदमपुर की माताएं छाता सौदाग की



माताओं से भिड़ी जो ड्रा हो गई और फिर छाता सौदाग की टीम पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से विजयी हो गई जिसमें ननकी धान (गोलकीपर 4 गोल बचाते हुए) को वीमेन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट में रांची और खूंटी से इस बार कुल 32 टीमें (480 माताएं) हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए पदमपुर की टीम का मुकाबला पहानकोचा की टीम से हुआ जिसमें पदमपुर की माताओं ने 4-0 से पहानकोचा की माताओं को मात दे दी। इस पूरे टूर्नामेंट को प्रतिज्ञा की ओर से चंदन, लक्ष्मी, कृति, रेनु, राखी, रोबिन, नूपुर, अमन, विल्सन ने सुचारू रूप से संचालन करने में अहम योगदान दिया।

### मोराबादी के तीन स्थानों पर सांसद संजय सेठ ने की चाय पर चर्चा

# नागरिकों से लिए जाएंगे महत्वपूर्ण सुझाव ताकि रांची को बना सकें और बेहतर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ न रविवार की सुबह मोराबादी मैदान में तीन स्थानों पर नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने रांची में बेहतर कानून व्यवस्था, बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने, बिजली सहित अन्य मुद्दे, जो रांची को एक बेहतर शहर बना सकते हैं, इस पर सभी नागरिकों के विचार लिए। सांसद ने इस चर्चा में कहा कि यह अच्छी बात है कि हम सरकार से भी बेहतर की उम्मीद करते हैं और सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए। रांची, झारखंड की राजधानी है यह और




बेहतर बन सके, यहां बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया हो सके, कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी हो, इस तरफ सरकार को काम करना चाहिए। यह शहर हमारा अपना शहर है, हमारी मातृभूमि है, इस लिहाज से हम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि शहर को बेहतर बनाने में हम सब अपना योगदान दें। सांसद ने नागरिकों से संवाद के क्रम में उनके बहुमूल्य विचार लिए और कहा कि रांची को बेहतर बनाने के लिए आप सबके सुझाव का सदैव स्वागत है। सीधे मुझे या मेरे कार्यालय के माध्यम से रांची के जो भी नागरिक चाहे वो अपने सुझाव दे सकते हैं। चाय पर चर्चा के बाद सांसद ने बताया कि आज से उन्होंने चाय पर चर्चा की एक मुहिम रांची शहर में शुरू की है, जो प्रत्येक रविवार को अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। सांसद ने बताया कि अभी तक उन्होंने रांची के 22 ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है, जहां रविवार की सुबह में चाय पर चर्चा होगी। आज उसकी शुरूआत की गई है और फिर प्रत्येक रविवार को रांची के किसी अन्य मैदान में ऐसे ही नागरिकों के साथ संवाद का कार्यक्रम किया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**देश को 'शॅर्टकट' नहीं, स्थायी विकास की...**

ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाते, जहां आज हैं। देर से ही सही भारत के पास अब यह अवसर आया है। पहले की सरकारों के समय हमारे देश के ईमानदार करदाताओं ने जो टैक्स दिया वो या तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया या फिर वोट बैंक को मजबूत करने में खप गया। अब समय की मांग है कि सरकारी खजाने की पाई-पाई का उपयोग देश की पूंजी युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के निर्माण पर खर्च होनी चाहिए।

**आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया...**

वजह से पूरी अर्थव्यवस्था को तबाह होते देखा है। हमें मिलकर भारत को ऐसे कुनीति से बचाना है। हमें याद रखना है कि एक ओर आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया वाली दिशाहीन कुनीति और सिर्फ स्वार्थ है। वहीं, दूसरी ओर देशहित और समर्पण भाव है। स्थायी विकास और स्थायी समाधान का प्रयास है। आज भारत के युवाओं के पास जो अवसर आया है उसे हम ऐसे ही जाने नहीं दे सकते। मुझे खुशी है कि आज देश में स्थायी विकास और स्थायी समाधान को जनता का समर्थन मिल रहा है। पिछले सप्ताह गुजरात में चुनाव के जो नतीजे आये हैं वो स्थायी विकास और स्थायी समाधान की आर्थिक नीति का परिणाम है।

**जंगली जानवर के हमले में 10 वर्षीय बच्ची...**

थी मगर अभी तक कोई वन विभाग के कर्मी अस्पताल नहीं पहुंचे थे। मौत के बाद चिकित्सकों द्वारा बच्ची का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। दरअसल, लातेहार जिले के औरिया गांव निवासी विष्णु सिंह की 12 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी इन दिनों उक्कामाड़ गांव के पुरानी टोला स्थित अपने फूफा के घर आयी हुई थी। मृतक बच्ची के फूफा दिलीप सिंह ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे किरण दो अन्य लड़कियों के साथ पास की एक दुकान पर कॉपी और पेन लेने गयी थी। अचानक लड़कियों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पकड़ लिया। जब वह वहां पहुंचे तो देखा कि तेंदुए ने बच्ची को पकड़ लिया है। शोर मचाने के बाद भी वह नहीं छोड़ रहा था। बाद में जब अन्य ग्रामीण जमा हुए तो तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया और हमने बच्ची को एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया। देर रात एक बजे इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गयी। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। रविवार सुबह एमआरएमसीएच में बच्ची के शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद वन विभाग ने सरकारी प्रावधानों के तहत 26 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी और कहा कि जल्द ही सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। वनपाल शशांक शेखर पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना में तेंदुए के शामिल होने की बात कही जा रही है।

**गाजर व चुकंदर...**

क्रिया मजबूत होती है। कई बीमारियों से दूर रखता है। तनाव मुक्त रखता है। हीमोग्लोबिन की कमी को पूरा करता है। इसमें कैलोरी कम होता है, इसलिए वजन घटाने में मदद करता है और चयापचय में सुधार करता है। कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम होता है, इसलिए गर्भावस्था के दौरान गाजर का जूस ज्यादा फायदेमंद होता है। इसे पीने से सर्दी-खांसी नहीं होती है।

**18 साल से कम उम्र में सेक्स...**

धारणा यह है कि 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के बीच कोई सहमति नहीं होती है। उन्होंने कहा कि किशोर स्वास्थ्य देखभाल के विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय शोध के मद्देनजर इस मुद्दे को लेकर चिंता बढ़ रही है, जिस पर विधायिका द्वारा विचार किया जाना चाहिए। मुझे इस विषय को यहीं छोड़ देना चाहिए, क्योंकि यह विषय बहुत ही पेचीदा है जैसा कि हम हर रोज अदालतों में देखते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ितों के परिवार पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने में बेहद हिचकिचाते हैं, इसलिए पुलिस को अत्यधिक शक्तियां सौंपने के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधीशों को यह याद रखना चाहिए कि बच्चों के पास वयस्कों की तरह शब्दावली नहीं हो सकती है और वयस्कों की तरह दुर्व्यवहार के विवरण पर चर्चा नहीं कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि 2012 के पॉक्सो कानून पर राष्ट्रीय परामर्श यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### उनादकट की 12 साल बाद टीम इंडिया में वापसी

**मुंबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में चोटिल हुए कप्तान रोहित शर्मा पूरे दौरे से बाहर हो गये हैं। टेस्ट टीम में उनकी जगह अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल कर लिया गया है। चोट के कारण ही मोहम्मद शमी भी बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गये। उनकी जगह जयदेव उनादकट को शामिल किया गया है। वहीं, लंबे समय से चोटिल जडेजा के रिप्लेसमेंट के रूप में स्पिन ऑलराउंडर सौरभ कुमार को टीम में चुना जा सकता है। बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसम्बर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए जयदेव उनादकट मोहम्मद शमी का स्थान लेंगे। 12 साल बाद टीम इंडिया में उनकी वापसी हो रही है। जयदेव उनादकट ने 2010 में भारत के लिए एकमात्र टेस्ट दक्षिण अफ्रीका में खेला था और इसके बाद उन्हें मौका नहीं मिला। क्रिकेट की एक वेबसाइट के मुताबिक सौराष्ट्र के गेंदबाज जल्द ही चटोग्राम में टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे। जयदेव उनादकट चोट की वजह से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल किये जानेवाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा की जगह पर शुक्रवार को अभिमन्यु ईश्वरन को चटोग्राम बुलाया गया था।

### डेविड वॉर्नर के समर्थन में उतरे चैपल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कभी अपने खिलाड़ियों के हितों की रक्षा नहीं की और डेविड वॉर्नर ने उन पर लगे कप्तानी प्रतिबंध पर कड़ी प्रतिक्रिया करके अधिकारियों की अपना बचाव करने की प्रवृत्ति का खुलासा किया। वॉर्नर ने बुधवार को उनकी कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को हटाने की अपील वापस ले ली। उनका कहना था कि समीक्षा पैनल उन्हें सार्वजनिक शर्मिंदगी से गुजारना चाहता है और वह नहीं चाहते कि उनका परिवार क्रिकेट की गंदी लॉन्ड्री के लिए वाशिंग मशीन बने। माइकल क्लार्क सहित कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने वॉर्नर का समर्थन किया था और अब इस कड़ी में चैपल का नाम भी जुड़ गया है। चैपल ने अपने कॉलम में लिखा कि मुझे तब अच्छा नहीं लगा जब डेविड वॉर्नर ने अपने पर लगे कप्तानी प्रतिबंध की समीक्षा करने के आग्रह को वापस लेने का फैसला करते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि डेविड वॉर्नर का उनके हितों को लेकर अधिकारियों पर भरोसा नहीं था। वॉर्नर का यह बुद्धिमता पूर्ण फैसला था, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया केवल अपने हितों की रक्षा करता है खिलाड़ियों के नहीं।

### बालिका टीम में तमिलनाडु ने जीता टेनिस का खिताब

**लखनऊ (एजेंसी)।** तमिलनाडु ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ बालिका वर्ग की टीम इवेंट की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा बरकरार रखा। गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में तमिलनाडु ने मेजबान उत्तर प्रदेश की लड़कियों को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से मात दी। बालिका टीम इवेंट के फाइनल में पहला मुकाबला युगल वर्ग का खेला गया। मुकाबले में तमिलनाडु की सुष्मिता व नरमुगई ने यूपी की सासा कटियार व शक्ति मिश्रा को 3-1 (2-4, 4-0, 4-2, 5-3) से हराया। टीम इवेंट के दूसरे एकल मुकाबले में तमिलनाडु की रागाश्री ने उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय को 3-2 (1-4, 4-1, 8-6, 7-9) से हराया। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 2-0 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। इसके अलावा दूसरे सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराया था। बालिका वर्ग का कांस्य पदक गुजरात व छत्तीसगढ़ की टीम ने साझा किया।

# बिरसा मुंडा को समर्पित देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार

## 13 जनवरी को खेला जायेगा वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला

**राउरकेला (एजेंसी)।** झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। इसे झारखंड से 160 किमी. दूर ओडिशा के राउरकेला में बनाया गया है। 15 एकड़ में फैले इस स्टेडियम में नये साल में 13 जनवरी को हॉकी वर्ल्ड कप के तहत पहला मुकाबला खेला जायेगा। बता दें कि यह दुनिया का पहला इको फ्रेंडली और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है।

**स्टेडियम की खासियत :** स्टेडियम के खासियत की बात करें तो यह स्टेडियम 15 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें लगभग 20 हजार दर्शक बैठ सकते हैं। यहां हर सीट की बनावट ऐसी है कि दर्शक दुनिया



के किसी भी स्टेडियम के मुकाबले पिच के ज्यादा करीब होंगे। स्टेडियम में प्रैक्टिस पिच और चेंजिंग रूम को जोड़ने के लिए एक टनल है। फिटनेस सेंटर, रिकवरी केंद्र और पिच के पास हाइड्रोथेरेपी पूल बनाया गया है। इससे जुड़े दो होटल हैं, जहां खिलाड़ियों के रूकने का इंतजाम किया जायेगा। स्टेडियम एंटी अर्थ क्विक, यानी भूकंप रोधी है। अंदरूनी हिस्से की शीतलता के लिए 250 एचपी डक्टेबल एसी यूनिट लगाया जा रहा है, जो मौसम को अनुकूल बनाये रखेगा।

**ओडिशा दूसरी बार करेगा मेजबानी :** देश में इससे पहले 1982 (मुंबई), 2010 (दिल्ली) और 2018 (ओडिशा) में हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन हो चुका है। भारत में अब चौथी बार वर्ल्ड कप हॉकी हो रही है।

# शादी की 5वीं सालगिरह पर विराट ने लुटाया अनुष्का शर्मा पर प्यार

## खास अंदाज में दी लेडी लव को बधाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा की शादी की 5वीं सालगिरह पर किंग कोहली ने अपनी लेडी लव पर प्यार लुटाया है। कोहली ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'अनंत काल की इस यात्रा पर पांच साल। मैं तुम्हें पाकर धन्य हूं, मैं आपको पूरे दिल से प्यार करता हूं।' विराट और अनुष्का ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद 11 दिसम्बर 2017 को एक-दूसरे से इटली में जाकर शादी रचायी थी। अनुष्का शर्मा ने भी शादी की सालगिरह पर विराट के साथ बिताये इन सालों को बड़े ही खास अंदाज में बताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर विराट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें अनुष्का ने हर फोटो के बारे में विस्तार से बताया है कि विराट उनके लाइफ क्या मायने रखते हैं। विराट और अनुष्का एक बच्ची के पिता भी हैं। उनकी बेटी का नाम वमिका है।

**बांग्लादेश दौरे पर हैं विराट :** विराट कोहली इस समय बांग्लादेश दौरे पर हैं। कोहली ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने आखिरी मुकाबले में शानदार 113 रनों की पारी खेली। साल 2019 के बाद से कोहली का वनडे क्रिकेट में यह पहला शतक भी था। लगभग तीन साल के बाद कोहली के शतकों का सूखा खत्म हो गया है। विराट का वनडे में 44वां शतक भी था। इसके साथ ही विराट ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़कर अब सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में भी दूसरे स्थान पर आ गये हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे 100 शतक लगाने का कारनामा सचिन तेंदुलकर किया है। वहीं, रिकी पोंटिंग के नाम कुल 71 शतक है।

### टेस्ट सीरीज में विराट कोहली करेंगे कमाल

**विराट** कोहली वनडे सीरीज के बाद टीम इंडिया के लिए टेस्ट में भी मैदान पर उतरेंगे। टेस्ट क्रिकेट में भी कोहली लंबे समय से शतक नहीं लगा पाए हैं। उन्होंने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ ही साल 2019 में टेस्ट शतक लगाया था। ऐसे में उम्मीद की जा रही होगी कि वह लाल गेंद क्रिकेट में अपने मौजूदा फॉर्म को जारी रखें।

# इंग्लैंड को 2-1 से हराकर विश्व कप के सेमीफाइनल में फ्रांस

## फीफा वर्ल्ड कप - 2022 ○ सेमीफाइनल में मोरक्को से होगा फ्रांस का मुकाबला

**कतर (एजेंसी)।** ओलिवियर गिरोड के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने शनिवार को यहां इंग्लैंड को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गिरोड ने अल बायत स्टेडियम में 78वें मिनट में फ्रांस के लिए दूसरा और निर्णायक गोल दागा। इससे फ्रांस अब ब्राजील के बाद लगातार दो विश्व कप जीतनेवाली दूसरी टीम बनने से अब केवल दो जीत दूर है। ब्राजील में 1958 और 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। गिरोड ने तब खुशी में तेज दौड़ लगायी जब उनका हेडर इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाकर गोल पोस्ट के अंदर घुसा। इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन को इसके बाद बराबरी का मौका मिला, लेकिन पेनल्टी पर उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर



से बाहर निकल गया। यह केन की दूसरी पेनॉल्टी थी। इससे पहले 54वें मिनट में उन्होंने पेनॉल्टी को गोल में बदलकर इंग्लैंड को बराबरी दिलायी थी। ऑरेलियन टचौमेनी ने 17वें मिनट में फ्रांस की तरफ से पहला गोल किया था। फ्रांस बुधवार को होनेवाले सेमीफाइनल में मोरक्को का सामना करेगा जिसने पुर्तगाल को एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में 1-0 से हराया। मोरक्को विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। इंग्लैंड स्कोर 1-1 से बराबर करने के बाद बढ़त लेने की स्थिति में भी दिख रहा था, लेकिन वह गिरोड थे जिन्होंने एंटोनी ग्रीजमैन के क्रास पर गोल करके फ्रांस की तरफ से 53वां गोल दागा जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

फ्रांस की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि रेफरी विल्टन सैंपैयो ने बॉक्स के अंदर स्थानापन्न मैसन माउंट की चुनौती की समीक्षा की जिन्हें थियो हर्नांडेज ने गिरा दिया था। ब्राजील के रेफरी ने इंग्लैंड को पेनॉल्टी दे दी। केन ने जब पहली बार पेनॉल्टी ली थी तो तब वह टोटेनहैम के अपने साथी ह्यूगो लोरिस को छकाने में सफल रहे थे, लेकिन दूसरी बार में उनकी किक क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गयी। इससे जहां इंग्लैंड के समर्थक निराश हो गये, वहीं फ्रांसीसी समर्थक जश्न मनाने लगे। इंग्लैंड को पहली पेनॉल्टी टचौमेनी द्वारा बुकायो साका को गिराने के कारण मिली थी।

### पुर्तगाल का सपना टूटा, रोने लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**दोहा (एजेंसी)।** मोरक्को ने यूसुफ एन नेसरी के दर्शनीय गोल की बदौलत शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में नेसरी ने 42वें मिनट में गोल किया और मोरक्को विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन गई। टीम ने अब तक अपने अभियान के दौरान सिर्फ एक गोल गंवाया है और वह भी कनाडा के खिलाफ आत्मघाती गोल। पहले हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद पुर्तगाल ने दूसरे हाफ में कई मौके बनाये, लेकिन मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो ने बॉल को नेट तक नहीं पहुंचने दिया।

**रोनाल्डो का टूटा सपना :** इस हार के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना भी टूट गया है। पुर्तगाल की इस हार के बाद यह लगभग तय हो गया है कि पांच विश्व कप में गोल दागने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब विश्व कप ट्रॉफी कभी नहीं उठा पायेंगे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहा है। रोनाल्डो का यह पांचवां वर्ल्ड कप था।

# आईपीएल-2023 के शेड्यूल में बड़ा बदलाव

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 16वें सीजन का बिगुल बज चुका है। आईपीएल फ्रेंचाइजी की तरफ से खिलाड़ियों रिटेन और रिलीज करने के बाद अब 23 दिसम्बर को कोच्चि में

- मार्च के बजाय अप्रैल से शुरू होगा टूर्नामेंट
- मार्च में महिला आईपीएल का होगा आयोजन
- 23 दिसम्बर को कोच्चि में मिनी ऑक्शन का होगा आयोजन

आईपीएल 203 के 16वें सीजन के मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जायेगा। पहले बताया गया था कि अगले साल मार्च में आईपीएल-2023 की शुरूआत होगी, लेकिन अब मिनी ऑक्शन से पहले आईपीएल की शुरूआत को लेकर बड़ा अपडेट आया है। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2023 की शुरूआत मार्च से नहीं, बल्कि अप्रैल से होगी, क्योंकि मार्च 2023 में महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही इस आईपीएल के लाइव प्रसारण की डिटेल्स भी आ गई हैं। जानकारी के अनुसार, आईपीएल 2023 यानी 16वें सीजन की शुरूआत एक अप्रैल से होगी। महिला आईपीएल के कारण इस बार आईपीएल की शुरूआत मार्च में नहीं होनेवाली है। बीसीसीआई हेडक्वॉर्टर से आ रही रिपोर्ट के अनुसार, महिला आईपीएल के पहले सीजन की शुरूआत तीन मार्च





से होगी, जो कि 26 मार्च तक खेला जाएगा। तारीखों में टकराव न हो इसे देखते हुए आईपीएल 2023 करीब सप्ताहभर की देरी से शुरू होगा।

**स्टार स्पोर्ट्स और जियो सिनेमा पर लाइव देख सकेंगे मैच :** बता दें कि आईपीएल 2023 के लिए सभी फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों को पहले ही रिटेन और रिलीज कर लिस्ट जारी कर चुकी हैं। अब 23 दिसंबर 2022 को कोच्चि में मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा। मिनी ऑक्शन में कई दिग्गज खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। मिनी ऑक्शन से पहले आईपीएल के लाइव प्रसारण अधिकार को लेकर भी डिटेल्स सामने आ चुकी हैं। आईपीएल 2023 को क्रिकेट फैंस स्टार स्पोर्ट्स के अलग-अलग चैनल पर लाइव देख सकेंगे। जबकि जियो सिनेमा पर लाइव स्ट्रिमिंग की जाएगी।

**इन खिलाड़ियों का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये :** मिनी ऑक्शन में 21 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये है। इनमें बेन स्टोक्स, केन विलियमसन, नाथन कूल्टर-नाइल, क्रिस लिन, टॉम बैंटन, सैम कुरेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, क्रिस जॉर्डन, टाइमल मिल्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट, जेमी ओवरटन, क्रेग ओवरटन, एडम मिल्ने , जिमी नीशम, एंजेलो मैथ्यूज, निकोलस पूरन, रिले रोसौव, रासी वैन डेर डूसन और जेसन होल्डर जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### मिनी ऑक्शन के लिए 991 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन

**आईपीएल** 2023 के मिली ऑक्शन में कुल 991 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें से 714 भारतीय और 277 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों में सर्वाधिक 57 खिलाड़ी अकेले ऑस्ट्रेलिया से हैं। वहीं, साउथ अफ्रीका के 52 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन खिलाड़ियों में 185 कैप्ड और 786 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 419 रन से जीता

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने अपने तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर के तीन-तीन विकेट की मदद से वेस्टइंडीज स्कोर दूसरी पारी में केवल 77 रन पर आउट कर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां 419 रन की बड़ी जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। वेस्टइंडीज ने 497 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 38 रन से आगे बढ़ाई। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पहले सत्र में ही उसके बाकी बचे छह विकेट निकाल



दिये। इस बीच वेस्टइंडीज की टीम केवल 39 रन ही जोड़ पायी। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 164 रन से जीत दर्ज की थी जबकि एडिलेड में उसकी जीत एकतरफा रही। ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैचों में अजेय रिकॉर्ड बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा जिसका पहला मैच शनिवार को ब्रिसबेन में शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन सुबह वेस्टइंडीज की पारी समेटने में देर नहीं लगाई। स्टार्क ने डेवोन थामस (12) को विकेट के पीछे कैच कराकर इसकी शुरूआत की। इस तेज गेंदबाज ने इसके बाद जेसन होल्डर (11) की गिल्लयां बिखेरी। नेसर ने विकेटकीपर अलेक्स कैरी की मदद से रोस्टन चेज (13) और जोशुआ डिसिल्वा (15) को पवेलियन भेजा। नाथन लियोन ने अलजारी जोसेफ को आउट करके टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 450 पर पहुंचाई। नेसर ने मारक्विन्हो मिंडले को विकेट के पीछे कैच कराकर वेस्टइंडीज की पारी का अंत किया। यह कैरी का पारी में छठा कैच था। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 511 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी इस पारी के आकर्षण ट्रेविस हेड (175) और मार्नस लाबुशेन (163) के शतक रहे। लाबुशेन ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में, टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2023 के फाइनल की रेस दिलचस्प हो गयी है। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सफाया कर दिया है, जिसमें कंगारू टीम अब मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। यहां तक कि अगर टीम अगले कुछ मैच जीत जाएगी तो फाइनल में भी प्रवेश कर जाएगी। इससे टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-23 के सत्र की अंकतालिका की बात करें तो इस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम 75 प्रतिशत जीत अंकों के साथ शीर्ष पर विराजमान है, जबकि दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जिसके खाते में 60 प्रतिशत जीत अंक हैं।

वहीं, तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जो 53.33 जीत प्रतिशत बनाए रखी हुई है। भारत की टीम 52.08 जीत प्रतिशत के साथ चौथे नंबर पर है। पांचवें पायदान पर पाकिस्तान की टीम है, जबकि छठे स्थान पर अब इंग्लैंड की टीम ने अपना कदम रख





लिया है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से सीरीज गंवाने के बाद वेस्टइंडीज की टीम छठे से सातवें स्थान पर खिसक गई है। इस समय आठवें स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम है, जबकि सबसे आखिरी पायदान पर बांग्लादेश की टीम विराजमान है। मौजूदा समय में टॉप 4 टीमों के बीच फाइनल की रेस छिड़ी हुई है। हालांकि, साउथ अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया (3 मैचों की सीरीज) टेस्ट सीरीज और फिर भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया (4 मैचों की सीरीज) टेस्ट सीरीज से फैसला होगा कि कौन सी टीम फाइनल में प्रवेश करेगी।

हालांकि, अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम साउथ अफ्रीका को 3-0 या 2-0 या 2-1 से हराने में सफल होती है तो निश्चित रूप से फाइनल की दावेदार होगी। वहीं, टीम इंडिया को बांग्लादेश के खिलाफ दो मैच और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज में सफाया करना होगा। इसके बावजूद टीम का जीत प्रतिशत 70 से कम होगा, लेकिन उस स्थिति में साउथ अफ्रीका की टीम को भारत जीत प्रतिशत के हिसाब से मात दे सकता है और भारत अगले साल इंग्लैंड में होने वाले फाइनल में प्रवेश कर सकता है, लेकिन फिलहाल कुछ भी कहना तुक्केबाजी जैसा होगा।

